रजिस्ट्री सं० डी-(डी)-73

REGISTERED NO D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 20, 1976 (कार्तिक 29, 1898)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 20, 1976 (KARTIKA 29, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग III—खण्ड 4

PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies

कार्यालय प्रबन्धक विभाग

सूचना

नई दिल्ली, दिनांक 10 नवम्बर, 1976

सं० ओ० एम० डी०/8663—

(1) श्री एन० पी० थरेजा, स्टाफ अधिकारी श्रेणी-III के स्थान पर श्री एस० एल० सिक्का स्टाफ अधिकारी ने 10 जून, 1974 के प्रारम्भ से प्रबन्धक क्षेत्रीय लेखन सामग्री विभाग का कार्यभार सम्भाला ।

(2) श्री यू० आर० सोनी, स्टाफ अधिकारी श्रेणी I के स्थान पर श्री टी० डी० चावला, स्टाफ अधिकारी, श्रेणी 1 ने 13 अक्तूबर, 1975 के प्रारम्भ से मुख्य सतर्कता अधिकारी का कार्यभार सम्भाला ।

(3) श्री ए० के० भट्टाचार्य स्टाफ अधिकारी श्रेणी I के स्थान पर श्री बी० एल० चड्ढा स्टाफ अधिकारी श्रेणी I ने 19 अक्तूबर, 1976 (प्रारम्भ) से क्षेत्रीय प्रबन्धक क्षेत्र V का कार्यभार संभाला ।

के० एस० टी० पानी
महाप्रबन्धक योजना

भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली, दिनांक 10 अक्तूबर, 1976

सं० 8 सी० ए० (1)/13/76-77:—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नामों के आगे दी गई तिथि से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :

क्रम सं०	सं० सं०	नाम व पता	तिथि
1	2	3	4
1.	11859	श्री एस० बी० जोशी, ए०-सी० ए०, 12, पुष्पा मंगल बिल्डिंग, 1631, सदाशिव पेथ, पूनना-411030	1-7-1976
2.	15153	श्री पी० एन० शाह, ए० सी० ए०, केयर सी० एस० शाह "श्रीयश" लाम्बा पाडास पोल, रायपुर दरवाजा अहमदाबाद ।	1-7-1976
3.	16060	श्री बी० के० राये, ए० सी०-ए० केयर बानगासरी, स्टेशन रोड, सोदीपुर, 24 परगनास ।	1-7-1976
4.	16069	श्री ए० के० त्रिवेद्री, ए० सी० ए०, असिस्टैन्ट अकूण्टस आफीसर, अकुन्टस डिपार्टमेंट टेलको, जमशेदपुर-831010 ।	1-7-1976

1	2	3	4
5.	16231	श्री एस० लक्ष्मीनारयणन ए० सी० ए० केयर इन्टरनेशनल बूक हाउस प्राइवेट लिमिटेड, इण्डियन मरकनटाईल मेन्सन, (एल्सटेन्सन) माडामी कामा रोड, बम्बई-39	1-7-1976
6.	17317	श्री एस० एम० मेत्रा ए० सी० ए०, 6, देशबन्धु रोड, बघाजे-टिन पी० ओ० गरिया, जि० 24 परगनास (वेस्ट बंगाल)	1-7-1976
7.	17469	श्री एस० सी० गुप्ता ए० सी० ए० 417, लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली-110023	1-7-1976
8.	50012	श्री कैन्हया सिंह ए० सी० 7, शम्भू चेटरजी स्ट्रीट कलकत्ता-700007	15-10-1976 28-2-1976

नई दिल्ली, दिनांक 29 अक्तूबर, 1976

सं० 4 सी० ए० (1)/22/76-77:—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (ख) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से निम्नलिखित सदस्यों की अपनी प्रार्थना पर प्रत्येक के आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सं० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	601	श्री ए० वी० देश पांडे, 96, पारीजात, मेरीन ड्राईव बम्बई। 400003	3-6-1976
2.	6882	श्री के० सिकारामाकृष्णन क्षी शंकर एण्ड को० 22, सक्करना-मलूघाट अग्राहाम, सेलाम-1	13-10-1976

पी० एस० गोपालाकृष्णन, सचिव

गुजरात प्रादेशिक कार्यालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

अहमदाबाद, दिनांक 2 नवम्बर, 1976

सं० जी०/ ए० डी० एम०/228 (कोन्स्टी)/76:—अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) 1950, विनियम 10 (अ) के अन्तर्गत इस कार्यालय की अधिसूचना क्रमांक जी० /ए० डी० एम० /228 (कोन्स्टी) / 74 दिनांक 26-6-1974 से पुनर्गठित की गई स्थानीय समिति केम्बे का निम्नांकित सदस्यों की नियुक्ति के साथ दिनांक 2 नवम्बर, 1976 से पुनर्गठन किया जाता है।

1. उप-जिलाधीश, पेटलाद।	अध्यक्ष ।
2. शासकीय श्रम अधिकारी, नडीयाद।	गुजरात सरकार द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि ।
3. शासकीय तबीब अधिकारी कामदार राज्य बीमा योजना, डी०-1, पेटलाद	निदेशक, तबीबी सेवाएं/ कामदार राज्य बीमा योजना अहमदाबाद-14 द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि ।
4. श्री ईरधुपंयी, कार्य व्यवस्थापक, राज प्रकाश स्पीनिंग मिल्स लि०, केम्बे।	नियोक्ता, के प्रतिनिधि
5. श्री विपक नान्वे, कार्य व्यवस्थापक, पुनिलाल फाउन्ड्री एण्ड इंजीनियरिंग कं०, कन्सारी रोड, केम्बे।	,, ,,
6. श्री परमानन्द सोमालाल शाह मंत्री, टैक्सटाईल लेबर यूनियन, स्टेशन रोड, केम्बे।	श्रमिक प्रतिनिधि ।
7. श्री बाबुराव रामराव नहाटे, मंत्री, केम्ब टेक्सटाईल मजदूर यूनियन, शासक कांग्रेस, रुबी हाउस, स्टेशन रोड, केम्बे।	,, ,,
8. व्यवस्थापक, स्थानीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम केम्बे।	मंत्री ।

क्र०/ जी०/ ए० डी० एम०/233(कोन्स्टी) /76 :—अधिसूचित किया जाता है कि कि कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) नियमन, 1950, विनियम 10 (अ) के अन्तर्गत इस कार्यालय की अधिसूचना क्रमांक जी०/ए० डी० एम०/233 (कोन्स्टी)/76 दिनांक 14-12-1973 से पुनर्गठन की गई स्थानीय समिति मोरबी का निम्नांकित सदस्यों की नियुक्ति के साथ दिनांक 2 नवम्बर, 1976 से पुनर्गठन किया जाता है।

1. उप-जिलाधश, मोरबी।	अध्यक्ष
2. शासकीय श्रम अधिकारी, राजकोट।	गुजरात सरकार द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि ।
3. बीमा तबीब अधिकारी, कामदार राज्य बीमा योजना, डी०-1, मोरबी।	निदेशक, तबीबी सेवाएं, दार राज्य बीमा योजना, अहमदाबाद-14 द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि ।
4. श्री एन० बी० वोरा, फैक्टरी मैनेजर, अरुणोदय मिल्स लिमिटेड, पोस्ट बाक्स नं० 40 मोरबी।	नियोक्ता के प्रतिनिधि ।
5. श्री एस० एल० हारदिकर कर्नाटक अधिकारी, श्री परंशुराम पोर्टरी वर्क्स कं० लि० मोरबी-2	
6. श्री जगजीवन त्रिभोवन व्यास (मोरबी टक्सटाईल वर्क्स यूनियन के प्रतिनिधि), कमरा नं० 3, गुजरात हाउसिंग बोर्ड कोलोनी, मोरबी।	श्रमिक प्रतिनिधि ।
7. श्री मादवजी भाई एम० पटेल द्वारा मजूर महाजन संघ अध्वास मझील, मोरबी।	
8. व्यवस्थापक, स्थानीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम मोरबी।	मंत्री ।

आज्ञा से

एस० सहाय

प्रादेशिक निदेशक एवं मंत्री, गुजरात प्रादेशिक मण्डल, कर्मचारी राज्य बीमा निगम अहमदाबाद-14

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

28वीं वार्षिक रिपोर्ट

नई दिल्ली, दिनांक 30 जून, 1976

सूचना

सूचना दी जाती है कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारियों (शेयरहोल्डरों) को अट्ठाईसवीं वार्षिक साधारण सभा, बृहस्पतिवार, दिनांक 23 सितम्बर, 1976 को सायंकाल 4.00 बजे (मानक समय) होटल इम्पोरियल, जनपथ, नई दिल्ली में होगी, जिसमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जायेगी :—

(1) 30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष का निगम का तुलन-पत्र तथा लाभ-हानि लेखा, वर्ष के दौरान निगम के कार्य के सम्बन्ध में बोर्ड की रिपोर्ट और उक्त तुलन-पत्र और लेखों के सम्बन्ध में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट का वाचन तथा उस पर विचार।

(2) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (3) में उल्लिखित पार्टियों, अर्थात अनुसूचित बैंकों बीमा कम्पनियों, अनवेशन्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय सस्थानों तथा सहकारी बैंकों द्वारा मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, बम्बई के स्थान पर कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का पहला) की धारा 226 के अन्तर्गत कम्पनियों के लेखा परीक्षकों के रूप में कार्य करने के लिए विधिवत् अर्हता प्राप्त एक लेखा परीक्षक को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अन्तर्गत चुनना। मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी इस वर्ष के अन्त में कार्य-निवृत्त हुए हैं, पर वे फिर से चुने जा सकते हैं।

आर० वी० माथुर
महाप्रबन्धक

दिनांक 2 जुलाई, 1976

संचालक बोर्ड

बलदेव पसरीचा
अध्यक्ष
आर० वी० रमन
एम० के० वेंकटाचलम
केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित
सी० एस० वेंकटराव
विष्णु बनर्जी
सी० टी० दास
प्रो० डी० टी० लक्कड़ वाला
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित
ए० बी० मजुमदार
बी० के० बोरा

अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिये निर्वाचित
आर० एम० मेहता
बी० सी० रणदेरिया

बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने के लिये निर्वाचित
शामराव कदम
जसभाई यू० पटेल

सरकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिये निर्वाचित
बैंकर्स
भारतीय रिजर्व बैंक

लेखा परीक्षक
मैं० ए० एफ० फर्गूसन एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल
मैं० हरिभक्ति एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल
रसायन प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग
बलदेव पसरीचा, अध्यक्ष
आर० एम० मेहता
बी० के० बोरा
एस० पी० वर्मा
एन० सी० कृष्णामूर्ति
पी० जयन्था राव
के० सी० शर्मा
सी० जे० दादाचान्जी
आर० बी० रमानी
जयन्त जे० मेहता
डी० एम० त्रिवेदी
ए० सोधारमैया

इंजीनियरिंग
बलदेव पसरीचा, अध्यक्ष
विष्णु बनर्जी
सी० टी० दास
डी० टी० लक्कड वाला

एस० के० सिन्हा
हरि भूषण
एन० के० मित्रा
एस० आर० टाटा
प्राणलाल पटेल
पी० आर० देशपांडे
वी० डी० पंड्या
डी० एस० मुल्ला
एन० टी० गोपाला आयगर
के० वी० राव

वस्त्र

बलदेव पसरीचा, अध्यक्ष
विष्णु बनर्जी
आर० एम० मेहता
शामराव कदम
ए० दास
के० आई० नरसिम्हन
एम० एस० गिल
प्रफुल्ल अनुभाई
एस० ए० खेर
टी० एन० शर्मा
एन० एस० शर्मा
आई० वी० दत्त
सलाहकारी
समितियां

चीनी

बलदेव पसरीचा, अध्यक्ष
शामराव कदम
जसभाई यू० पटेल
एस० वी० सम्पथ
एम० एस० गिल
डी० श्रीधरन
ए० दास
एन० ए० रमैय्या
पी० एस० राजगोपाल नायडू
एस० एन० गुडूराव
एम० लक्ष्मीकान्तम
किशन सिंह

होटल

बलवेस पसरीचा, अध्यक्ष
सी० टी० दास
बी० के० वोरा
वी० एस० गिडवानी
एम० एस० सेठी
मि० थंगम ई० फिलिप
नारी एच० दस्तूर
जे० टी० सतारावाला
पेसी एम० शा
दुलीप सी० मथई
अजीत केरकर

पटसन

बलदेव पसरीचा, अध्यक्ष
विष्णु बनर्जी
एस० एन० चक्रवर्ती
के० रामानुजम्
एस० एन० अग्रवाल
गौतम उकिल
एस० पी० सेन गुप्ता
गौरीलाल मेहता
एल० एम० रोय

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की रूपरेखा

निगमन और प्रयोजन

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना भारतीय संसद के अधिनियम के अन्तर्गत 1948 में हुई। इसका उद्देश्य भारत में औद्योगिक संस्थाओं को मध्यम और दीर्घ-कालीन वित्तीय सहायता उपलब्ध करना है।

पूंजी

इस समय इसकी प्रदत्त पूंजी (पेडअप कैपीटल) 20.00 करोड़ रुपये है, जिसका 50 प्रतिशत रुपया अनुसूचित बैंकों, हे सहकारी बैंकों, बीमा संस्थाओं और निवेश-न्यासों आदि के द्वारा लगाया गया है।

प्रबन्ध

संचालक बोर्ड में एक पूर्णकालिक (होल टाइम) अध्यक्ष और बारह संचालक हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से परामर्श करके केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाती है। दो संचालक केन्द्रीय सरकार तथा चार संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित किये जाते हैं। छः संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न अंश-धारियों द्वारा चुने जाते हैं।

कार्य और उधार नीतियां :

भारत में पूंजीकृत ऐसी कोई भी लिमिटेड कम्पनी या सहकारी समिति, जो माल के निर्माण, परिरक्षण या अभि-संस्कार (प्रोसेसिंग) में अथवा नौपरिवहन, खनन या होटल उद्योग में अथवा बिजली या अन्य किसी प्रकार की शक्ति के जनन या वितरण में लगी हुई हो या लगने का विचार करती है निगम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं भी जो पब्लिक लिमिटेड कम्पनियां हैं, गैर सरकारी क्षेत्र की औद्योगिक परियोजनाओं के समान ही सहायता प्राप्त कर सकती हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा अधि-सूचित कम विकसित राज्यों/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में औद्यो-गिक परियोजनाएं लगाने के लिये वित्तीय सहातया रियायती

दर पर उपलब्ध हैं। यह सहायता विभिन्न रूपों में हो सकती है जैसे रुपये और विदेशी मुद्रा का दीर्घकालीन ऋण, जारी किए गये साधारण (इक्विटी) और अधिमान शेयरों या डिबेंचरों की हामीदारी (अंडर राइटिंग), साधारण, अधिमान और डिबेंचर पूंजी का अभिदान, विदेशों से आयात की गई या भारत में खरीदी गई मशीनरी के लिये आस्थगित अदायगी (डेफर्ड पेमेन्ट) गारंटी और विदेशी वित्तीय संस्थानों से विदेशी मुद्रा के रूप में लिए गए ऋणों की गारंटी। निगम के द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता का उद्देश्य नई औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करना और वर्तमान परियोजनाओं का नवीकरण, आधुनिकीकरण, विस्तार या विशाखन (डाइवर्सिफिकेशन) करना है।

निधियों के स्रोत

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को निधियों के मुख्य स्रोत इसकी अपनी पूंजी, संचित आय, दिये गये ऋणों की वापसी (रिपेमेंट) और निवेशों की बिक्री के अतिरिक्त बांड जारी करके बाजार से रुपया उधार लेना और केन्द्रीय सरकार से ऋण लेना एवं विदेशी ऋण हैं।

कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(रुपये, करोड़ों में)

	1975-76			1948-76		
	मंजूरियां		संवितरित रकम	मंजूर की गई रकम	संवितरित रकम	30 जून, 75 को बकाया रकम
	संख्या	रकम				
ऋण						
रुपया	93	45.85	38.58	396.41	350.64	218.06
विदेशी मुद्रा	20	3.83	2.99	61.45	51.67	26.51
जोड़	113	49.68	41.57	457.86	402.41	244.57
हामीदारियां						
साधारण शेयर . . .	40	3.16	1.34	21.90	10.88	8.20
अधिमान शेयर . . .	6	0.43	0.12	9.70	7.27	4.90
डिबेंचर	—	—	—	10.13	8.55	3.47
जोड़	46	3.59	1.46	41.73	26.70	16.57
प्रत्यक्ष अभिदान						
साधारण शेयर . . .	4	0.26	0.87	3.37	2.09	3.32*
अधिमान शेयर . . .	2	0.07	0.07	0.32	0.30	0.82*
डिबेंचर	1	1.00	—	2.82	1.82	0.17
जोड़	7	1.33	0.94	6.51	4.21	4.31
गारन्टियां						
आस्थिगित अदायगियों के लिये . .	—	—	—	28.87	28.76	2.40
विदेशी ऋणों के लिये . . .	—	—	—	23.83	23.33	3.10
जोड़	—	—	—	52.70	52.09	5.50
कुल जोड़ . . .	166@	54.60	43.97	558.80	485.41	270.95

* इसमें 5 संस्थाओं के 0.87 करोड़ रुपय के बकाया ऋणों का भाग (अतिदेय ब्याज आदि) सम्मिलित है जिन्हें शेयरों में बदला गया, तथा दो संस्थाओं के 0.16 करोड़ रुपये के संपरिवर्तनीय डिबेंचर सम्मिलित हैं, जिन्हें साधारण शेयरों में बदल दिया गया और नौ संख्याओं के 0.84 करोड़ रुपये की बकाया ऋण राशि भी शामिल है, जिसमें ऋण मंजूर करते समय संपरिवर्तन के अधिकार से सम्बन्धित शर्तें लगाई गई थी।

* ये मंजूरियां 107 संख्याओं को मंजूर की गई।

सहायता का प्रसार

30 जून, 1976 को

मंजूर राशि (करोड़ रुपये)	परियोजनाओं की संख्या	उद्योग	राज्य-/क्षेत्र	मंजूर राशि (करोड़ रुपये)	परियोजनाओं की संख्या
		चीनी :	आन्ध्र प्रदेश	37.78	57
106.39	105	सहकारिताएं	असम	11.01	10
15.18	26	अन्य	बिहार	26.83	33
			गुजरात	37.31	58
121.57			हरियाणा	22.29	46
		रसायनों :	हिमाचल प्रदेश	1.19	5
32.47	14	उर्वरक	जम्मू और कश्मीर	0.40	1
31.49	33	मूल रसायन	कर्नाटक	40.32	67
22.25	26	कृत्रिम रेशे तथा रेसिन्ज	केरल	18.59	25
7.34	26	अन्य रसायन	मध्य प्रदेश	13.34	20
			महाराष्ट्र	114.68	161
93.55			मेघालय	2.84	2
		वस्त्र :	नागालैण्ड	0.50	1
62.18	121	सूती	उड़ीसा	13.75	17
7.46	14	पटसन	पंजाब	11.78	20
69.64			राजस्थान	21.71	19
			तमिलनाडु	72.40	81
39.9	58	लोहा तथा इस्पात	उत्तर प्रदेश	57·98	74
33.53	38	कागज	पश्चिम बंगाल	44.62	84
30.40	12	अलौह धातुएं	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	0.11	1
27.35	61	मशीनरी	दिल्ली	4.42	5
26.60	28	सीमेन्ट	गोआ	4.35	6
23.62	19	रबर उत्पाद	पांडिचेरी	0.60	1
20.97	38	परिवहन उपस्कर			
18.49	45	बिजली मशीनरी तथा उपस्कर			
12.66	34	धातु उत्पाद			
9.67	21	होटल			
31.66	75	अन्य			
558.80	794	जोड़	जोड़	558.80	794

वित्तीय सार

30 जून 1976 को	करोड़ रुपये	अमेरिकन डालर समकक्ष*
पूंजी तथा रिजर्व अधिकृत पूंजी .	20.00	26.67
प्रदत्त पूंजी . .	10.00	13.33
रिजर्व . . .	24.16	32.21
प्रदत्त पूंजी और रिजर्व .	34.16	45.54
उधार		
बांड . . .	146.44	195.25
विदेशी वित्तीय संस्थानों से .	21.97	29.29
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से	5.00	6.67
सरकार से के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के ब्याज से अन्तरजन्य निधियों के अधीन .	0.90	1.20
अन्य ऋण . . .	55.64	74.19
कुल उधार . . .	229.95	306.60
आय 1975-76		
सकल आय . .	19.58	26.11
कराधान से पहले सकल लाभ .	4.18	5.57
कराधान के लिये व्यवस्था .	1.48	1.97
निवल लाभ . .	2.70	3.60
अधिलाभांश . .	0.60	0.80

*रुपयों का सम्परिवर्तन 7.50 रु० प्रति डालर की दर से किया गया ।

वर्ष की समीक्षा

संचालक बोर्ड, जून 30, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिये परीक्षित लेखा विवरण के साथ निगम के कार्य संचालन के बारे में अपनी अट्ठाईसवीं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

2. वर्ष के दौरान देश की अर्थ-व्यवस्था में प्रत्याशा की झलक दिखाई दी । उत्पादन में समग्र रूप से सुधार हुआ, विशेष कर अर्थ-व्यवस्था के आधारभूत क्षेत्रों में जैसे कृषि, उद्योग तथा बिजली कीमतों में गिरावट आई तथा औद्योगिक सम्बन्धों में सुधार हुआ। वर्ष के दौरान सरकार द्वारा एक तरफ तो आर्थिक अनुशासन पैदा करने के लिये तथा मुद्रास्फीति की ताकतों का प्रतिरोध करने के लिये तथा दूसरी तरफ से निर्यात वृद्धि करने के लिये दृढ़ कदमों ने देश के समग्र वातावरण को विकास की दिशा में बदल दिया है। जोकि अब उत्पादन की त्वरित गति के लिये बहुत साधक है। योजना निवेशों में उल्लेखनीय वृद्धि करने के लिये भारतीय अर्थ-व्यवस्था तैयार है। अदृश्य घटनाओं, को छोड़ कर आशा की जा सकती है कि कृषि तथा उद्योग की विकास दर संतोषजनक रहेगी। जुलाई, 1975 में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आर्थिक कार्यक्रम ने अर्थ-व्यवस्था को उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान की है और सामाजिक न्याय के साथ प्रगति के लिए रूप रेखा दी है। कुछ उद्योगों, विशेषकर सूती वस्त्र, पटसन, आटोमोबाइल तथा टिकाऊ उपभोक्ता पदार्थों का स्वास्थ्य आंशिक रूप से नियंत्रण से बाहर कारणों से चिंता का विषय रहा है लेकिन शीघ्र ही इन उद्योगों का स्वास्थ्य सामान्य हो जायेगा। आशा की जाती है कि अर्थ-व्यवस्था के नये परिमाप में ढलने और सरकार द्वारा स्थिति को सुधारने के लिये किए गए विभिन्न उपायों को देखते हुए इसी बात को ध्यान में रखकर निगम सहित देश के विकास बैंकों के पिछले साल के कार्यों का मूल्यांकन करना होगा।

वर्ष के दौरान कार्यों की समीक्षा

3. वर्ष के दौरान निगम ने 54.84 करोड़ रुपये की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की तथा रद्द की गई 0.24 करोड़ रुपये की मंजूरियों का गणन करने के बाद निवल वित्तीय सहायता की राशि 54.60 करोड़ रुपये है जो 116 परियोजनाओं को दी गई जोकि पिछले वर्ष की 36.86 करोड़ रुपये की कुल मंजूरियों की तुलना में 48.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष जिन परियोजनाओं की सहायता का अनुमोदन किया गया था उनकी पूंजीगत लागत 486.66 करोड़ रुपये थी और इस वर्ष सहायता मंजूर की गई परियोजनाओं की पूंजीगत लागत 609.45 करोड़ रुपये है ।

4. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संवितरित वित्तीय सहायता पिछले वर्ष के 37.42 करोड़ रुपये की तुलना में 43.97 करोड़ रुपये थी जोकि पिछले साल से 17.5 प्रतिशत अधिक रही । उल्लेखनीय बात यह कि 1948 में निगम की स्थापना से लेकर वर्ष के दौरान सबसे अधिक मंजूरियां की गई तथा संवितरण हुआ।

5. वर्ष के दौरान जिन 116 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई उनमें से 54 परियोजनाएं अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थित थीं। इन परियोजनाओं को 26.22 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जोकि कुल मंजूर सहायता का 48.0 प्रतिशत है।

6. वर्ष के दौरान विभिन्न उद्योगों की परियोजनाओं को दी गई सहायता का ब्यौरा वित्तपोषित परियोजनाओं के संक्षिप्त विवरण सहित परिशिष्ट 'क' में दिया गया है ।

प्राथमिकता उद्योगों को सहायता

7. वर्ष के दौरान, उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता उद्योगों की परियोजनाओं जैसे, चीनी, वस्त्र, सीमेंट, और कागज को 27.78 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जोकि कुल मंजूरियों का 50.9 प्रतिशत है।

इसके अतिरिक्त मूल, चरम और सामरिक महत्व के उद्योगों की कुल मंजूरियों का 27.9 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। यह पांचवीं योजना की पहुंच के संदर्भ, अर्थात् भविष्य में राष्ट्रीय व्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण मूल, उद्योग, इन मूल उद्योगों से

प्रत्यक्ष सम्बन्ध रखने वाले उद्योग, दीर्घकालीन निर्यात क्षमता वाले उद्योग, जिनका उल्लेख भारत सरकार के औद्योगिक विकास मंत्रालय द्वारा औद्योगिक नीति : सरकारी निर्णयों पर जारी की गई 2 फरवरी, 1973 की अधिसूचना में किया गया है । उपरोक्त दोनों प्रकार के राष्ट्रीय महत्व के उद्योगों को कुल मंजूरियों का लगभग 79 प्रतिशत भाग मिला । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता के उद्योगों और मूल, चरम तथा सामरिक महत्व के उद्योगों की परियोजनाओं को मंजूर की गई वित्तीय सहायता एवं संवितरित वित्तीय सहायता का वितरण नीचे सारणी में दिखाया गया है ।

सारणी-1

उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता और मूल, चरम तथा सामरिक महत्व के उद्योगों की मंजूर तथा संवितरित सहायता 1975-76

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	मंजूरियां					संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	कुल मंजूरियों का प्रतिशत	ऋण	हामीदारी/ प्रत्यक्ष अभिदान	जोड़	
1. उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता उद्योग						
चीनी	16	23.3	1257.50	16.34	1273.84	1181.30
सुती वस्त्र	15	11.2	605.64	5.00	610.64	564.83
सीमेंट	4	10.1	550.00	—	550.00	142.00
कागज	8	6.3	309.00	34.50	343.50	189.08
उर्वरक	—	—	—	—	—	65.00
उप-जोड़ I	43	50.9	2722.14	55.84	2777.98	2142.21
II. मूल चरम तथा सामरिक महत्व के उद्योग						
फेरो अलायज	1	0.4	21.25	—	21.25	39.02
इस्पात की ढलवा वस्तुएं	3	3.3	70.00	110.00	180.00	—
विशेष इस्पात	2	2.0	110.00	—	110.00	288.28
वायलर	—	—	—	—	—	75.00
आन्तरिक कम्बूशन इंजन	—	—	—	—	—	5.00
बिजली यंत्र	4	2.9	131.76	26.00	157.76	67.67
वाणिज्यिक वाहन	—	—	—	—	—	50.00
औद्योगिक मशीनरी	6	2.6	122.49	20.00	142.49	70.43
रसायन (उर्वरकों को छोड़कर)	12	7.6	358.92	56.50	415.42	569.13
दवाइयां और औषध	1	3.2	155.00	17.34	172.34	—
आटोमोबाइल टायर और ट्यूब	3	5.3	230.00	60.00	290.00	241.48
कांच की चादर	1	0.6	30.00	5.00	35.00	5.00
मृत्तिका शिल्प	—	—	—	—	—	40.69
कृषि मशीनरी	—	—	—	—	—	58.31
उप-जोड़ II	33	27.9	1229.42	294.84	1524.26	1510.01
III. अन्य उद्योग	40	21.2	1016.44	141.79	1158.23	745.07
जोड़	116	100.0	4968.00	492.47	5460.47	4397.29

निगम की वित्तीयय सहातय का सबसे अधिक लाभ चीनी उद्योग को प्राप्त हुआ। इस उद्योग की 16 परियोजनाओं को 12.74 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जो निवल मंजूर सहायता का 23.3 प्रतिशत थी। इन परियोजनाओं में से 12 सहकारी क्षेत्र की थी। इसके अतिरिक्त 8 परियोजनाएं अधि-सूचित कम विकसित जिलों में स्थित थीं। सहायता की जाने वाली परियोजनाओं में से आसाम औद्योगिक विकास निगम लि० द्वारा प्रवर्तित कच्छार सुगर मिल्स लि० के द्वारा लगाई जा रही है।

यह परियोजना के अनुसार 1250 टन दैनिक गन्ना देने की विस्थापित क्षमता वाली चीनी फैक्टरी लगाई जायेगी और यह असम के एक अधिसूचित कम विकसित जिले कछार में लगाई जा रही है।

सूती वस्त्र उद्योग की 15 परियोजनाओं को 6.11 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई वित्त पोषित परियोजनाओं में से 6 नई परियोजनाएं थीं, 4 विस्तार परियोजनायें थी तथा 4 परियोजनाओं को उनकी आधुनिकीकरण योजनाओं के लिए अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई। एक परियोजना को अति व्यय को पूरा करने के लिये अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई।

निगम ने सीमेंट उद्योग में 4 परियोजनाओं को 5.50 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। मेघालय के एक सरकारी क्षेत्र के उपक्रम मामलू चेरा सीमेंट्स लिमिटेड, जिसे निगम ने पहले भी सहायता प्रदान की थी, को उसकी विस्तार परि-योजना की क्षमता 83,000 टन से 2,83,000 टन प्रति वर्ष बढ़ाने के लिये और सहायता मंजूर की गई। यह परियोजना मेघालय के खासी हिल्स, जिले, जो एक कम विकसित जिला है, में स्थित है। एक दूसरे सरकारी क्षेत्र के उपक्रम, अर्थात् दि उत्तर प्रदेश स्टेट सीमेंट कारपोरेशन लि० को इसकी विस्तार योजना जिसमें इसे नई स्पिलिट लोकोटेड सीमेंट परियोजना की 2 इकाइयों में 16.80 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता से पोर्टलेंड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग सीममेन्ट का उत्पादन करने के लिये सहायता मंजूर की गई। यह परियोजना बोकारो स्टील प्लान्ट के मिश्रित लावे का उपयोग करेगी और आशा है कि इससे प्रति टन सीमेन्ट के लिये कम पूंजी निवेश करना पड़ेगा।

कागज उद्योग की 4 नई परियोजनाओं सहित 8 परि-योजनाओं की 3.44 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। ये नई परियोजनाएं कृषि घास फूंस जैसे अपरम्परागत कच्चे माल का उपयोग करेंगी। निगम द्वारा पहले से ही वित्तपोषित एक संस्था को परियोजना लागत के अति-व्यय को पूरा करने के लिये अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई और एक दूसरी वित्त पोषित संस्था के बारे में पुर्नस्थापना योजना के रूप में सहायता का अनुमोदन किया गया। एक विस्तार योजना को भी सहायता मंजूर की गई।

सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण

8. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, पिछले वर्ष की 18 परि-योजनाओं की तुलना में सरकारी तथा संयुक्त क्षेत्र की 32 परि-योजनाओं को सहायता प्रदान की गई। इन क्षेत्रों को मंजूर की गई सहायता भी पिछले वर्ष की 20.4 प्रतिशत की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कुल मंजूरियां 36.6 प्रतिशत थी।

नीचे सारणी 2 में वर्ष के दौरान मंजूर की गई वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी-2

क्षेत्रवार मंजूर सहायता 197-76

(रुपये, करोड़ों में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर की गई निवल सहायता	कुल का प्रतिशत
सहकारी क्षेत्र .	15	12.33	22.6
सरकारी क्षेत्र .	14	11.72	21.5
संयुक्त क्षेत्र .	18	8.27	15.1
निजी निगमित क्षेत्र	69	22.28	40.8
जोड़ .	116	54.60	100.0

औद्योगिक सहकारिताओं को सहायता

9. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सहकारी क्षेत्र की 7 अधि-सूचित कम विकसित जिलों की परियोजनाओं सहित, 15 परि-योजनाओं को 12.33 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। इस प्रकार निगम द्वारा मंजूर की गई कुल रूपया ऋण सहायता का 26.9 प्रतिशत भाग 12 चीनी तथा 3 वस्त्र सहकारिताओं को मिला। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सहकारी क्षेत्र की वित्त-पोषित परियोजनाओं की संख्या तथा उनको कुल रुपया ऋण सहायता के रूप में मंजूर सहायता का भाग पिछले वर्ष की अपेक्षा अर्थात् 9 परियोजनाओं और 17.9 प्रतिशत से अधिक रहा।

वर्ष के दौरान वित्तपोषित सहकारी क्षेत्र की चीनी परियोजनाओं में से 9 चीनी के नये कारखाने थे जिनकी गन्ना पेरने की दैनिक क्षमता 1250 टन थी। उनमें से चार उत्तर प्रदेश, दो-दो प्रत्येक हरियाणा तथा तमिलनाडु में और एक आन्ध्र प्रदेश में लगाई जा रही है। दो सहकारिताओं को उनकी विस्तार योजनाओं के लिये सहायता मंजूर की गई। प्रबारा सहकारी शक्कर कार-खाना लिमिटेड को उसकी परियोजना का विस्तार करके गन्ना पेलने की क्षमता को 2,500 टन से 3,500 टन दैनिक बढ़ाने के लिये सहायता मंजूर की गई। एक अन्य वित्तपोषित संस्था अर्थात् श्री दूधगंगा वेदगंगा एस० एस० के० लि० को 1750 टन से 3,000 टन दैनिक गन्ना पेरने की क्षमता बढ़ाने के लिये सहायता मंजूर की गई। एक अन्य सहकारिता को स्रोतो तथा परियोजना लागत के वित्त पोषण के मध्य अन्तराल को पूरा करने के लिये भी अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई।

वर्ष के दौरान तीन वित्त पोषित वस्त्र सहकारिताओं में से दो नई परियोजनाएं थीं तथा तीसरी एक विस्तार परियोजना। इच्छलकरंजी कोआपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लि०, महाराष्ट्र तथा हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव सप्लाइड एण्ड मार्केटिंग फेडरेशन लि० प्रत्येक को 25,080 तकुओं की विस्थापित क्षमता से परियोजनाएं लगाने के लिये सहायता मंजूर की गई। योतमल जिला सहकारी सूत व वपाड गिरनी लि० जोकि महाराष्ट्र के कम विकसित जिले में स्थित है को उसकी विस्तार योजना में 13200 अतिरिक्त तकुएं लगाकर उसके कुल तकुयें 24972 करने के लिए सहायता मंजूर की गई।

सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं :

10. वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र की 14 परियोजनाओं को 11.72 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। इनमें से नौ नई परियोजनाएं थीं तथा चार परियोजनाओं की उनकी विस्तार योजनाओं के लिये सहायता दी गई। एक परियोजना को परियोजना लागत के अति-व्यय के भाग को पूरा करने के लिए ऋण मंजूर किया गया।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रम दि यू० पी० स्टेट स्पिनिंग मिल्स कं० लि० को रायबरेली, फैजाबाद तथा आजमगढ़ जिलों में सूत कताई मिल लगाने के लिए सहायता मंजूर की गई। ये तीनों जिले औद्योगिक रूप से अधिसूचित कम विकसित जिले हैं।

एक अन्य सरकारी क्षेत्र के उपक्रम अर्थात् अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लि० को पूरी तरह जलाई हुई मैग्नेसाइट का उत्पादन करने के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई। मूल मृत्तिका शिल्पें बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण धातु है, जिनकी जरूरत इस्पात धातु तथा रसायन उद्योगों को पड़ती है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के अधिसूचित कम विकसित जिले अल्मोड़ा में लगाई जा रही है।

असम सरकार के स्वामित्व की कम्पनी असम गैस कं० लि० को निगम ने इसकी संकलित परियोजना के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की। इस योजना का लक्ष्य असम के विभिन्न केन्द्रों को गैस पहुंचाने के लिए पाइप लाइनें बिछाना और प्राकृतिक गैस के स्थानान्तरण के लिए विविध सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह परियोजना उर्वरकों के उत्पादन तथा बिजली जनन के लिए प्राकृतिक गैस का सदुपयोग करने में मदद करेगी। यह चाय बागानों को भी प्राकृतिक गैस उपलब्ध करायेगी।

विश्वेस्वर्या आयरन एण्ड स्टील लि० को इसकी विस्तार और विशाखन योजना के लिए प्रतिवर्ष 5350 टन पूर्ण गढ़े हुए उत्पाद और 2900 टन उप-उत्पाद करने के लिए एक नई गढ़ाई शाप लगाने हेतु सहायता मंजूर की। इस परियोजना आयात प्रतिस्थापना पर जोर देगी और इससे विदेशी मुद्रा में काफी बचत होगी।

वर्ष के दौरान निगम द्वारा हिमाचल प्रदेश धातु और औद्योगिक विकास निगम लि० द्वारा प्रवर्तित दो कम्पनियों को सहायता मंजूर की गई। उनमें से एक हिमाचल वर्सटेड मिल्स लिमिटेड 2,400 तकुओं की विस्थापित क्षमता से वर्सटेड धागे का निर्माण करेगी। अन्य कम्पनी, हिमाचल वूल प्रोसेसर्ज लि० गलीचों, कम्बलों और ट्वीड़ धागे के निर्माण करने के लिए 2800 तकुओं की विस्थापित क्षमता वाला ऊन कताई मिल लगायेगी। दोनों परियोजनाएं अधिसूचित कम विकसित जिले सोलन में लगाई जायेगी।

संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाएं

11. पिछले वर्ष की 14 परियोजनाओं की तुलना में वर्ष के दौरान निगम ने संयुक्त क्षेत्र की 18 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की। इनमें 13 नई परियोजनाएं तथा एक विस्तार परियोजना शामिल थीं। परियोजना लागत के अति-व्यय को पूरा करने के लिए पहले से वित्त-पोषिती की गई 4 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई।

चौगुले मेटल इन्डस्ट्रीज लि० को साधारण शेयरों की हामीदारी के रूप में 18 लाख टन की वार्षिक विस्थापित क्षमता से एक लोहा-खान भराई संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई। यह परियोजना आगोआ के एक अधिसूचित कम विकसित क्षेत्र सन कोले में लगाई जा रही है। सम्पूर्ण उत्पादन को जापान में निर्यात करने का प्रस्ताव है।

वर्ष के दौरान सहायता दी जाने वाली एक दूसरी संयुक्त क्षेत्र की परियोजना विद्युत् स्टील्स लि० थी। यह परियोजना प्रतिवर्ष 2,000 टन मैंगनीज इस्पात ढलाई वस्तुएं तथा 450 टन नि-हार्ड कास्टिंग का उत्पादन करने का विचार रखती है। उत्पादित किये जाने वाले पदार्थ सीमेंट तथा चीनी उद्योगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे। परियोजना आन्ध्र प्रदेश के कम विकसित जिले मेढ़क में लगाई जा रही है।

संयुक्त क्षेत्र की परियोजना, पोलिमर्स कारपोरेशन आफ गुजरात लि० को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। यह परियोजना प्रतिवर्ष 5000 टन मैथिल मेथाक्राइलेट मानीमर, 2000 टन पोलिमेथिल मेथाक्राइनेट सीट और 1500 टन पोलिमेथिल मेथाक्राइलेट प्लेट्स का उत्पादन जापान की मितशुबिशी रेयन कम्पनी लि० के तकनीकी सहयोग से करेगी। यह इण्डियन पेट्रो-केमिकल्स कारपोरेशन लि० के एक्रीलोनिट्रिक संयंत्र की को-स्ट्रीम-हाइड्रोसलिक एसिड का उपयोग करेगी। आशा है कि यह उद्योग छोटे स्तर के उद्योगों में जैसे—औजारों के लिए विभिन्न औद्योगिक कलपुर्जे, इंजीनियरिंग उत्पाद, चश्मा उद्योग, हल्की फिटिंग का सामान आदि उद्योगों में रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

नये उद्यमकर्ता और तकनीकी

12. वर्ष के दौरान निजी निगमित क्षेत्र की 69 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई जिनमें से 30 नई परियोजनायें थीं। नये उद्यमकर्ताओं तथा तकनीकियों द्वारा 17 परियोजनाओं के 5.51 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। यह होटल, धातु उत्पादन, कागज, औद्योगिक मशीनरी तथा कलपुर्जे, कांच, विविध खाद्य उत्पाद आदि उद्योगों से सम्बन्धित हैं। एक वस्त्र परियोजना को इसकी विस्तार योजना के लिए सहायता मंजूर की गई और चार परियोजनाओं को परियोजना लागत में आये अति-व्यय को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई।

परियोजना के प्रकार के अनुसार मंजरियां

13. 1975-76 के दौरान नई परियोजनाओं को दी गई सहायता का प्रत्येक परियोजना के कुल निवेश के आकार के अनुसार वर्गीकरण सारणी 3 में दिया गया है।

सारणी 3

नई परियोजनाओं की पूंजीगत लागत की मात्रा के अनुसार वर्गीकरण—1975-76

(रु० लाखों में)

पूंजी लागत की मात्रा	वित्तपोषित नई परियोजनाओं की संख्या	कुल परियोजना लागत	मंजूर सहायता	परियोजना लागत में प्रतिशत सहायता
100 तक	7	536.85	130.24	24.3
101–300	22	4058.42	747.14	18.4
301–400	4	1438.59	235.00	16.3
401–500	9	4258.00	589.04	13.8
501–1000	14	9156.19	1325.76	14.5
1001–1500	2	2850.00	218.92	7.7
1501–2000	1	1534.00	125.00	8.1
2000 से ऊपर	4	18091.52	595.00	3.3
जोड़	63	41923.57	3966.10	9.5

जैसा कि सारणी से स्पष्ट है, वर्ष के दौरान 63 नई परियोजनाओं को सहायता दी गई जिन्हें कुल मंजूरियों का 72.6 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। वर्ष के दौरान सहायता दी गई 63 परियोजनाओं में से 42 मध्यम दर्जे की थीं अर्थात् जिनकी परियोजना लागत 5 करोड़ रुपये से कम थी। 33 परियोजनाओं को निवल मंजूरियों का 22.1 प्रतिशत भाग इनके विस्तार/आधुनिकीकरण/विशाखन/पुनर्स्थापन आदि के लिए दिया गया। कुल निवल सहायता का 5.3 प्रतिशत, 20 परियोजनाओं को परियोजना लागत के अति-व्यय आदि को पूरा करने के लिए दिया गया।

उद्योगवार मंजूरियां तथा संवितरण—1975-76

14. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मंजूर की गई वित्तीय सहायता तथा संवितरणों का उद्योगवार वर्गीकरण सारणी 4 में दिया गया है जो रिपोर्ट में उद्योगवार सांख्यिकी आंकड़े राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण, 1970 के अनुसार दिखाये गये हैं।

सारणी 4

उद्योगवार मंजूरियां तथा संवितरण—1975-76

(रुपये लाखों में)

उद्योग	मंजूरियां					संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	कुल मंजूरियों का प्रतिशत	ऋण	हामीदारियां/प्रत्यक्ष अभिदान	जोड़	
1	2	3	4	5	6	7
चीनी						
सहकारी क्षेत्र	12	18.8	1027.50	—	1027.50	1040.00
निगमित क्षेत्र	4	4.5	230.00	16.34	246.34	141.30
	16	23.3	1257.50	16.34	1273.84	1181.30

1	2	3	4	5	6	7
रसायन तथा रसायन उत्पाद						
मूल औद्योगिक रसायन	4	2.1	110.00	5.00	115.00	406.59
उर्वरक	—	—	—	—	—	65.00
कृत्रिम रेशे तथा रेसिन्ज	3	3.6	168.92	30.00	198.92	140.37
अन्य रसायन तथा रसायन उत्पाद	7	5.6	260.00	44.84	304.84	34.17
	14	11.3	538.92	79.84	618.76	646.13
सूती वस्त्र						
सहकारी क्षेत्र	3	3.8	206.00	—	206.00	205.00
निगमित क्षेत्र	12	7.4	399.64	5.00	404.64	359.83
	15	11.2	605.64	5.00	610.64	564.83
सीमेंट	4	10.1	550.00	—	550.00	142.00
लोहा तथा इस्पात और फैरोअलायज	10	8.8	361.82	117.50	479.32	386.87
कागज	8	6.3	309.00	34.50	343.50	189.09
रबर उत्पाद	3	5.3	230.00	60.00	290.00	247.26
परिवहन उपस्कर	6	4.3	217.95	15.00	232.95	174.77
बिजली मशीनरी तथा पुर्जे	8	3.9	179.76	33.27	213.03	122.49
मशीनरी तथा पुर्जे	7	3.2	154.70	20.00	174.70	203.74
धातु उत्पाद	5	2.7	127.92	21.41	149.33	122.63
ऊनी उत्पाद	3	2.3	109.45	17.00	126.45	—
होटल	6	1.6	86.50	3.00	89.50	111.99
विविध अधातु खनिज उत्पाद	2	1.4	73.09	5.00	78.09	120.42
कांच	2	0.9	45.00	5.00	50.00	17.50
चमड़ा उत्पाद	2	0.9	36.72	10.00	46.72	35.60
प्राकृतिक गैस का स्थानान्तरण	1	0.7	37.50	—	37.50	20.00
धातु खान खनन	1	0.7	—	35.00	35.00	10.00
लकड़ी उत्पाद	1	0.6	28.63	6.00	34.53	8.11
विविध खाद्य उत्पाद	1	0.4	18.00	5.00	23.00	15.00
नौपरिवहन	1	0.1	—	3.61	3.61	3.61
पटसन उत्पाद	—	—	—	—	—	73.96
जोड़	116	100.0	4968.00	492.47	5460.47	4397.29

वर्ष के दौरान कम विकसित क्षेत्रों को सहायता

15. नीचे की सारणी में वर्ष के दौरान निगम द्वारा अधिसूचित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का ब्यौरा दिया गया है। वर्ष के दौरान निगम ने अधिसूचित कम विकसित 38 जिलों तथा एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र की 54 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की है।

सारणी 5

अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को वर्ष के दौरान मंजूर सहायता

(रुपये लाखों में)

राज्य/केन्द्र प्रशासित क्षेत्र का नाम	अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की संख्या		वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या		मंजूर की गई वित्तीय सहायता (निवल)	
	1975-76	1974-75	1975-76	1974-75	1975-76	1974-75
आन्ध्र प्रदेश	4	2	8	2	328.26	90.00
असम	2	1	2	1	159.00	30.00
बिहार	1	3	1	3	*	53.00
गुजरात	1	1	1	1	50.00	65.00
हरियाणा	2	1	2	1	165.00	50.00
हिमाचल प्रदेश . . .	3	2	4	2	85.00	34.00
जम्मू और कश्मीर . . .	1	—	1	—	40.00	—
कर्नाटक	3	4	4	9	57.84	410.60
केरल	1	4	1	6	18.84	231.52
मध्य प्रदेश	3	1	3	1	78.95	160.00
महाराष्ट्र	2	1	3	1	120.92	75.00
मेघालय	1	—	2	—	189.00	—
उड़ीसा	—	1	—	1	—	5.00
पंजाब	1	1	2	1	157.50	70.00
राजस्थान	1	3	3	4	77.36	202.50
तमिलनाडु	2	3	3	6	258.00	346.60
उत्तर प्रदेश	7	3	9	3	633.68	136.50
पश्चिमी बंगाल . . .	3	2	3	2	157.50	5.75
गोआ	1	1	2	1	45.00	30.00
जोड़ . . .	39	34	54	45	2621.85	1995.47

*सहायता असम में दिखाई गई है।

वर्ष के दौरान वित्तपोषित परियोजनाओं को आर्थिक योगदान

16. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को संभावित योगदान सारणी 6 में दिया गया है। इसमें परियोजनाओं की अति लागत और आधुनिकीकरण योजनाओं आदि के मामले नहीं दिखाये गये हैं।

सारणी 6

वर्ष के दौरान वित्तपोषित परियोजनाओं का आर्थिक योगदान

(रुपये, करोड़ों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	कुल पूंजीगत लागत	पैदा किया जाने वाला प्रत्यक्ष रोजगार (संख्याएं)	उत्पादन का मूल्य	सकल मूल्य वृद्धि	वार्षिक क्षमता
1	2	3	4	5	6	7
चीनी . . .	14	78.71	7,545	52.82	12.81	2.57 लाख टन चीनी
सूती वस्त्र . .	10	31.59	5,410	28.98	7.52	1,72,760 तकुए
कागज . . .	5	32.51	1,840	19.53	7.21	46,880 टन
सीमेन्ट . . .	3	81.80	1,540	40.63	16.78	18,80,000 टन
रसायन और रसायन उत्पाद .	12	65.84	3,220	89.68	29.61	8,500 कृत्रिम रसायन, 3000 टन एसेटिक एसिड, 2800 टन रबर रसायन, 2000 टन नाइलोन टायर धागा, 27650 कृत्रिम घोलक पदार्थ आदि, 3000 टन सिटरिक एसिड, तथा 145 टन औषधियां, 2500 टन ग्रामोक्सीन (वीडि-साइड), 5050 अन्य रसायन और 30000 टन बिनौले का अभिसंस्कार।
रबर उत्पाद .	2	66.09	1,540	80.41	23.53	प्रत्येक टायर और ट्यूबें 10 लाख।
लोहा तथा इस्पात . .	7	59.47	2,460	129.17	25.64	16650 टन इस्पात और अलाय ढलवा वस्तुएं, 8250 टन इस्पात गढ़े उत्पाद, विशेष इस्पात तथा अलाय के उप-उत्पाद, 15000 टन संकलित प्रकार के सीम रहित ट्यूबें, 60000 टन ढलवा गोल नल, 13500 शीतकृत पत्तियां।
बिजली मशीनरी तथा पुर्जे	4	9.87	1,460	22.96	6.00	2320 एम० बी० ए० क्षमता के वितरण तथा बिजली ट्रांस-फार्मर्स, 400 करंट

1	2	3	4	5	6	7
						और पोटेशियल ट्रांस-फार्मर, 70000 स्टार्टर मोटरें, अल्टरनेटर/जेन-रेटर और बोल्टेज रेगुलेटर तथा 100 लाख केपीसेटर।
स्कूटर . . .	1	2.23	410	8.83	1.02	30,000 स्कूटर
अन्य उद्योग . .	27	141.13	7,554	120.88	42.83	
जोड़ . .	85	569.24	32,979	593.89	172.95	

टिप्पणी : प्रत्यक्ष रोजगार, उत्पादन मूल्य और स्थल मूल्य वृद्धि के आंकड़े सर्वोत्तम उत्पादन के वर्ष से सम्बन्धित हैं।

सारणी 7

राज्य-वार मंजूरियां तथा संवितरण

(रुपय, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	मंजूरियां						संवितरण
	सहकारी क्षेत्र ऋण	निगमित क्षेत्र	हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	जोड़	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	
आन्ध्र प्रदेश . .	50.00	411.64	52.50	514.14	9.4	13(1)	235.92
असम . . .	—	201.50	15.00	216.50	4.00	4	126.08
बिहार . . .	—	75.00	—	75.00	1.4	2	219.67
गुजरात . . .	—	266.04	35.00	301.04	5.5	6	161.52
हरियाणा . .	280.00	149.00	25.00	454.00	8.3	8(3)	290.25
हिमाचल प्रदेश . .	—	65.50	19.50	85.00	1.6	4	5.08
जम्मू और कश्मीर . .	—	40.00	—	40.00	0.7	1	—
कर्नाटक . .	7.50	290.25	6.34	304.09	5.6	7(1)	490.28
केरल . . .	—	53.84	15.00	68.84	1.3	2	221.41
मध्य प्रदेश . .	—	139.45	15.00	154.45	2.8	5	29.48
महाराष्ट्र . .	226.00	168.24	28.61	422.85	7.7	16(4)	921.33
मेघालय . . .	—	185.00	4.00	189.00	3.5	2	125.00
उड़ीसा . . .	—	100.00	30.00	130.00	2.4	1	110.69
पंजाब . . .	—	139.45	117.50	256.95	4.7	5	59.97
राजस्थान . .	—	147.36	5.00	152.36	2.8	4	143.27
तमिलनाडु . .	225.00	302.71	17.34	545.05	10.0	8(2)	489.28
उत्तर प्रदेश . .	445.00	765.42	29.18	1239.60	22.7	18(4)	546.31
पश्चिमी बंगाल . .	—	195.57	36.50	232.07	4.2	7	196.60
दिल्ली . . .	—	28.53	6.00	34.53	0.6	1	13.65
गोआ, दमन और दीव .	—	10.00	35.00	45.00	0.8	2	11.50
जोड़ . .	1233.50	3734.50	492.47	5460.47	100.0	116(15)	4397.29

टिप्पणियां : 1. कोष्ठकों में दी गई संख्याएं सहकारी क्षेत्र की वित्तपोषित परियोजनाएं का सूचक है।

2. हामीदारियां, प्रत्यक्ष अभिदान तथा गारंटियों की संख्याएं निगमित क्षेत्र से सम्बन्धित हैं।

संचालन गतिविधियां

17. वर्ष के दौरान निगम ने अन्य दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ ही निगम ने रुपया ऋणों पर ब्याज दर में संशोधन किया। निगम ने 1 दिसम्बर, 1975 से रुपया ऋणों पर वित्त-पोषित संस्थाओं से ले जाने वाली सामान्य ब्याज दर 10.25 प्रतिशत से 11.0 प्रतिशत (निवल) कर दी गई। विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर ली जाने वाली ब्याज दर भी 10.5 प्रतिशत से 11.0 प्रतिशत वार्षिक कर दी गई। ब्याज दरों के संशोधन हो जाने के फलस्वरूप, अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगाई जाने वाली औद्योगिक परियोजनाओं पर रुपया ऋणों और विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर ली जाने वाली ब्याज दर क्रमशः 9.5 प्रतिशत (निवल) और 10.0 प्रतिशत (निवल) होगी। पटसन उद्योग, निर्यात आधारित सूती वस्त्र मिलों और होटल उद्योग को दिये गये उदार ऋणों पर ली जाने वाली ब्याज दर 10.0 प्रतिशत (निवल) होगी।

कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन

18. अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को प्रदान किए जाने वाली समग्र रियायती सहायता में आस्थगित अदायगी की सुविधा 28 जून, 1976 से जोड़ दी गई। यह रियायत गारन्टी सहायता के लिए 1 प्रतिशत के वर्तमान वार्षिक कमीशन को 0.25 प्रतिशत तक की सीमा तक कम करके प्रदान की गई है। लेकिन ये रियायतें अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की वर्तमान समग्र वित्तीय सीमा में ही उपलब्ध होंगी अर्थात्, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, निगम, भारतीय साख एवं निवेश निगम के साथ मिलकर 2.00 करोड़ रुपये तक और निगम से अकेले 1.00 करोड़ रुपये की सहायता तक।

कम विकसित क्षेत्रों में उद्यमकर्ताओं को नई परियोजनाएं लगाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने की दृष्टि से निगम सहित दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले संस्थानों ने निर्णय किया है कि इक्विटी ऋण अनुपात निकालने के लिए केन्द्रीय अनुदान की राशि को भी इक्विटी मान लिया जायेगा।

कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगाई जाने वाली परियोजनाओं को अतिरिक्त राहत प्रदान करने के लिए वित्तीय संस्थाओं ने यह सहमति की है कि विकास ऋणों को आरक्षित प्रकृति का माना जायेगा और कुछ शर्तों के अधीन इनको इक्विटी ऋण का अनुपात निकालने के लिए इक्विटी मान लिया जायेगा।

अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ समन्वय

19. सरकारी वित्तीय संस्थान (विधि संशोधन) अधिनियम, 1975 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हो गई है और यह 16 फरवरी, 1976 से लागू हो गया। अधिनियम के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने वित्त-पोषण में लगी वित्तीय संस्थाओं के कार्यों में समन्वय करने, उद्योगों का विकास तथा प्रवर्तन करने और इन संस्थाओं के विकास में सहायता करने के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान का दायित्व संभाल लिया है।

अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने (क) वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों को शीघ्रता से मंजूर करने की प्रक्रिया को तेज करने (ख) निधियों के तेजी से संवितरण करने के लिए निधियों तथा कार्य-पद्धतियों को सुचारु बनाने के लिए कई कदम उठाये हैं। जैसा कि पिछले साल की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि इन संस्थानों ने वित्तीय सहायता का आवेदन करने वाली पात्र संस्थाओं के उपयोग के लिए सांझा ऋण आवेदन पत्र बनाया है।

परियोजना का मूल्यांकन करने से सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों ने 'अग्रणी संस्था' की धारणा को स्वीकार किया है, जिसके अनुसार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों में से एक को संयुक्त निरीक्षण का दायित्व सौंप दिया जाता है इसके अधिकारी अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के गतिविधियों के साथ मिलकर प्रवर्तकों से विचार विमर्श करते हैं तथा जिसमें परियोजना मूल्यांकन के बारे में विभिन्न पहलुओं पर सांझी पहंच अपनाई जाती है।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने वित्तीय संस्थाओं से सहायता के लिए प्राप्त हुए आवेदनों को मंजूर करने की प्रक्रिया की जांच करने तथा देरी कम करने के लिए व्यवस्था को सुचारु बनाने से सम्बन्धित सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री एम० नरसिंहन् ने की।

इस समिति द्वारा दी गई सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक मामले की स्थितियों को देखते हुए आवेदनों को एक निश्चित अवधि के भीतर निपटाने के लिए प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए कई कदम उठाये हैं। वित्तीय संस्थाओं ने 'अग्रणी संस्थान की धारणा को अधिक गहन करने पर जोर दिया है और अब अग्रणी संस्थान द्वारा तैयार की गई मूल्यांकन रिपोर्टों पर अधिक निर्भर किया जाता है अपेक्षाकृत कि प्रत्येक संस्थान अपनी अलग-अलग मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करें।

सरकार ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक श्री रघुराज की अध्यक्षता में एक कार्यकारी दल का गठन किया है। निगम के अध्यक्ष भी इसके सदस्य हैं। यह दल अन्य बातों के साथ-साथ, आवेदनों को शीघ्र निपटाने, मंजूरी पूर्व देरी को कम करने, आदि की जांच करेगा। कार्यकारी दल की सिफारिशों के अनुरूप एक ऐसी प्रक्रिया बनाई गई है जो कि भविष्य में सांझे ऋण आवेदन प्रपत्र को जारी करने की अवस्था से लेकर वित्तीय सहायता मंजूर करने तक अपनाई जायेगी। इसका अन्तिम लक्ष्य एक निश्चित समयबद्ध कार्यक्रम का पालन करना है और आवेदक को आवेदन पत्र के प्राप्त होने से चार से पांच मास के भीतर निर्णय बता दिया जायेगा।

वित्तीय संस्थानों ने एक समरूप ऋण करार और अन्य दस्तावेजों तथा जहां तक संभव हो, वित्तीय सहायता की मंजूरी तथा संवितरण के बीच की दूरी कम से कम करने और विविध औपचारिकताओं के पूरा करने के लिए सामान्य पहुंच अपनाई है।

अनावश्यक पत्र व्यवहार को कम करने के लिए वित्तीय संस्थान आवेदकों को आवश्यक आवेदन-पत्र, आवेदन-पत्रों को भरने के लिए पथप्रदर्शन प्रदान करेगी।

वर्ष के दौरान, निगम ने निगम की नीतियों और प्रक्रियाओं से सम्बन्धित तीन पुस्तिकाएं निकाली हैं। ये हैं: संचालन परिसूचना, वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले आवेदकों के लिए पथ-प्रदर्शन और विदेशी मुद्रा ऋण आवेदकों को पथ-प्रदर्शन।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948

20. सरकारी वित्तीय संस्थान विधि (संशोधन) अधिनियम, 1975 की शर्तों के अनुसार औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 को नागालैण्ड राज्य के कोहिमा और मोकोकचंग जिलों तक विस्तृत कर दिया है।

भारत सरकार ने दिनांक 23 अक्तूबर, 1975 की अधिसूचना के द्वारा औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की 24 अक्तूबर, 1975 से सिक्किम राज्य पर भी इसका विस्तार कर दिया गया है।

सहायता के लिए आवेदन

21. निगम को वर्ष के दौरान 170 संस्थाओं से 175 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए, इनमें वे मामले भी शामिल हैं जिनमें अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से वित्त व्यवस्था की जानी है।

वर्ष के आरम्भ में 129.36 करोड़ रुपये के लिए 43 संस्थाओं से आवेदन पत्र निगम के पास विचाराधीन थे, इनकी वित्त व्यवस्था अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से की जानी थी।

वर्ष के दौरान 110 संस्थाओं के 113 आवेदन-पत्रों पर 54.84 करोड़ रुपये की सकल सहायता मंजूर की गई। वर्ष के दौरान 10 संस्थाओं से आवेदन-पत्र वापिस लिया हुआ मान लिया गया क्योंकि कुछ संस्थाओं ने अपने आवेदनों की पैरवी नहीं की और कुछ ने लम्बे अरसे तक आवश्यक सूचना नहीं भेजी।

वर्ष के अन्त में 93 संस्थाओं से 351.10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जांच की विभिन्न अवस्थाओं में थे, इन मामलों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर वित्त व्यवस्था की जानी थी।

वर्ष के दौरान निगम से सहायता के लिए प्राप्त, मंजूर किए गए, वापिस लिये गये तथा वर्ष के अन्त में विचाराधीन आवेदनों का ब्यौरा दर्शाने वाली राज्यवार सारणी रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घ' में दी गई है।

कार्यों की समीक्षा 1948—76

22. निगम ने 30 जून, 1976 तक सारे राष्ट्र में व्याप्त 794 औद्योगिक परियोजनाओं को 558.80 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की है। इन सहायता मंजूर की गई परियोजनाओं की पूंजीगत लागत 3475.55 करोड़ रुपये है, जो समग्र साधनों का सूचक है जिन्हें निगम ने जुटाया है। निगम की सहायता सहकारी क्षेत्र की 137 संस्थाओं, संयुक्त क्षेत्र की 39, सहकारी क्षेत्र की 23 और निजी निगमित क्षेत्र की 517 संस्थाओं को प्राप्त हुई है। संवितरण 485.41 करोड़ रुपये रहा जो कुल मंजूरियों का 86.9 प्रतिशत है। 30 जून, 1976 को कुल 270.95 करोड़ रुपये के ऋण बकाया थे।

वित्तीय सहायता प्रदान करते समय निगम ने अधिक रोजगार प्रदान करने वाली परियोजनाओं जैसे, चीनी तथा वस्त्र सहकारिताओं को प्राथमिकता दी है जो कृषि क्षेत्र की बचत को उत्पादक उद्देश्यों के लिए प्रवाहित करने में मदद करती है। कम विकसित क्षेत्रों में स्थित परियोजनाओं, नये उद्यमकर्ताओं तथा तकनीकियों द्वारा, प्रवर्तित परियोजनाएं, सहायक उद्योगों के विकास में योगदान देने वाली परियोजनाएं और देशी तकनीक पर आधारित परियोजनाओं की सहायता मंजूर करने में प्राथमिकता दी है। निगम विकास बैंक के नाते राष्ट्रीय लक्ष्यों, एवं विकास के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं को ध्यान में रखता है और सहायता के लिए निवेदन करने वाली परियोजनाओं की व्यावहार्यता को भी देखता है। सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं को भी उचित महत्व दिया जाता है।

हाल के वर्षों में परियोजना मूल्यांकन के क्षेत्र में परिस्थितीय तत्वों ने महत्व धारण कर दिया है। परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर करते समय इस पहलू पर ध्यान रखा जाता है। औद्योगिक दूषण को नियंत्रण में रखने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। परियोजनाओं के तकनीकी मूल्यांकन के दौरान निगम यह आश्वस्त करता है कि औद्योगिक दूषण की भारतीय मानक संस्थान अथवा इस उद्देश्य के लिए विभिन्न राज्यों में स्थापित नियंत्रक संगठनों द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर रखा जाये।

औद्योगिक सहकारिताएं

23. औद्योगिक सहकारिताएं निगम के वित्तीय सहायता के ढांचे में महत्वपूर्ण स्थान रखती रही हैं। 30 जून, 1976 को औद्योगिक सहकारिताओं की 138 परियोजनाओं को 128.19 करोड़ रुपये की कुल असल वित्तीय सहायता मंजूर की गई। इसमें कुल मंजूरियों का 22.9 प्रतिशत

तथा कुल रुपया ऋण मंजूरियों का 32.3 प्रतिशत संविहित थी। औद्योगिक सहकारिताओं को 116.57 करोड़ रुपये की सहायता का संवितरण किया गया।

औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर वित्तीय सहायता के उद्देश्य-वार वर्गीकरण से पता चलता है कि मंजूर सहायता का 81.9 प्रतिशत नई परियोजनाओं तथा शेष 18.1 प्रतिशत विस्तार परियोजनाओं को मंजूर किया गया। निगम द्वारा मंजूर वित्तीय सहायता में 28.4 प्रतिशत नई परियोजनाओं की लागत तथा 35.3 प्रतिशत विस्तार परियोजनाओं की लागत प्रतिनिहित थी।

24. 30 जून, 1976 को औद्योगिक सहकारिताओं को राज्य-वार तथा उद्योगवार सहायता का वितरण सारणी 8 में दिया गया है।

25. औद्योगिक सहकारिताओं की 138 परियोजनाओं में से जिन्हें सहायता मंजूर की गई, 59 परियोजनाएं अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थित थीं। इन परियोजनाओं को मंजूर वित्तीय सहायता की राशि 55.03 करोड़ रुपये थी।

26. निगम की सहायता प्राप्त करने वाली औद्योगिक सहकारिताओं में चीनी सहकारिताएं सबसे बड़ी लाभानुभोगी रही हैं। मंजूर सहायता का 83 प्रतिशत भाग चीनी सहकारिताओं को गया तथा 13.9 प्रतिशत भाग वस्त्र सहकारिताओं को मिला।

30 जून, 1976 को 105 सहकारी चीनी परियोजनाओं को निगम ने 106.39 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। इन 105 चीनी सहकारिताओं की कुल लागत 288.23 करोड़ रुपये थी जिसमें से निगम का योगदान 36.9 प्रतिशत दीर्घकालीन ऋणों के रूप में था।

27. पिछले साल की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि निगम ने 1250 टन प्रति दिन गन्ना पेरने की क्षमता वाली नई चीनी परियोजनाओं की परियोजना लागत की बढ़ोतरी का उनकी व्यावहार्यता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया। अध्ययन के परिणामों से सरकार को अवगत कराया गया जिसने कि बाद में नई चीनी इकाइयों को दी जाने वाली राहतों पर विचार करने के लिए एक समिति (जो सम्पत समिति कहलाती है) का गठन किया ताकि उन्हें व्यावहार्य बनाया जा सके। वर्ष के दौरान सरकार ने सम्पत समिति की सिफारिशों पर एक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। सरकार के द्वारा घोषित योजना में नये चीनी कारखानों तथा विस्तार योजनाओं को उत्पादन शुल्क रियायतों तथा ऊंचे उद्ग्रहण मुक्त चीनी कोटा के रूप में प्रोत्साहन देने की व्यवस्था की गई है।

यह योजना जो 1 नवम्बर, 1975 से लागू हुई, नई चीनी फैक्टरियों तथा विस्तार इकाइयों जो नवम्बर 1, 1975 से अक्तूबर 31, 1980 की अवधि के दौरान उत्पादन शुरू कर रही हैं, दोनों पर लागू है। नई इकाइयां जिन्होंने अप्रैल 1, 1974 और नवम्बर 1, 1975 के मध्य उत्पादन शुरू कर दिया था, भी पांच वर्ष की अवधि के शेष भाग के दौरान योजना के अन्तर्गत आयेंगे।

इस योजना के उद्देश्य के लिए देश में चीनी उत्पादन करने वाले क्षेत्रों का वर्गीकरण निम्न, मध्यम तथा उच्च चीनी वसूली क्षेत्रों में किया गया है। नई परियोजनाओं के मामले में जहां संयंत्र तथा मशीनरी की कीमत 400 लाख रुपये या अधिक हो, सारे चीनी उत्पादन के लिए 1 से चार वर्ष की अवधि तक (वसूली क्षेत्र जहां इकाई स्थित है, पर निर्भर) मुफ्त बिक्री कोटा ग्राह्य होगा। जहां संयंत्र तथा मशीनरी 200 लाख रुपये से 400 लाख रुपये की कीमत श्रृंखला में है, उस दशा में स्लैब पर आधारित घटे हुए प्रोत्साहन उपलब्ध हैं। विस्तार योजनाओं के मामले में वर्तमान चीनी कारखानों को लाइसेंस प्राप्त विस्तार के पूरा होने पर पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रोत्साहन उपलब्ध हैं, चाहे विस्तार की मात्रा व कीमत कुछ भी हो।

नई चीनी फैक्टरियों तथा विस्तृत इकाइयों को अधिक उन्मुक्त बिक्री कोटे के बावजूद भी इन्हें नियंत्रित और उन्मुक्त बिक्री चीनी के 65 : 35 के आधार पर ही वर्तमान इकाइयों के समान उत्पादन शुल्क देना होगा। लेकिन इस योजना से लाभ कमाने वाली इकाइयों के लिए यह शर्त रखी गई है कि इन प्रोत्साहनों के फलस्वरूप उपलब्ध अतिरिक्त निधियों का उपयोग दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले केन्द्रीय वित्तीय संस्थानों की अदायगी अनुसूची के अनुसार ऋण अदा करने के लिए करना होगा।

सारणी 8

औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर सहायता—1948—76

(रुपये, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	उद्योगवार मंजूर सहायता								कुल का प्रतिशत
	चीनी		सूत कताई		अन्य		कुल मंजूरियां		
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
आन्ध्र प्रदेश .	8	745.00	3	160.00	—	—	11	905.00	7.1
असम . .	1	60.00	—	—	1*	78.50	2	138.50	1.1

सारणी 8—जारी

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
बिहार . .	1	115.00	1	24.70	—	—	2	139.70	1.1
गुजरात . .	9	600.50	2	170.00	2@	300.00	13	1070.50	8.3
हरियाणा .	4	286.00	1	100.00	—	—	5	386.00	3.0
कर्नाटक . .	10	795.25	3	179.00	1**	22.50	14	996.75	7.8
केरल . .	2	180.00	—	—	—	—	2	180.00	1.4
मध्य प्रदेश .	1	80.00	1	40.00	—	—	2	120.00	0.9
महाराष्ट्र .	40	5044.20	13	839.00	—	—	53	5883.20	45.9
उड़ीसा . . .	2	205.00	1	31.00	—	—	3	236.00	1.8
पंजाब . .	4	315.00	—	—	—	—	4	315.00	2.4
राजस्थान .	1	95.00	1	45.50	—	—	2	140.50	1.1
तमिलनाडु .	9	808.00	1	35.00	—	—	10	843.00	6.6
उत्तर प्रदेश .	12	1160.00	2	155.00	—	—	14	1315.00	10.3
गोआ . .	1	150.00	—	—	—	—	1	150.00	1.2
जोड़ .	105	10638.95	29	1779.20	4	401.00	138	12819.15	100.0

*पटसन सहकारिता
@दो इकाइयों वाली एक उर्वरक सहकारिता
**वनस्पति तेल निकालने वाली सहकारिता

उपरिलिखित प्रोत्साहनों से चीनी परियोजनाओं को व्यावहार्य बनाने के लिए काफी सहायता मिलेगी। पहले ही निगम ने 8 नई इकाइयों और एक विस्तार इकाइयों को उक्त प्रोत्साहन योजना से मिलने वाले लाभों को ध्यान में रखकर 9.10 करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया।

निगमित क्षेत्र

28. 30 जून, 1976 को निगमित क्षेत्र की 656 परियोजनाओं को 430.61 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई। निगमित क्षेत्र को मंजूर की गई सहायता की समीक्षा का ब्यौरा निम्न पैरों में दिया गया है।

रुपया ऋण

रुपया ऋण के रूप में 268.30 करोड़ रुपये की सहायता दी गई जो निगमित क्षेत्र को कुल सहायता का 62.3 प्रतिशत थी। 30 जून, 1976 निगमित क्षेत्र को 234.15 करोड़ रुपये के रुपया ऋणों का संवितरण हुआ।

विदेशी मुद्रा ऋण

निगम द्वारा निगमित क्षेत्र को 61.37 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा ऋण मंजूर हुआ जबकि 51.69 करोड़ रुपये का संवितरण हुआ।

30 जून, 1976 को विदेशी मुद्रा ऋणों से सम्बन्धित स्थिति नीचे सारणी में दी गई है:

सारणी 9

निगमित क्षेत्र को विदेशी मुद्रा ऋण

मुद्रा	मंजूरियां (निवल)			जारी किए गए साख/वचन-पत्र		संवितरित रकम	
	उप-ऋणों की संख्या	विदेशी मुद्रा (दस लाखों में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपये (लाखों में)
पश्चिमी जर्मन मार्क .	178	155.85	3181.03	133.84	2730.02	128.71	2624.83
अमरीकी डालर . .	57	26.75	1963.27	26.75	1963.27	26.75	1963.27
फ्रांसीसी फ्रांक . .	14	14.94	204.05	14.36	196.14	14.36	196.14
पौंड स्टर्लिंग . .	31	4.14	788.42	2.39	455.80	2.05	384.76
जोड़ . .	280		6136.77		5345.23		5169.00

हामीदारियां

30 जून, 1976 तक निगम ने साधारण शेयरों में हामीदारी, अधिमान शेयरों तथा डिबेंचरों के 432 आवेदनों पर 41.73 करोड़ रुपये की निवल राशि मंजूर की। 30 जून, 1976 तक पूरे किए गए निर्गमों से सम्बन्धित स्थिति सारणी 10 में दिखाई गई है।

सारणी 10

हामीदारी कार्य

(रुपये, लाखों में)

	हामीदारी	रकम जो निगम को देनी पड़ी	(3) से (2) का प्रतिशत
साधारण शेयर .	1806.20	1108.95	61.4
अधिमान शेयर .	909.84	730.55	80.3
डिबेंचर .	1013.00	855.71	84.5
	3729.04	2695.21	72.3

प्रत्यक्ष अभिदान

30 जून, 1976 को निगम ने प्रत्यक्ष अभिदान के 62 आवेदन-पत्रों पर 650.73 लाख रुपये मंजूर किए जिनमें 336.86 लाख रुपये के साधारण शेयर, 31.87 लाख रुपये के अधिमान शेयर तथा 282.00 लाख रुपये के डिबेंचर शामिल थे। इनमें से निगम द्वारा लिए गए शेयरों के सम्बन्ध में हामीदारी दायित्वों के अनुरूप 21 शेयर निर्गमों के लिए 60.58 लाख रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान करना पड़ा।

संयंत्र तथा मशीनरी की आस्थगित अदायगियों के लिए गारन्टी

30 जून, 1976 को 45 आवेदनों पर आस्थगित अदायगियों के लिए 28.87 करोड़ रूपये की असल गारंटियां मंजूर की गईं। 30 जून, 1976 तक जारी की गई कुल गारंटियों की राशि 28.76 करोड़ रूपये थी। गारंटियों के अधीन 30 जून, 1976 को 2.40 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी।

विदेशी वित्तीय संस्थानों से प्राप्त विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए गारंटियां

निगम ने 30 जून, 1976 को 6 आवेदन पत्रों पर 23.83 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा ऋण गारंटियां मंजूर कीं। 5 आवेदन-पत्रों के सम्बन्ध में वास्तव में जारी की गई गारंटियों की राशि 23.33 करोड़ रुपये थी तथा 30 जून, 1976 को इन गारंटियों के सम्बन्ध में 3.10 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी।

परियोजना के प्रकार के अनुसार मंजूरियां

29. 30 जून, 1976 तक वित्तपोषित परियोजना की कुल लागत सहित परियोजना के आकार के अनुसार मंजूर वित्तीय सहायता का वर्गीकरण सारणी 11 में दिखाया गया है।

सारणी 11

परियोजना के प्रकार के अनुसार औद्योगिक परियोजनाओं को दी गई कुल सहायता का वर्गीकरण

(रुपये, करोड़ों में)

परियोजना का प्रकार	परियोजना की कुल लागत	निवल वित्तीय मंजूर सहायता				
		ऋण	हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	विदेशी मुद्राओं ऋणों के लिए आस्थगित अदायगियों की गारंटियां	जोड़	कुल का प्रतिशत
नई परियोजनाएं . . .	2412.45	296.02	36.93	42.84	375.79	67.3
विस्तार/विशाखन . . .	876.03	138.72	9.00	9.00	156.72	28.0
आधुनिकीकरण/नवीकरण, आदि . .	187.07	23.12	2.31	0.86	26.29	4.7
जोड़ . . .	3475.55	457.86	48.24	52.70	558.80	100.0

निगम ने नये उपक्रमों को 375.79 करोड़ रुपये की सहायता दी जो कुल असल मंजूरियों का 67.3 प्रतिशत थी और 183.01 करोड़ रुपये की सहायता वर्तमान परियोजनाओं के विस्तार, विशाखन, आधुनिकीकरण तथा नवीकरण आदि के लिए दी गई। 30 जून, 1976 को 794 परियोजनाओं जिन्हें निगम ने सहायता प्रदान की, उनकी कुल लागत 3475.55 करोड़ रुपये थी, जो समग्र साधनों का सूचक है जो इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए जुटाया गया है।

सारणी 12

पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान मंजूर की गई तथा संवितरित सहायता

(रुपये, करोड़ों में)

30 जून को	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				संवितरित वित्तीय सहायता			
	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पहली योजना से पूर्व की अवधि :								
1949-51	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली योजना :								
1952-56	27.02	—	—	27.02	10.94	—	—	10.94
दूसरी योजना :								
1957 .	9.15	—	—	9.15	9.78	—	—	9.78
1958 .	5.93	0.75	1.82	8.50	8.33	—	—	8.33
1959 .	2.77	0.87	0.27	3.91	7.48	0.66	—	8.14
1960 .	12.62	0.10	6.06	18.78	8.41	0.17	2.09	10.67
1961 .	18.58	1.84	8.15	28.57	6.62	0.48	13.02	20.12
जोड़ .	49.05	3.56	16.30	68.91	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी योजना :								
1962 .	17.84	0.73	0.48	19.05	10.92	0.24	0.41	11.57
1963 .	19.82	4.63	10.62	35.07	15.05	3.99	3.18	22.22
1964 .	23.61	4.34	13.16	41.11	16.94	1.96	6.39	25.29
1965 .	19.39	3.55	3.92	26.86	19.79	3.36	14.65	37.80
1966 .	21.47	3.96	1.35	26.78	23.99	4.48	2.17	30.64
जोड़ :	102.13	17.21	29.53	148.87	86.69	14.03	26.80	127.52
वार्षिक योजनाएं :								
1967 .	12.34	1.87	4.00	18.21	29.52	2.90	5.64	38.06
1968 .	14.62	1.48	0.85	16.95	23.35	1.06	2.61	27.02
1969 .	22.43	2.42	0.29	25.14	15.03	1.68	0.28	16.99
जोड़ .	49.39	5.77	5.14	60.30	67.90	5.64	8.53	82.07

सारणी 12—जारी

1	2	3	4	5	6	7	8	9
चतुर्थ योजना :								
1970 .	11.10	1.19	0.13	12.42	16.86	0.85	0.34	18.05
1971 .	24.29	2.20	0.42	26.91	16.28	0.87	0.20	17.35
1972 .	32.49	4.57	—	37.06	20.99	1.00	0.11	22.10
1973 .	39.10	2.02	0.64	41.76	30.00	2.29	0.61	32.90
1974 .	34.75	2.61	0.04	37.40	28.75	1.46	0.05	30.26
जोड़ .	141.73	12.59	1.23	155.55	112.88	6.47	1.31	120.66
पांचवीं योजना :								
1975 .	30.73	4.19	0.50	35.42	36.02	1.06	0.34	37.42
1976 .	49.68	4.92	—	54.60	41.57	2.40	—	43.97
जोड़ .	80.41	9.11	0.50	90.02	77.59	3.46	0.34	81.39
कुल जोड़	457.86	48.24*	52.70	558.80	402.41	30.91	52.09	485.41

*इनमें 6.51 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान शामिल है।

टिप्पणी : सारणी में दिये गये आंकड़े पिछली वार्षिक रिपोर्ट में दिये गये आंकड़ों से मेल नहीं खाते क्योंकि इसमें से कुछ मंजूरियां बाद में या तो वापिस ले ली गई या संमजित कर दी गई।

कम विकसित क्षेत्रों को सहायता

31. क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने की सरकारी नीति के अनुरूप निगम की सहायता का अधिक भाग औद्योगिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों में स्थित परियोजनाओं को जा रहा है। 1970-71 में निगम की कुल सहायता का 24.5% भाग कम विकसित क्षत्रों को गया जबकि 1975-76 में यह कुल मंजूरियों का 48.0 प्रतिशत था।

30 जून, 1976 को 558.80 करोड़ रुपये की कुल मंजूरियों में से 183.59 करोड़ रुपये अधिसूचित कम विकसित जिलों की 254 परियोजनाओं को मंजूर किए गए जो कुल का 32.9 प्रतिशत थी।

32. निम्नलिखित सारणी में कम विकसित क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्योगवार वितरण सारणी 13 में दिया गया है।

सारणी 13

कम विकसित जिलों/क्षेत्रों को मंजूर सहायता का उद्योगवार वितरण—1948-76

(रुपये, करोड़ों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	30 जून, 1976 को मंजूर सहायता
1 2	3	4	5
1. चीनी .	53	157.17	51.53
2. वस्त्र .	52	96.06	26.50
3. कागज तथा कागज उत्पाद	14	87.00	15.40
4. सीमेंट .	12	142.02	13.25
5. रसायन तथा रसायन उत्पाद			
—मूल औद्योगिक रसायन	10	25.08	3.55
—उर्वरक	7	218.07	6.32
—कृत्रिम रेशे	1	7.90	0.65
—अन्य रसायन तथा रसायन उत्पाद	11	9.88	2.63
6. अलौह धातुएं	4	63.90	13.12
7. लोहा तथा इस्पात	21	115.26	10.89
8. रबर उत्पाद	7	137.80	8.37
9. विविध अधातु खनिज उत्पाद	7	25.37	5.39
10. धातु उत्पाद	9	13.95	4.90
11. बिजली मशीनरी तथा उपस्कर	7	17.57	3.67
12. परिवहन उपस्कर	8	47.37	3.62
13. मशीनरी	6	36.62	3.53
14. पटसन	6	5.35	2.50
15. खनन	4	48.09	1.80
16. लकड़ी उत्पाद	3	2.60	1.77
17. कांच .	3	4.48	1.55

सारणी 11—जारी

1	2	3	4	5
18.	होटल	4	2.96	1.55
19.	विविध खाद्य उत्पाद	2	2.52	0.48
20.	बिजली	2	0.66	0.43
21.	चमड़ा उत्पाद	1	1.65	0.19
	जोड़	254	1269.33	183.59

33. जुलाई 1970 में अधिसूचित कम विकसित क्षेत्रों में स्थित की जाने वाली परियोजनाओं के लिए निगम ने रियायती वित्त योजना पेश की। योजना के मुख्य लक्षण रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ज' में दिये गये हैं तथा अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की सूची परिशिष्ट 'झ' में दी गई है।

रियायती वित्त योजना के अधीन, निगम ने 30 जून, 1976 तक 117 परियोजनाओं को जिनकी कुल पूंजी 492.16 करोड़ रुपये है, कुल 63.89 करोड़ रुपये के रियायती वित्त का अनुमोदन किया था, सारणी 14 में मंजूर सहायता का प्रकार दिखाया गया है।

सारणी 14

रियायती शर्तों पर मंजूर सहायता

(रुपये, लाखों में)

सुविधा का प्रकार	रियायती शर्तों पर मंजूर सहायता
रुपया ऋण	5612.46
विदेशी मुद्रा ऋण	259.36
हामीदारियां/प्रत्यक्ष अभिदान	517.60
जोड़ :	6389.42

कुल मंजूरियां, संवितरण तथा बकाया

34. 30 जून 1976 तक निवल मंजूर वित्तीय सहायता का राज्यवार तथा उद्योगवार वितरण इस रिपोर्ट के क्रमशः परिशिष्ट 'ख' और 'ग' में दिया गया है। परिशिष्ट 'घ' में 30 जून, 1976 को प्रत्यक उद्योग को निवल मंजूर वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण दिखाया गया है। परिशिष्ट 'ङ' में निवल वित्तीय सहायता का वर्गीकरण मंजूर राशि के आकार के अनुसार दिया गया है।

30 जून, 1976 को संचित मंजूरियों, संवितरित राशि तथा बकाया राशि की संख्या तथा राशि सारणी 15 में दिखाई गई है।

सारणी 15

कुल मंजूरियां, संवितरण तथा बकाया

(रुपये, करोड़ों में)

	मंजूरियां (निवल)		संवितरित सहायता	बकाया राशि
	मंजूरियों की संख्या	रकम		
1. ऋण :				
रुपया	1020	396.41	350.64	218.06
विदेशी मुद्रा	250	61.45	51.77	26.51
जोड़	1270	457.86	402.41	244.57
2. हामीदारियां :				
साधारण शेयर	258	21.90	10.88	8.20
अधिमान शेयर	149	9.70	7.27	4.90
डिबेंचर	25	10.13	8.55	3.47
जोड़	432	41.73	26.70	16.57

सारणी 15—जारी

	1	2	3	4
3. प्रत्यक्ष अभिदान				
साधारण शेयर	52	3.37	2.09	3.32
अधिमान शेयर	8	0.32	0.30	0.82
डिबेंचर	2	2.82	1.82	0.17
जोड़	62	6.51	4.21	4.31
1 से 3 तक का जोड़	1764	506.10	433.32	265.45
4. गारंटियां				
आस्थगित अदायगियों के लिए	45	28.87	28.76	2.40
विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए	6	23.83	23.33	3.10
जोड़ :	51	52.70	52.09(क)	5.50
कुल का जोड़	1815	558.80	485.41	270.95

(क) वास्तव में जारी की गई गारंटियां।

दातव्य आरक्षित निधि

35. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की दिसम्बर, 1972 संशोधित करके दातव्य आरक्षित निधि की स्थापना की गई। इस निधि की स्थापना से लेकर इस निधि को निगम को लाभों में से 111.00 लाख रुपये की राशि अन्तरित की गई। निगम को वर्ष के दौरान हुए लाभ में से 32.00 लाख रुपये की और राशि इस निधि को अन्तरित की जा रही है।

36. इस निधि के अधीन निगम द्वारा हाथ में लिए गए कुछ कार्यों का अवलोकन निम्नलिखित अवतरणों में दिया गया है।

परियोजना प्रवर्तन : अन्य बातों के साथ साथ दातव्य आरक्षित निधि का उपयोग, व्यावहार्यता अध्ययन, परियोजना रिपोर्टों, मार्केट तथा तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों को शुरू करने तथा अन्य उद्देश्यों के लिए किया जायेगा जिससे उद्योगों के विकास में सहायता मिल सके।

निगम ने अन्य दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर कम विकसित राज्यों/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों के सर्वेक्षणों में योगदान दिया है। अन्तर संस्थायी समूहों के द्वारा जिनकी स्थापना विभिन्न राज्यों में की गई है। इन सर्वेक्षण रिपोर्टों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले तीन अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने औद्योगिक सर्वेक्षण क्षमता रिपोर्टों में उल्लिखित परियोजनाओं के बारे में व्यावहार्यता अध्ययन शुरू कर दिया है।

वित्तीय संस्थानों ने केरल, उत्तर पूर्वी खण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश तथा उड़ीसा में तकनीकी सलाहकारी संगठना की स्थापना की है। इनकी स्थापना, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के नेतृत्व में की गई है। निगम ने हिमाचल प्रदेश तथा राजस्थान में ऐसे ही संगठन स्थापित करने के लिए कदम उठाये गये हैं जहां कि प्रवर्तन कार्यों के लिए निगम 'अग्रणी संस्थान' है।

निगम ने तेल की प्रक्रिया उद्योग का अध्ययन हाथ में ले लिया है। यह अध्ययन विश्व बैंक की इच्छा से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य इस उद्योग की विकास क्षमता का पता लगाना है। निगम यह अध्यन बाहरी ऐजेंसियों की सहायता से कर रहा है। भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद ने विस्तृत अध्यन शुरू किया है। आगामी 10 वर्षों में विभिन्न प्रकार के तेल बीजों की पूर्ति की सम्भावना का पता लगाया जा सके। तेल बीज अभिसंस्कार उद्योग के लिए रीजनल रिसर्च लेबोरेटरी हैदराबाद संयंत्रों के नमूने के तकनीकी मापदण्ड तथा विभिन्न उत्पादों तथा उप-उत्पादों के लिए प्रक्रियाएं प्रदान करेगी। वनस्पति तेलों तथा इसके उप-उत्पादों जिनके अर्थ-व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कई उपयोग हैं तथा जिनकी निर्यात क्षमता है, की मांग की संभाव्यताओं का पता लगाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस अध्ययन से तेल बीज अभिसंस्कार उद्योग की ऐसी बैंक योग्य परियोजनाओं का निरूपण होगा जिन्हें अल्पकाल में ही कार्यान्वित किया जा सकता है।

विकास के लिए प्रशिक्षण

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में यह भी व्यवस्था है कि दातव्य आरक्षित निधि का उपयोग विकास बैंकिंग एवं वित्तीय तथा औद्योगिक प्रबन्ध के क्षेत्रों में वित्तीय संस्थानों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया जाये।

इस व्यवस्था के अनुसार, निगम ने 1974 में तकनीकी सहायता योजना की शुरूआत की। इस योजना के अधीन

राज्य स्तर की वित्तीय निगमों तथा विकास ऐजेन्सियों के अधिकारी प्रतिमास निगम के प्रधान कार्यालय तथा इसके दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में एक मास के लिए बुलाये जाते हैं। इस योजना से इन अधिकारियों को निगम की नीतियों, प्रक्रियाओं तथा कार्य-विधियों को जानने का अवसर मिल सकेगा। यह योजना ऊपरिलिखित संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों पर भी लागू कर दी गई है लेकिन उनकी प्रशिक्षण अवधि कम समय के लिए होती है। योजना के प्रारम्भ होने से लेकर राज्यस्तर की 30 संस्थाओं के 47 मध्य स्तर के अधिकारी और 19 संस्थाओं के 22 वरिष्ट अधिकारियों ने भाग लिया है।

निगम द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान को वित्तीय सहायता देने के तौर पर दातव्य आरक्षित निधि से इसके प्रस्तावित प्रांगण के लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

प्रबन्ध विकास संस्थान प्रतिवर्ष विकास बैंकिंग में सामान्य पाठ्यक्रम को ऐसे ढंग से बनाया गया है ताकि यह केन्द्रीय तथा राज्य-स्तर की वित्तीय, प्रवर्तन तथा विकास संस्थाओं, बैंकों के अधिकारियों की आवश्यकता को पूरा कर सके। निगम प्रवर्तन कार्यों के तौर पर दातव्य आरक्षित निधि से राज्य स्तर की वित्तीय संस्थाओं से भाग लेने वाले भागीदारों की फीस का कुछ भाग पूरा करते हैं।

निगम ने राज्य सरकारों, राज्य स्तर की विकास ऐजेंसियों तथा उद्धमकर्ताओं के लाभ के लिए औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन तथा कार्यान्वित करने से सम्बन्धित कार्यक्रमों का भी प्रवर्तन किया है। निगम की ओर से इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा किया जाता है तथा खर्च का भाग दातव्य आरक्षित निधि से पूरा किया जाता है।

नये उद्धमकर्ताओं को प्रोत्साहन : निगम द्वारा प्रवर्तित जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के कार्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्णय लिया गया है कि के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों की ब्याज अन्य अन्तर निधियों का कुछ भाग प्रतिष्ठान को आबंटित किया जायेगा। यह सहायता दातव्य आरक्षित निधि से पूरी की जायेगी।

चेयरों की स्थापना—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32ख में अन्य बातों के साथ-साथ व्यवस्था की गई है कि विकास बैंकिंग वित्तीय तथा औद्योगिक प्रबन्ध में चेयरों की स्थापना की जाये। तदनुसार, निगम ने दो चेयरों की स्थापना की है। एक की स्थापना भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद तथा दूसरी की स्थापना दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबन्ध अध्ययन संकाय में की गई। जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था कि भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद ने मा० औ० वि० नि० प्रबन्ध प्राध्यापक की नियुक्ति की है जिसने अहमदाबाद में 'साख प्रशासन में संरचनात्मक तथा नियंत्रण समस्याएं'—भारतीय रिजर्व बैंक अध्ययन दल रिपोर्ट सीमा से बाहर नामक जन-व्याख्यान फरवरी, 1976 में दिया। व्याख्यान एक वार्षिक कार्यक्रम होगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अतिथि प्राध्यापक की प्रबन्ध अध्ययन संकाय में नियुक्ति कर ली है।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान

37. निगम ने जनवरी, 1975 में नये उद्धमकर्ताओं तथा तकनीकियों को उदार पूरक ऋण प्रदान करने की दृष्टि से जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान का प्रवर्तन किया। इस सहायता से वे उनके द्वारा प्रवर्तित की गई परियोजना लागत में शेयर पूंजी में लगाने के लिए अपना भाग अदा कर सकेंगे। प्रतिष्ठान से ब्याज रहित ऋण प्रदान किये जाते हैं और बकाया ऋण की राशि पर केवल एक प्रतिशत का सेवा प्रभार लिया जाता है। प्रवर्तकों द्वारा ये ऋण उनकी अपनी आय तथा अधिलाभांशों से अर्जित आय में से अदा किये जाते हैं।

38. प्रतिष्ठान ने जून 1976 में अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया और इसने दो आवेदन पत्रों पर 10.65 लाख रुपये के दो उदार ऋण मंजूर किये। प्रतिष्ठान ने 5.55 लाख रुपये का पहला ऋण तीन तकनीकियों तथा उद्धमकर्ताओं को मंजूर किया जिन्होंने ब्रिटन वाल्वस लि० का प्रवर्तन किया है। प्रत्येक प्रवर्तक को 1.85 लाख रुपये प्राप्त होंगे। प्रतिष्ठान से यह पूरक उदार ऋण प्राप्त होने पर प्रवर्तक 11.20 लाख रुपये अपने योगदान के रूप में जुटाने में समर्थ होंगे। इस परियोजना की पूंजीगत लागत 1·10 करोड़ रुपये होगी और यह कर्नाटक राज्य औद्योगिक निवेश तथा विकास निगम लि० के साथ मिलकर लगाई गई है। यह परियोजना विदेशी सहयोग से लगाई जा रही है और इसकी वार्षिक विस्थापित उत्पादन क्षमता 40 लाख वाल्व स्टेमो तथा 60 लाख कोर होगी। देश में यह इस प्रकार की दूसरी परियोजना होगी।

प्रतिष्ठान ने आर्यव्रत प्लाइबुड्स लि० को तीन प्रवर्तकों को भी 5.10 लाख रुपये के ऋण स्वीकार किये। इनमें से प्रत्यक को 1.70 लाख रुपय की सहायता प्राप्त होगी। प्रतिष्ठान से पूरक उदार ऋण सहायता मिलने पर प्रवर्तक साधारण पूंजी योगदान के लिए 15.30 लाख रुपय की राशि जुटा पायेंगे। यह परियोजना केन्द्र प्रशासित क्षेत्र दिल्ली में स्थापित की जायेगी और यह प्रतिवर्ष 4 मि० मि० मीटर मोटाई के 9.67 लाख वर्ग मीटर प्लाईवुड, फ्लश दरवाजों तथा ब्लाक दरवाजों का उत्पादन करेगी।

39. प्रतिष्ठान का अपना कार्य प्रारम्भ करने के लिए निगम ने इसे 97.79 लाख रुपये का आबंटित करने का फैसला किया है। यह राशि के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों की निधियों के ब्याज से पैदा हुई निधियों से प्रदान कराई जाती है जो निगम को ऋणों तथा निधियों के रूप में सरकार

द्वारा दी जाती है। ब्याज अन्तर जन्य निधियों के ऋण भाग पर देय ब्याज प्रतिष्ठान को अन्तरित किया जाता है और दातव्य आरक्षित निधि से निगम इन्हें अदा करती है।

40. निगम के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री सी० डी० खन्ना को प्रतिष्ठान का प्रथम अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नये उद्यमकर्ताओं के लिये तकनीकी सलाहकारी सेवाएं

41. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों का अनुभव रहा है कि जब परियोजनाएं वित्तीय सहायता के लिए उनके पास आती है तब परियोजना को तैयार करने में काफी योजना नहीं की जाती। उद्योग में प्रथम बार प्रवेश करने वाले नये उद्यमकर्ताओं तथा तकनीकियों के मामलें में यह बात विशेषकर देखने में आती है। परियोजना चक्र के विभिन्न रूपों में उन्हें विशेष संदर्शन की आवश्यकता होती है। यद्यपि इनकी परियोजनाओं को बैंक योग्य बनाने के लिए उचित परिवर्तन करने में वित्तीय संस्थान सहायता तथा प्रदर्शन प्रदान करते है। आवश्यकता इस बात की है कि परियोजना निर्माण की प्रारम्भिक अवस्थाओं में भी उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों को भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। महानगरीय केन्द्रों को छोड़कर कम विकसित राज्यों में कोई संस्थाई सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं जो प्रवर्तकों को छोटे तथा मध्यम दर्जे के उद्योग लगाने में आवश्यक तकनीकी सेवाएं उपलब्ध करा सकें। इसी पृष्ठ-भूमि को ध्यान में रखकर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के नेतृत्व में निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने केरल में प्रथम तकनीकी सलाहकारी संगठन का प्रवर्तन किया। उससे बाद उत्तर-पूर्वी खण्ड में गौहाटी, बिहार, उत्तर प्रदेश में तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित किय गये। आन्ध्र प्रदेश तथा उड़ीसा में भी इसी प्रकार के संगठन स्थापित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इन संगठनों की स्थापना में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने अग्रता की है।

42. उत्तरी खण्ड, अर्थात् राजस्थान हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली तथा चंडीगढ़ के केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में प्रवर्तन कार्यों के लिए निगम अग्रणी संस्थान है। निगम के नेतृत्व में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश में तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है और निगम ने ये तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

43. राजस्थान सरकार ने एक समिति की स्थापना की है जिसमें निगम का प्रतिनिधि भी है। यह समिति राजस्थान में प्रस्तावित तकनीकी सलाहकारी संगठन की स्थापना से सम्बन्धित व्यवस्था बतायगी। समिति ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और ऐसी संभावना है कि राजस्थान में प्रस्तावित संगठन शीघ्र ही कार्य करना शुरू कर देगा।

44. जहां तक हिमाचल प्रदेश में तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित करने का प्रश्न है, निगम ने एक योजना तैयार की है जिसके अनुसार प्रस्तावित तकनीकी सलाहकारी संगठन ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक एवं निवेश निगम, राज्य स्तर के वित्तीय संस्थान और हिमाचल प्रदेश की विकास एजेंसियां एवं कुछ बैंक भाग लेंग। प्रस्तावित सलाहकारी संगठन का नाम हिमाचल सलाहकारी संगठन लि० होगा। हिमाचल सलाहकारी संगठन एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में पंजीकृत कराया जायगा और इसका पंजीकृत कार्यालय शिमला में होगा।

हिमाचल सलाहकारी संगठन की अधिकृत पूंजी 20 लाख रुपय होगी। इसकी प्रारम्भिक प्रदत्त पूंजी 5 लाख रुपय होगी। कम्पनी को प्रदत्त पूंजी का 51 प्रतिशत भाग निगम के पास रहेगा और प्रदत्त पूंजी का 19 प्रतिशत भाग भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा लगाया जायगा। राज्य-स्तर की वित्तीय संस्थान 15 भाग तथा शेष 15 प्रतिशत शेयर पूंजी बैंक लगायेंगे।

प्रबन्ध विकास संस्थान

45. अपने कार्य प्रारम्भ करने की तीन वर्ष से भी कम की अवधि के भीतर प्रबन्ध विकास संस्थान ने देश में प्रबन्ध शिक्षा के क्षेत्र में अपना स्थान बना लिया है। संस्थान ने विकास बैंकिंग तथा विशेष उद्योगों के विभिन्न प्रबन्ध पहलुओं के क्षेत्र में पाठ्यक्रमों का आयोजन करने में अग्रता की है।

46. प्रबन्ध विकास संस्थान ने मार्च, 1974 में कार्य शुरू कर दिया और पहले 9 मास (मार्च-दिसम्बर, 1974) की अवधि में 15 कार्य-क्रमों का आयोजन किया जिनमें 424 व्यक्तियों ने भाग लिया।

प्रबन्ध विकास संस्थान ने 1975 के दौरान 25 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें अर्थ व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों से 813 भागीदारों ने हिस्सा लिया। भागीदारों में सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र, सहकारी क्षेत्र, वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। सरकारी विभागों और उप-क्रमों तथा विदेशी संस्थानों के कुछ अधिकारियों ने भी भाग लिया। 1975 के दौरान 25 कार्यक्रम आयोजित किय गये इनमें से आठ कार्यक्रम विकास बैंकिंग और 5 विशेष उद्योग कार्यक्रम, और 12 कार्यक्रम प्रबन्ध के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित थे।

1976 के पूर्वार्द्ध में प्रबन्ध विकास संस्थान ने 13 कार्य-क्रमों का आयोजन किया इनमें से एक कार्य-क्रम निगम के अधिकारियों के लिए कम्पनी कार्य-क्रम था। कुल मिलाकर, प्रबन्ध विकास संस्थान का 1976 के दौरान 35 कार्य-क्रमों के आयोजन करने का प्रस्ताव है। 1976 के लिए कार्य-क्रमों की सूची रिपोर्ट के परिशिष्ट 'अ' में दी गई है।

47. प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों का अवलोकन निम्नलिखित अवतरणों में दिया गया है।

विकास वैंकिंग : जनवरी, 1975 में प्रबन्ध विकास संस्थान ने 'वित्तीय संस्थानों के नामिल संचालकों का योगदान : दायित्व तथा कार्य' विचार-गोष्ठी का आयोजन किया। सरकार द्वारा निर्धारित किये गये निदेशनों के अनुसार वित्तीय संस्थानों के लिए उन वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में अपने संचालक नामित करना अनिवार्य है जहां पर ऋण करारों में संपरिवर्तन धारा अनुबंधित की गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह कार्य-क्रम आयोजित करना उचित था। ऋण करारों तथा सरकारी निर्देशनों के अनुरूप अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान सरकारी तथा गैर-सरकारी अधिकारियों को नामित करते रहे हैं। परिणामस्वरूप, विभिन्न अधिनियमों तथा सरकारी नीति के अनुरूप नामित संचालकों पर नई जिम्मेदारियां तथा दायित्व आ गये हैं। अतः विचार-गोष्ठी में उन संचालकों का ध्यान उनके अधिकारों तथा दायित्वों की ओर दिखाया गया इससे विचारों के आदान-प्रदान में भी काफी सहायता मिली।

'ऋण परियोजनाओं के पुर्नस्थापन' पर एक वर्कशाप का भी आयोजन किया गया। इस वर्कशाप में रूग्ण परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं जैसे रूग्णता का पता लगाना, पुनर्स्थापन के संचालन पहले जैसे प्रबन्धकवर्ग में परिवर्तन संस्थाओं की वित्तीय पुरसंरचना, विधि पहलू और संचालन दृष्टि से उनके अन्योन्य प्रभाव, पुर्नस्थापन कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में तेजी लाना आदि पहलूओं पर विचार किया गया। 'पूर्व प्राषित नकदी बहाव तकनीकी तथा लागत लाभ विश्लेषण' की वर्कशाप में परियोजनाओं के आर्थिक मूल्यांकन में पूर्व प्राषित नकदी बहाव तथा लागत लाभ विश्लेषणों के योगदान पर जोर दिया गया।

प्रबन्ध विकास संस्थान ने इस वर्ष 'पिछड़े क्षेत्रों का विकास : दाय-पेंच एवं नीतियां' नामक महत्वपूर्ण विचार-गोष्ठी का आयोजन किया। वित्तीय तथा प्रवर्तन संस्थानों के योगदान पर भी जोर दिया गया। इस विचार गोष्ठी में विभिन्न वित्तीय तथा विकास संस्थानों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया और इसमें कम विकासित क्षेत्रों के विकास सं सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार हुआ। विचार गोष्ठी में विकास केन्द्रों की महत्ता पर जोर दिया जो कि स्थानीय आर्थिक क्षमता को विकसित करने का साधन है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि ऐसे उद्योगों का प्रवर्तन किया जाये जो कुछ समय बाद सामूहिक प्रभाव डाल सके। इस विचार-गोष्ठी ने औद्योगिक अवस्थापना की धारणा की विस्तृत करने जिसमें हाऊसिंग, चिकित्सालय, पाठशालाएं, यातायात आदि को मिलाने पर बल दिया। सहायक और गौण उद्योगों के विकास के लिए उनका निरूपण करना, तथा योजना बनाकर कार्यरूप प्रदान करने पर भी जोर दिया गया। विचार गोष्ठी का मत था कि इस प्रकार के प्रोत्साहन तथा अनुदान दी जाये जो उद्योगों तथा आर्थिक कार्यों में प्रवर्तन लाने में भी सक्षम हो जिससे विस्तृत विकास लक्ष्यों जैसे, क्षेत्र के लोगों को उत्पादक तथा लाभकारी रोजगार प्रदान करना, स्थानीय कच्चे मालों का सदुपयोग, स्थानीय उद्यमकर्ताओं को प्रोत्साहन, आदि।

विशेष उद्योग कार्यक्रम : प्रबन्ध विकास संस्थान ने प्रथम बार चीनी तथा वस्त्र उद्योगों के अतिरिक्त खनन उद्योग में कार्यकारी विकास कार्यक्रम में प्रवेश किया। खनन उद्योग का प्रबन्ध कार्यक्रम इण्डियन स्कूल आफ साइन्स, धनबाद के परामर्श तथा सहयोग से आयोजित किया गया। प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम था 'मन्दी तथा सुधार के दौरान हल्के इंजीनियरिंग उद्योग का प्रबन्ध'। आयोजित किए गए कुछ विशेष उद्योग कार्यक्रम थ 'सूत कताई मिलों में लागत तथा लागत नियंत्रण' 'चीनी उद्योग का प्रबन्ध तथा गन्ना विकास'।

48. विभिन्न कार्यक्रमों में प्रबन्ध विकास संस्थान की संकाय, जिसमें 1975 के दौरान काफी वृद्धि की गई, के अतिरिक्त सरकारी तथा गैर सरकारी ऐजेंसियों से भी अतिथि संकाय में लिए गए। अतिथि संकाय में मानचेष्ट्र ब्युजिनेस स्कूल से एक अतिथि ने 'मानव शक्ति उत्पादन और प्रोत्साहन कार्यक्रम में भाग लिया न्यू यार्क विश्वविद्यालय के दो सदस्यों ने उन्नत प्रबन्ध कार्यक्रम 'परिवर्तन का प्रबन्ध तथा चुनौतियां' में भाग लिया।

49. संकाय में वृद्धि होने के साथ-साथ प्रबन्ध विकास संस्थान धीरे-धीरे सलाहकारी कार्य हाथ में ले रहा है। 1975 के दौरान, एक सहकारी क्षेत्र की निगम के लिए संगठन विकास के क्षेत्र में तथा राज्य वित्तीय निगम के लिए कार्मिक प्रवरण के कार्य पूरे किये।

50. जैसा कि उल्लेख किया गया था कि हरियाणा सरकार ने इसके प्रांगण के निर्माण के लिए पालम हवाई अड्डे, नई दिल्ली के पास गुड़गांव में भूमि उपलब्ध कराई है। प्रबन्ध विकास संस्थान ने 11.45 लाख रुपये के मूल्य पर 36.38 एकड़ भूमि को अपने अधिकार में ले लिया है और निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन तथा कार्यान्वयन कार्यक्रम

51. कम विकसित क्षेत्रों के औद्योगिक विकास पर अधिक जोर देने तथा नये उद्यमकर्ताओं और तकनीकियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की वृद्धि दृष्टि से अब राज्य सरकारों एवं राज्य स्तर की विकास ऐजेंसियों के अधिकारियों पर अधिक दायित्व आ पड़ा है। इस दायित्व के दो रूप हैं। पहला तो सरकार ने स्वयं उद्यमकर्ता का भाग अदा करना है, विशेषकर, औद्योगिक रूप से कमविकसित क्षेत्रों में निवेश करना है जहां प्राइवेट उद्यमकर्ता धन लगाते हुए

कतराते हैं। दूसरे, नये उद्यमकर्ता तथा तकनीकी अपनी परियोजनाओं की योजना बनाने तथा कार्यान्वित करने के लिए राज्य स्तर की वित्तीय तथा विकास ऐजेंसियों की ओर देखते हैं। परिणामस्वरूप, निगम ने अनुभव किया कि यदि इन अधिकारियों को औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, निरूपण, मूल्यांकन और कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं में कुछ अभिस्थापन प्रदान किया जाये तो ये अपना दायित्व अधिक भली प्रकार निभा पायेंगे।

52. तदनुसार, निगम ने राज्य सरकारों, राज्य स्तर की विकास ऐजेंसियों के अधिकारियों तथा नये उद्यमकर्ताओं के लाभ के लिए औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन एवं कार्यान्वियन करने से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन करने से सम्बन्धित कार्य-क्रमों का आयोजन किया। ये कार्य-क्रम निगम की ओर से प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित किए जाते हैं। प्रथम कार्यक्रम का आयोजन फरवरी 1975 में उड़ीसा में पुरी नामक स्थान पर किया गया। अक्तूबर, 1975 में दूसरे कार्यक्रम का आयोजन उत्तर-पूर्वी खण्ड/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों के लाभ के लिए शिलांग में किया गया। 1976 के दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश में तथा दूसरे का आयोजन पश्चिमी बंगाल में किया गया। इन कार्यक्रमों को अच्छा प्रोत्साहन मिला और जिनके लिए ये कार्यक्रम बनाये गये हैं उन्होंने इन्हें सराहा है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया था, इन कार्यक्रमों पर आने वाला व्यय निगम द्वारा उठाया जाता है।

उद्योगों की सामान्य समीक्षा

53. 1975-76 के दौरान औद्योगिक उत्पादन की विकास दर 5.7 प्रतिशत रही जो कि 1974-75 की तुलना में 2.5 प्रतिशत अधिक थी। 1975-76 के दौरान औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि का कारण रहे हैं मुख उद्योगों, जैसे लोहा तथा इस्पात, नाइट्रोजन उर्वरक, कोयला, अलमोनियम और सीमेंट के उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार। बिजली के उत्पादन में भी वृद्धि होनी शुरू हुई। सर्वोपरि, सरकारी, क्षेत्र के उपक्रमों में उल्लेखनीय वृद्धि से राहत के लक्षण दिखाई पड़े। सुधारपूर्ण औद्योगिक सम्बन्धों ने भी औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में अपना योगदान दिया। लेकिन कुछ उद्योगों, जैसे, सूती वस्त्र, आटोमोबाइल उद्योग और कुछ उपभोग्य पदार्थों के उत्पादन में कमी हुई।

वर्ष के दौरान, सरकार ने वर्तमान क्षमता के उपयोग में सुधार लाने के लिए तथा औद्योगिक लाइसेंस नीतियों और प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने के लिए कई कदम उठाये। मध्य स्तर के उद्यमकर्ताओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने 21 चुने हुए उद्योगों को सामान्य लाइसेंस आवश्यकताओं से छूट देने का फैसला दिया। 29 उद्योगों ने मध्य दर्जे के उद्यमकर्ताओं को अपनी विस्थापित क्षमता से अधिक उपयोग करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है चाहे यह उनकी लाइसेंस क्षमता से अधिक है। ये सुविधाएं उन औद्योगिक उपक्रमों को उपलब्ध होंगी जो एकाधिकार एवं निर्बंधनकारी व्यापार प्रथा और विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम के अनुसार निर्यात के लिए अधिक उत्पादन अथवा सरकारी निवेशों के अनुसार बिक्री करने के लिए उत्पादन करते हैं।

इसके अतिरिक्त 15 चुने हुए इंजीनियरिंग उद्योगों को 5 प्रतिशत वार्षिक अथवा एक योजना की अवधि में 25 प्रतिशत की सीमा तक वर्तमान अधिकृत क्षमता की कुछ शर्तों के अधीन बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह स्वीकृति वृद्धि उत्पादन में लाइसेंस क्षमता में 25 प्रतिशत की सामान्य सीमा के अतिरिक्त मशीनरी उद्योगों में क्षमता का पूर्ण उपयोग करने की दृष्टि से सरकार ने मार्च, 1974 में मशीनरी उद्योगों के समूह के भीतर विशेष अनुमोदन प्रक्रिया के आधार पर मशीनरी उद्यैयोगों को उनके उत्पादन में विशाखन की पूर्ण स्वतंत्रता देने का फैसला किया है। बाद में यह सुविधा मशीनरी औजार उद्योगों, बिजली सयंत्र उद्योग, इस्पात ढलाई तथा कुटाई उद्योगों को भी प्रदान की गई। सरकार ने बिजली भट्टी उद्योग को भी जिनके पास इस्पात के गड्टों या सिल्लियों के उत्पादन की सुविधाएं हैं, को उनकी समग्र लाइसेंस सीमा में इस्पात ढलवा वस्तुओं के निर्माण के लिए विशाखन की पूर्ण स्वतंत्रता देने का निश्चय किया है। कुछ शर्तों के अधीन सरकार ने यात्री कारों का निर्माण करने वाले उपक्रमों को जो आटोमोबाइल, औद्योगिक मशीनरी तथा मशीनी औजारों के उद्योग समूह में आते हैं को समग्र लाइसेंस क्षमता के भीतर विशाखन करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मई, 1975 में सरकार ने सीमेन्ट निर्माताओं को आन्तरिक उपयोग के लिए सयंत्रों को संरचना करने की स्वीकृति प्रदान की बशर्ते उस इकाई के पास इस प्रकार के सयंत्र निर्माण करने की सुविधाएं हों।

कुछ प्राथमिकता उद्योगों की लाभ क्षमता बढ़ाने की दृष्टि से सरकार मूल्य नीति के क्षेत्र में कुछ कदम उठाये। कुछ मामलों में कीमतों से नियंत्रण हटा लिया गया है तथा अन्य कुछ मामलों में दोहरी कीमत व्यवस्था अपनाई गई है। एक ओर यह निदेशकों को उचित लाभ प्रदान करेगी तथा दूसरी ओर उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतें पड़ने से रक्षा करेगी।

1976-77 के केन्द्रीय बजट में त्वरित विकास पर मुख्य जोर दिया गया है। बजट में निगमित क्षेत्र से सम्बन्धित रखे गये प्रस्तावों का उद्देश्य उत्पादन बढ़ाना तथा निवेश को प्रोत्साहन प्रदान करना है। बहुत सी वस्तुओं में बिक्री कर का समायोजन जिनमें कि मांग कम थी। इसके अतिरिक्त कुछ प्राथमिकता उद्योगों में निवेश भत्ता योजना भी प्रारम्भ की गई। यह योजना प्रारम्भिक ह्रास भत्ता योजना के स्थान पर शुरू की गई है। निवेश भत्ता 31 मार्च, 1976 के बाद विस्थापित की जाने वाली नई मशीनरी और संयंत्र के लागत के 25 प्रतिशत की दर से दिया जायगा। बजट में उन कम्पनियों की आयकर पर 5 प्रतिशत के प्रभार में

छूट देने की भी व्यवस्था की गई है लेकिन उन्हें भारतीय औद्योगिक विकास बैंक में 5 वर्ष की अवधि के लिए इसके बराबर राशि जमा करानी होगी।

आगामी अवतरणों में कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों की समीक्षा दी गई है जिनमें निगम ने सहायता प्रदान की है इसके साथ ही इस संदर्भ में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति का भी ब्यौरा दिया गया है।

उर्वरक

1975 के दौरान नाइट्रोजन और फास्फेटीक (पी०ओ०) की विस्थापित क्षमता क्रमशः 25.09 लाख टन तथा 6.42 लाख टन थी। 1975 के दौरान नाइट्रोजन उर्वरकों का उत्पादन 14.20 लाख टन था जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.27 लाख अधिक था। यह वृद्धि सरकारी क्षेत्र की उर्वरक इकाईयों की अच्छी प्रगति के कारण संभव हुई। लेकिन फास्फेटिक उर्वरकों के मामले में उत्पादन में सीमांत ह्रास हुआ है।

जुलाई, 1975 में सरकार ने नाइट्रोजन उर्वरकों, अर्थात यूरिया और केल्शियम अमोनियम नाइट्रेट के दामों में कमी कर दी है। मिश्रित उर्वरकों के दामों में उनके उत्पादकों द्वारा काफी कमी की गई। फास्फेटिक एसिड पर आयात शुल्क और इकहरे सुपर फास्फेट पर उत्पादन शुल्क कम कर दिया गया। ये सभी कदम उर्वरकों के अधिक प्रयोग द्वारा कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए किए गए।

निगम द्वारा वित्तपोषित एक संस्था ने 1975 में वाणिज्यिक आधार पर उत्पादन शुरु कर दिया है। यूरिया और एन० पी० के उर्वरकों का उत्पादन संतोषप्रद रहा है यद्यपि उच्च लागतों के कारण एन० पी० के खादों की बिक्री में कमी रही। यूरिया का उत्पादन करने वाली दो अन्य वित्तीय संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा। सुपर फास्फेट का उत्पादन करने वाली एक अन्य वित्तपोषित संस्था के कार्य पर संचालन कठिनाईयों तथा बिजली की कटौती के कारण दुष्प्रभाव पड़ा। संस्था को कार्यकारी पूंजी के अभाव का सामना करना पड़ा।

सीमेंट

सीमेंट उद्योग में 54 इकाईयां उत्पादन में लगी हैं और इनकी विस्थापित क्षमता 211.6 लाख टन है। 1975 के दौरान सीमट के उत्पादन में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उत्पादन 142.6 लाख टन से बढ़कर 163.0 लाख टन हो गया। 1975 के दौरान क्षमता का उपयोग 77 प्रतिशत रहा। सीमेंट उद्योग को उत्पादन की शुष्क प्रक्रिया उत्पादन को अधार बनाकर उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है क्योंकि इससे उत्पादन में काफी बचत होगी।

वर्ष के दौरान सरकार ने सीमेंट की उन इकाईयों पर लागू की जाने वाली मूल्य नीति की घोषणा की जो 1976–77 के बाद उत्पादन शुरु करेगी। इकाईयों को लगाई नई पंजी पर 14 प्रतिशत का प्रतिलाभ दिया जायेगा बशर्ते कि उनकी पूंजी लागत क्षमता का 650 रुपया प्रति टन से अधिक न हो नई/विस्तार इकाईयों के लिए जो 1975–76 और 1976–77 में उत्पादन शुरु करेगी, उन्हें धारण मूल्य पर 10 रुपये प्रति टन की स्वीकृति प्रदान की गई है। अक्तूबर, 1975 में कोयला, बिजली आदि की उच्च लागतों को पूरा करने के लिये 18.60 रुपए प्रति टन की दर से धारण मूल्य में वृद्धि की गई। लेकिन यह वृद्धि उपभोक्ता पर नहीं डाली गई क्योंकि फुटकर मूल्य को स्थिर रखा गया।

निगम की एक वित्तपोषित संस्था ने पूर्ण क्षमता से कार्य किया। दक्षिण में स्थित चार निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थायें बिजली की कमी के कारण क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकी। बिहार में स्थित एक अन्य वित्तपोषित संस्था बिजली में कटौती और चुने में कमी के कारण भली प्रकार काम नहीं कर सकी। मेघालय में स्थित एक अन्य संस्था अपने कार्य में सुधार कर रही है और वर्ष के दौरान इसकी विस्तार योजना के लिए और रहायतें मंजूर की गई। इन संस्थाओं का औसतन क्षमता उपयोग 81 प्रतिशत था। कुछ वित्तपोषित संस्थायें सीमेंट के उत्पादन के लिए गीली प्रक्रिया को छोड़ कर शुल्क प्रक्रिया को अपना रही है।

कागज

1975 के अन्त में 74 लाख कागज मिल उत्पादन में लगे थे और इनकी विस्थापित क्षमता 10.40 लाख टन थी। 1975 के दौरान कागज तथा गत्ते के उत्पादन में 1974 की तुलना में 8,000 टन की सीमांत कमी रही। कागज की उपलब्धता स्थिति में सुधार होने तथा कागज की सहज उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 1974 में जारी किए गए आदेश में अस्थाई रुप से कुछ ढील कर दी है। उद्योग ने शिक्षा क्षेत्र और रियायती दर पर उपलब्ध कराने के लिए सफेद छपाई कागज की सरकारी मांग को पूरा किया है। लेकिन सरकार ने उद्योग को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अधिक निवेश को आकर्षित करने और उद्योग को विकसित करने के लिए सरकार नई कागज इकाईयों को 2750 रुपये प्रति टन की रियायती दर से कागज उपलब्ध कराने के लिए उत्पादन प्रारम्भ करने से 5 वर्ष अथवा 31 दिसम्बर, 1983 तक की छूट प्रदान की है। यह आदेश उन विस्तार योजनाओं पर भी लागू होंगे जिन्होंने 24 जनवरी, 1976 के बाद उत्पादन शुरु किया है।

कुछ शर्तों के अधीन सरकार ने कागज उद्योग को उद्योग (विकास तथा नियमन) अधिनियम की कुछ उपबन्धों से छूट प्रदान की है यदि यह कच्चे माल का आधार कृषि घासफूस तथा देशी मशीनरी का उपयोग करेगी लेकिन आधारित कच्चे माल पर आधारित संकलित मिलों पर उद्योग (विकास और नियमन) अधिनियम, 1951 की धाराऐं लागू रहेंगी और सरकार उनकी योजनाओं पर गुणावगुणों के आधार पर विचार करेगी।

निगम की वित्तपोषित एक संस्था ने अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग किया। बाजार दबाव और बिजली की कमी एवं तनावपूर्ण औद्योगिक संबंधों के कारण वित्तपोषित संस्थाओं के मामलो में क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा सका।

सोडा एश

1975 के अन्त में चार इकाईयों सोडा एश के उत्पादन में लगी थी और इनकी विस्थापित क्षमता 6.33 लाख टन थी जो कि 1974 में 6.18 लाख टन थी। 1975 में सोडा एश का उत्पादन 5.42 लाख टन रहा जो कि पिछले साल की तुलना में 0.24 टन अधिक था।

पांचवीं योजना में 11.00 लाख टन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने 4.57 लाख टन की अतिरिक्त क्षमता का अनुमोदन किया है।

निगम की वित्तपोषित संस्था का उत्पादन क्षमता से अधिक रहा। हाल ही में यह परियोजना अपनी वार्षिक क्षमता 55,000 टन से 65,000 टन बढ़ाने के लिए परिवर्तन, पुनस्थापन और विस्तार योजना बनाई है। अन्य इकाई का क्षमता उपयोग कुछ कम रहा।

आटोमोबाइल टायर और टयूब

आटोमोबाइल टायर और टयूबें उद्योग में 13 इकाईयां उत्पादन कर रही हैं और इनकी वार्षिक विस्थापित क्षमता 66.25 लाख वार्षिक है। 1975 में टायरों और टयूबों का उत्पादन क्रमशः 60.00 लाख और 47.00 लाख रहा। उद्योग को बाजार कठिनाइयों का सामना करना पडा। 1980–81 तक 120 लाख के लगभग क्षमता पैदा किए जाने का अनुमान है जो भावी मांग को पूरा कर सकेगी। उद्योग से विचार विमर्श करके सरकार ने हैवी ड्यूटी टायर और टयूबों के वितरक की योजना लागू की है। यह वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने और प्राथमिक क्षेत्रों को पूर्ति आश्वस्त करने तथा प्रत्येक राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए किया गया है। 1976–77 के केन्द्रीय बाजार में आटोमोबाइल टायर और टयूबों को शुल्क में छूट दी गई है जबकि करारों के साथ इन्हें मूल यंत्र के रूप में दिया जाता है।

जैसी कि सामग्र उद्योग में स्थिति भी निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं को बाजार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। निगम द्वारा वित्तपोषित एक संस्था को इसके अतिरिक्त तनाव पूर्ण औद्योगिक संबंधों और अन्य संस्था को विभिन्न कारणों, जैसे, संचालन कठिनाईयों, बिजली की कमी आदि के कारण बाजार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

लघु इस्पात संयंत्र

नरम इस्पात सिलियों/बिसटों का उत्पादन करने के लिए 202 लाइसेंस प्राप्त/पंजीकृत बिजली की भट्टी वाली इकाईयां हैं। इन इकाईयों की प्रतिवर्ष कुल क्षमता 43.2 लाख टन है। इसके अतिरिक्त बहुत सी ऐसी इकाईयां भी हैं चाय भट्टियां आदि की स्थापना के लिए प्रभावशाली कदम उठाये है लेकिन इनको लाइसेंस देने पर विचार नहीं किया जा सका क्योंकि ये प्रभावशाली कदम अक्टूबर, 1973 से पहले नहीं उठाये गये थे। इनकी क्षमता का जायजा लेने के बाद इस्पात सिल्लियों की बिजली भट्टी क्षमता कहीं अधिक होगी। आजकल 100 इकाईयां उत्पादन में लगी हैं। इनकी क्षमता उपयोग बहुत ही कम रहा। यहां तक कि 30 प्रतिशत नीचे तक। पहले इन इकाईयों की बिजली की कमी और लौह छीजन की कमी का सामना करना पड़ रहा था। बाद में इनके सामने बजार कठिनाईयां रही। इसका कारण था कि लघु इस्पात संयंत्रों की उत्पादन लागत संकलित इस्पात संयंत्रों से अधिक है। परिणामस्वरूप, सरकार का विचार है कि इन इकाईयों की दीर्घकालीन आधार परस्वास्थ्य नीव प्रदान की जाये और इन्हें तत्काल राहत प्रदान की जाये ताकि ये वर्तमान वितरित बाजार स्थिति को सहन कर सकें। सरकार ने लघु-इस्पात संयंत्रों को व्यावहार्यता में सुधार लाने के लिए व्यावसायिक परामर्शदाताओं द्वारा अध्ययन शुरु करवाया है ताकि इन इकाईयों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और विशाखन सहित अन्य उचित उपायों का अनुमोदन किया जा सके।

लेकिन परामर्श दाताओं के सुझाव प्राप्त होने तक, सरकार ने इन इकाईयों को तुरन्ततत राहत प्रदान करने की जरुरत को समझा है और दिसम्बर, 1975 में लघु इस्पात संयंत्रों द्वारा उत्पादित सिल्लयों पर उत्पादन शुल्क 200 रुपये प्रति टन से घटाकर 40 रुपये प्रति टन कर दिया है।

निगम द्वारा वित्तपोषित लघु इस्पात संयंत्रों की प्रगति उद्योग की बाकी सामान्य प्रगति के समान रही थी। उन्हें अलाय्, भारी बाजार मूल्यों के कारणबाजार कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ा।

इस्पात की ढलवां वस्तुएं

इस्पात की ढलवां वस्तुओं का उत्पादन करने वाले संगठित क्षेत्र में 51 इकाईयां उत्पादन में लगी थी और इनकी विस्थापित क्षमता 1.60 लाख टन थी। 1975 के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 7 प्रतिशत की कमी हुई। उत्पादन में गिरावट का मुख्य कार् सामान्य इस्पात की ढलवां वस्तुओं की मांग का कम हो जाना था। यद्यपि विशेष ढलवां वस्तुओं की मांग अच्छी थी लेकिन बहुत से मामलों में उचित तकनीकी आधार की कमी के कारण उत्पादन शुरु नहीं किया जा सका।

सरकार ने इनकी सामग्री लाइसेंस गक्षमता के भीतर इस्पात सिल्लियों का उत्पादन करन की स्वीकृति प्रदान कर दी है ताकि ये अपनी अतिरिक्त पिघलाई क्षमता का उपयोग कर सकें।

अनुमान लगाया गया है कि 1975 में लौह की ढलवां वस्तुओं का उत्पादन 1974 के उत्पादन की तुलना करने पर लगभग 5.5 प्रतिशत उत्पादन अधिक होगा क्योंकि इन इकाईयों ने इंजीनियरिंग उद्योग, और रेलवे के लिए ढले लोहे के पटों तथा सेनिटरी के अन्य ढलवां सामान की मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में विशाखन कर लिया है। 1975 में लोचदार इस्पात की ढलवां वस्तुओं का उत्पादन 1975 की तुलना में कम था जिसका कारण बिजली की कटौती और कुछ मामलों में वर्ष की कुछ अवधि-दौरान तनावपूर्ण औद्योगिक संबंध रहे हैं। लोहे की ढलवां वस्तुओं और लोचदार ढलवां वस्तुओं का उत्पादन करने वाली एक निगम की वित्तपोषित संस्था बिजली की कमी और प्रबन्ध कमियों के कारण पूर्ण क्षमता का प्रयोग नहीं कर सकी।

शक्ति टिलर्स

आजकल शक्ति टिलरों का उत्पादन करने वाली चार इकाईयां हैं और इनकी कुल वार्षिक विस्थापित क्षमता 16000 है। 1975

के दौरान शक्ति टिलरों के उत्पादन का अनुमान 3000 है जो पिछले वर्ष 2009 था। कम मांग के कारण उत्पादन विस्थापित क्षमता से कहीं अधिक रहा। योजना आयोग के अनुसार पांचवीं योजना के अन्त में शक्ति टिलरों के क्षमता और उत्पादन लक्ष्य क्रमश: 36000 और 20000 होगा। हाल ही में मांग में वृद्धि हुई है।

निगम द्वारा वित्तपोषित एक संस्था की क्षमता कच्चे माल और पुर्जों, संचालन कठिनाईयों, बाजार सीमाओं एवं बिजली की कमी के कारण पूरी उपयोग नहीं की जा सकी। अन्य संस्था की बाजार कठिनाईयों तथा बिजली की कमी का सामना करना पड़ा।

कृषि ट्रैक्टर

इस समय कृषि ट्रैक्टरों का उत्पादन करने वाली लाइसेंस प्राप्त 15 इकाईयां हैं इनकी कुल क्षमता 129000 है। इन 15 इकाईयों में से 11 उत्पादन में लगी हैं और इनकी कुल वार्षिक विस्थापित क्षमता 50,000 है। 1975 (32000) में 1974 (29052) की तुलना में 10 प्रतिशत उत्पादन वृद्धि हुई। ट्रैक्टरों का सामान वितरण करने के लिए 1971 में लागू किया गया ट्रैक्टर (वितरण और बिक्री) आदेश में जनवरी, 1976 में ढील कर दी गई और अब केवल तीन माडलों के ट्रैक्टर की इस सीमा में आते हैं।

सरकार ने अक्टूबर, 1974 में ट्रैक्टरों की पैरामिटरीक संनिरीक्षण व्यवस्था लागू की है। विभिन्न कच्चे मालों की कीमतें बढ़ने के परिणामस्वरूप ट्रैक्टरों की मांग में गिरावट आई। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने तीन माडलों को छोड़कर निरीक्षण 15 जनवरी, 1976 से समाप्त करने का फैसला किया।

निगम द्वारा वित्तपोषित देशी डिजायन और जानकारी पर आधारित निर्माण करने वाली एक संस्था कुट्टित/ढलवां वस्तुओं का एवं हाइड्रोलिक पम्पों की उपलब्धता में कमी होने के कारण अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकी। एक अन्य संस्था का 1975 के दौरान क्षमता उपयोग 75 प्रतिशत था। वह अपने उत्पाद के देशीयकरण और क्षमता उपयोग के लिए क्रमिक विकास करने में व्यस्त थी।

सूती वस्त्र

देश में 698 सूती वस्त्र मिल हैं जिनमें 409 कताई मिल और 289 संयुक्त मिलें हैं। 1975 के अन्त में कुल 698 मिलों का विस्थापित क्षमता 195.44 तकुए और 2.08 लाख करघे थी। सूती धागे का उत्पादन 1974 के 10070 लाख किलो से घटकर 1975 में 9893 लाख किलो रह गया। इसी प्रकार कपड़े का उत्पादन भी 1974 में 43154 लाख मीटर से घटकर 1975 में 40323 लाख मीटर रह गया। 1975 में उत्पादन में गिरावट का मुख्य कारण बाजारी सुस्ती और बिजली कटौती रहे हैं। निर्यात मांग में गिरावट आई और नियंत्रित कपड़े के वितरण के लिए असन्तोषजनक व्यवस्था की कठिनाईयों को और भी बढ़ा दिया। सरकार ने नवम्बर 1975 में नियंत्रित कपड़े का वितरण व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किए जिससे मिलों की स्टाक स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य कपास और धागे की कीमतों में समरुपता न होने के कारण संतोषजनक नहीं रहा है। बिजली कटौती से कठिनाईयां और भी बढ़ गई। संक्षेप में, तकुओं का कम उपयोग, धागे का कम उत्पादन, कार्यकारी खर्चों में वृद्धि कच्ची कपास, की उच्च लागत के कारण निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य विशेषकर कताई क्षेत्र में असंतोषप्रद रहा।

चीनी

1974–75 के मौसम के 47.94 लाख टन की तुलना में 1975–76 के दौरान उत्पादन में गिरावट हुई और इसका अनुमान 45 लाख टन रहा।

सरकार ने 1975–76 के दौरान भी 1974–75 के मौसम के लिए निर्धारित न्यूनतम मूल्य बनाये रखने का निर्णय किया जो कि 8.5 प्रतिशत अथवा इससे कम की उपलब्धि के लिए गन्ने का मूल्य 8.50 रु० प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था जिसके साथ 8.5 प्रतिशत से अधिक प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 10 पैसे का प्रीमियम निश्चित किया था। उच्च लागत चीनी इकाईयों को व्यवहार्य बनाने के लिए जांच करने से आवश्यक राहत प्रदान के लिए सरकार ने सम्पत समिति की स्थापना की और इसके सुझावों के अनुसार नई इकाईयों और विस्तार योजनाओं के लिए नई प्रोत्साहन योजना की घोषणा की गई। बाकी कारखानों के लिए नियंत्रित चीनी तथा उन्मुक्त चीनी का अनुपात 65 : 35 रखा गया।

31 दिसम्बर, 1975 को लाइसेंस प्राप्त/पंजीकृत चीनी सहकारिताओं की कुल संख्या 178 थी। 1975–76 के मौसम के दौरान इनमें से 103 सहकारी चीनी फैक्टरियां उत्पादन में लगी थी। 1975–76 के दौरान कुल चीनी उत्पादन में सहकारी क्षेत्र का योगदान 20.08 लाख टन था जो कि कुल उत्पादन का 47 प्रतिशत है।

महाराष्ट्र क्षेत्र में वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति संतोषजनक रही। चीनी क्षेत्र विशेषकर सहकारी क्षेत्र में क्षमता उपयोग अच्छा रहा है। लेकिन सूखा स्थिति के कारण तमिलनाडु और गुजरात की इकाईयां अच्छी प्रगति नहीं कर सकी।

पटसन

पटसन उद्योग के लिए विशेषकर 1975 का वर्ष अच्छा नहीं रहा। निर्यात मांग गिर गई और कृत्रिम रेशों से प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई। बंगला देश से प्रतिस्पर्धा बढ़ी। 1974 के 10.83 लाख टन की तुलना में 1975 में उत्पादन बढ़कर 11.35 लाख टन हो गया उद्योग ने लगभग पूरी क्षमता से काम किया। निर्यात बिक्री को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने क्रमबद्ध रुप से सभी पटसन वस्तुओं पर निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया। निर्यात के लिए गलीचे के आस्तीनों पर नकद सहायता मंजूर की।

निगम द्वारा वित्तपोषित पटसन मिल कम्पनियों का मुख्यतया एक ओर स्टाक जमा हो जाने और दूसरी ओर लगातार हानि के कारण संचालन अच्छा नहीं रहा। आगामी मौसम अर्थात 1976–77 के दौरान प्रति एकड़ अधिक उत्पादन तथा अनुकूल जलवायु से पटसन की अच्छी फसल होने की संभावना है। अत: संभावना है कि उद्योग को उचित मल्य पर अपनी आवश्यकताओं के लिए कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा।

अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही

54. किसी भी अन्य विकास बैंक की भांति निगम ने भी ऋण मंजूर हो जाने के पश्चात अन्तिम उपयोग तक उचित देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए कार्याविधि की व्यवस्था की है। यह इस बात का पता लगाने के लिए अनिवार्य है कि ऋण करार में अनुबन्धित शर्तों का पालन किया गया है या नहीं और परियोजना कार्यक्रम के अनुसार प्रगति कर रही है अथवा नहीं।

कुछ वर्ष पूर्व तक अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही का दायित्व मूलतः देश के चार महानगरों में स्थित शाखा कार्यालयों पर था। वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या बढ़ने तथा उनके समग्र देश में और यहां तक कि सुदूर ग्रामों में व्याप्त होने से आवश्यक मात्रा में अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही करना अधिक कठिन हो गया था। अतः पिछले तीन वर्षों में निगम ने विभिन्न राज्यों में 13 और अधिक कार्यालय खोले हैं। इन कार्यालयों में आवश्यक तकनीकी तथा वित्तीय स्टाफ की व्यवस्था की गई है जो अब अधिक तेजी से फैक्टरी स्थल पर जाकर निरीक्षण कर सकेंगे। अतः निगम के विभिन्न कार्यालय इस स्थिति में हैं कि वे प्रधान कार्यालय से उचित निदेश प्राप्त करके वित्तपोषित संस्थाओं की अनुवर्ती कार्रवाई कर सकते हैं।

अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्रवाई के उद्देश्यों को संक्षेप में नीचे दिया गया है :—

(1) यह देखना तथा निश्चित करना कि सहायता का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया है जिसके लिए यह मंजूर की गई थी।

(2) निर्माण अवस्था में देखना है कि निर्माण की प्रगति कार्य क्रमानुसार चल रही है।

(3) इस बात का अनुमान लगाना कि परियोजना मूल्य प्राक्कलित पूंजी लागत में पूर्ण हो सकेगी, यदि नहीं तो कितना अति-व्यय होने का अनुमान है।

(4) उत्पादन प्रगति तथा कार्य परिणामों का मूल्यांकन करना।

(5) प्रबन्धक वर्ग की कुशलता।

प्रगति रिपोर्ट

57. प्रत्येक उद्योग की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्माण और संचालन काल में प्रगति रिपोर्ट देने के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं ने सांझे प्रपत्र बनाये हैं। ये फार्म इस प्राप्त अनुभव के आधार पर बनाये गए हैं जिनसे पता चलता है कि किसी संस्था के निर्माण काल में उसके सामने आने वाली कठिनाईयों में वित्त-व्यवस्था परियोजना को कार्यरूप देने में देरी, प्रारम्भिक अनुमानों से लागत में अति-व्यय और प्रबन्ध की कमजोरियां जैसी समस्यायें प्रमुख हैं। ये प्रगति रिपोर्टें निगम तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा उपचारक सलाह प्रदान करने के अतिरिक्त इन वित्तीय संस्थानों को परियोजना की प्रगति तथा वित्तीय योजना के अनुरूप संवितरणों में सहायता प्रदान करती हैं।

इन रिपोर्टों को नियमित रूप से प्राप्त करना तथा उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना निगम के विभिन्न कार्यालयों की जिम्मेदारी है। रिपोर्टों की जांच पड़ताल के पश्चात यदि इनमें कुछ अनुचित अनियमितताएं देखी जाती हैं तो सम्बन्धित कार्यालय निगम के प्रधान कार्यालय को सूचित करके वित्तीय संस्थाओं को सीधे अवगत करा देते हैं।

निरीक्षण

58. ऋण करार के बन्धक हो जाने की तारीख से लेकर जब तक ऋण का कोई भाग बकाया रहता है निगम के अधिकारी फैक्टरी स्थल पर जाकर परियोजना के निर्माण तथा कार्य संचालन के बारे में निरीक्षण करते हैं। वित्तपोषित संस्थाओं की लेखा पुस्तकों का निरीक्ष भी किया जाता है। सामान्यत, ये निरीक्षण निगम के वित्तीय तथा तकनीकी अधिकारियों के दल द्वारा किए जाते हैं। निरीक्षण के लिए आवश्यक विवरण तथा आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इन वित्तपोषित संस्थाओं को आमतौर पर प्रस्तावित जांच से 10-15 दिन का समय दिया जाता है। निरीक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए वित्तपोषक संस्थाओं से परियोजनाओं पर किए गए व्यय का ब्यौरा, निगम द्वारा संवितरित ऋणों का उपयोग, परियोजनाओं की प्रगति, संचालन तथा वित्तीय स्थिति के बारे में ब्यौरा रखने को कहा जाता है। तकनीकी तथा वित्तीय जांच करने के समय निगम के अधिकारी ऋण प्राप्तकर्ता की फैक्टरी स्थल पर जाते हैं और वहां पर सम्बन्धित रिकार्डों, लेखों तथा कार्यक्रमों, लागत के अनुमानों, सन्यन्त्र की योजनाओं तथा मापदंडों, आदि की जांच करते हैं। इन निरीक्षणों में इस बात पर जोर दिया जाता है कि कम्पनी के सम्बन्धित अधिकारियों से निजी रूप से विचार-विमर्ष किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर स्पष्टीकरण कर दिया जाये।

इसके अतिरिक्त निरीक्षण दल अपने आप को इस बात से भी आश्वस्त करता है कि निगम से लिए गए ऋण की मूल राशि अलग बैंक खाते में रखी गई है तथा इसका उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जा रहा है जिसके लिए इसे मंजूर किया गया है। ऋण के संवितरणों की सभी राशियों से पहले तथा बाद में ऋणों के उपयोग से सम्बन्धित निरीक्षण किए जाते हैं और परियोजना की कार्यरूप देने सम्बन्धी की गई प्रगति का भी निरीक्षण किया जाता है।

परियोजना के वाणिज्यिक आधार पर उत्पादन शुरू कर देने के पश्चात प्रथम निरीक्षण पुनर्मूल्यांकन के तौर पर किया जाता है ताकि लागत के अनुमान और लाभ की संभावयताओं के अन्तर का सही प्रकार से पता लगाया जा सके और परियोजना का उचित दृष्टि से पुनर्मूल्यांकन किया जा सके।

जिन मामलों में अन्य वित्तीय संस्थाओं का भी सम्बन्ध होता है उनमें यदि नियत समय के पश्चात निरीक्षण संयुक्त रूप से न किया जा सके तो एक दूसरे को अवगत करा दिया जाता है। आवश्यकतानुसार विदेशी मुद्रा उप-ऋणों के मामलों में सम्बन्धित विदेशी वित्तीय संस्थाओं को रिपोर्ट भेजी जाती है।

नियत समय पर प्रगति रिपोर्टें प्राप्त करने व निरीक्षण करने के अतिरिक्त वित्तपोषित संस्थाओं के लेखा परीक्षित तुलन-पत्र तथा अंशधारियों की बैठकों की सूचनाएं तथा कार्यवृत्त निगम को भेजने होते हैं। वित्तीय सारणियों का सावधानी से अध्ययन तथा विश्लेषण किया जाता है ताकि कम से कम पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी प्रगति लाभ व अन्य वित्तीय पहलुओं की तुलना की जा सके। इस परीक्षण के दौरान कम्पनी की समग्र प्रगति के बारे में निष्कर्ष निकालने के अतिरिक्त इस बात की भी जांच की जाती है कि निगम के साथ किए गए करारनामों का उलंघन तो नहीं किया गया है।

सलाहकारी सेवाएं

59. निगम के प्रधान कार्यालय में 1973 में स्थापित सलाहकारी सेवाएं विभाग नए उद्यमकर्ताओं, तथा अन्यों को उनकी परियोजनाओं, कार्यान्वियन पूर्व अवस्थाओं तथा बाद की अवस्थाओं में तकनीकी तथा वित्तीय क्षेत्रों में परामर्श एवं पथप्रदर्शन प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त, यह विभाग ऐसी परियोजनाओं के पुर्नस्थापन की ओर भी विशेष ध्यान रखता है जो कठिनाई में पड़ जाती हैं और किसी भी कारण से उनमें रुग्णावस्था के लक्षण दिखाई पड़ते हैं। प्रत्येक मामले में उनकी चिन्ता दूर करने के लिए वित्तीय तथा तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा समस्या का विश्लेषण किया जाता है और अन्य वित्तीय संस्थानों/बैंकों के साथ मिलकर समस्या का समाधान निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

नामित संचालक

60. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्धकों के बीच संबंध स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण आयाम उनके संचालक बोर्डों में अपने सदस्य नामित करना है। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 25(2) के अनुसरण में निगम नीति के तौर पर वित्तपोषित औद्योगिक संस्थाओं के बोर्डों में दो संचालक नियुक्त करने का अधिकार आरक्षित रखता है। संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता देने के मामलों में यह निश्चय किया गया है कि भागीदार संस्थाओं के एक अथवा अधिक सदस्य सामूहिक रूप से नामित किए जा सके।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम उन सभी वित्तपोषित संस्थाओं के मामले में जिन्हें काफी मात्रा में वित्तीय सहायता दी गई है अथवा वित्तीय सहायता प्रदान करने के ऋण करारों में ऋण के साधारण शेयरों में बदलने की संपरिवर्तन धाराएं अनुबंधित की गई हैं, अपने प्रतिनिधि नामित करने के अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। सामान्यत: निम्नलिखित स्थितियों में वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में निगम अपने संचालक नामित करने की स्वेच्छा का उपयोग करता है :—

(1) जिन मामलों में निगम की हामीदारी तुलनात्मक रूप से अधिक हो,

(2) जिन मामलों में निगम के ऋणों के मूलधन तथा ब्याज की अदायगी में चूकें की गई हैं, तथा

(3) जिन मामलों में वित्तपोषित संस्थाओं पर सतर्कता रखने अथवा नजदीकी देखभाल रखने की अन्यथा विशेष आवश्यकता हो।

संचालकों के रूप में नामित व्यक्ति या तो निगम के अपने अधिकारी होते हैं अथवा गैर-सरकारी, परन्तु गैर सरकारी व्यक्ति सामान्यत: विशेषज्ञ होते हैं।

संचालकों के रूप में नामित व्यक्तिनिगम की स्वेच्छा से पद पर रह सकते हैं तथा इनके लिए शेयरों की कोई निश्चित मात्रा रखना अनिवार्य नहीं है और न ही वे क्रमिक रूप से कार्य निवृत्त होते हैं। इन नामित संचालकों से वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेने की आशा की जाती है। निगम द्वारा निमत संचालकों से आशा की जाती है कि वे संस्था के दैनिक प्रबन्ध में हस्तक्षेप के बिना बोर्ड में आने वाले सभी मामलों विशेषकर जिनका संबंध निगम द्वारा दी गई सहायता तथा इसके हित से हो अथवा जो मामले सरकारी नीति के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हों, में भाग लें।

ताकि नामित संचालक संस्था के कार्य संचालन से संबंधित मामलों, जैसे, विस्थापित क्षमता की तुलना में उत्पादन, बिक्री, विवरण सूचियों तथा उपलब्धियों की तर्क संगतता, संस्था की रोकड़ स्थिति, कानूनी दायित्वों को पूरा करना, महत्वपूर्ण पदों में परिवर्तन, आदि से नजदीकी संबन्ध रख सकें, इसके लिए कम्पनियों द्वारा आवश्यक सूचनाएं तथा आंकड़े देने के लिए प्रपत्र बनाए गए हैं। इस सूचना को संचालक बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुत किया जाता है।

नामित संचालकों को प्रभावशाली बनाने के लिए वित्तपोषित संस्थाओं को उनके संगठन में भी प्रबन्ध सूचना, प्रबन्ध लेखांकन, बजटिंग और नियंत्रण की आवश्यकता पर आधारित व्यवस्थाएं रखने को कहा जाता है।

ऋणों का साधारण शेयरों में संपरिवर्तन

61. सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार निगम अपने द्वारा मंजूर किए गए ऋण के कुछ भाग को वित्तपोषित संस्था की साधारण पूंजी में संपरिवर्तन करने का अधिकार आरक्षित रखता है और इस नीति का औचित्य अब पूर्ण स्वीकृति प्राप्त कर चुका है। निगम ने 30 जून, 1976 तक 213 संस्थाओं से संबंधित 272 मामलों में (176 मामलों में ऋण करार अनुबन्ध हो चुके हैं) परियोजनाओं के प्रवर्तकों से पूर्व विचार विमर्श तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से अनुमोदन करके रूपया ऋणों के साधारण शेयरों में संपरिवर्तन की शर्त लगाई है। वास्तव में इस अधिकार का 9 मामलों में उपयोग किया गया है और अन्य मामलों में या तो विकल्प के उपयोग की अवधि का समय नहीं आया है या प्रतीक्षा करना उपयुक्त समझा गया है।

अत: यह बात स्पष्ट है कि वित्तीय संस्थान तथा वित्तपोषित संस्था के बीच का संबंध व्यापारिक संबंध है और यह स्वाभाविक ही है कि निगम को न केवल अपने हित की रक्षा तथा देखभाल करनी होती है, अपितु सलाह सेवाएं भी प्रदान करनी पड़ती हैं। वित्तपोषित संस्था में भारी जोखिम होने के कारण निगम उद्यम में साझेदार के रूप में कार्य करता है और उसके कार्यों में गहन रुचि रखता है।

निगम को अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए ऐसी सूचना की आवश्यकता होती है जो कोई भी जागरुक प्रबन्धकवर्ग अपने हित

में एकत्र करके अध्ययन करेंगे, इस प्रकार अनुवर्ती कार्रवाई संस्थाओं पर बोझ न होकर कुशल प्रबन्धक वर्ग के लिए सहायक होती है।

ऋणों की वापसी अदायकी गति

62. इंजीनियरिंग उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 46 थी। इन इकाइयों के कार्यों में बाधा का प्रमुख कारण अकुशल प्रबन्ध था। कुछ इकाइयों के सामने मांग में नरमी की प्रवृत्ति के कारण बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। इसका मुकाबला करने के लिए कुछ समय लगा। कृषि के काम में आने वाली वस्तुओं का निर्माण करने वाली इकाइयां यद्यपि स्वीकार्य वस्तुओं का उत्पादन कर रही थीं लेकिन उत्पादों का उपयोग करने वालों को प्राप्त सीमित साख सुविधाओं के कारण अपना उत्पादन तथा बिक्री नहीं बढ़ा सकी। नई/आयात प्रतिस्थापन वस्तुओं का उत्पादन करने वाली इकाइयां कठिनाई में रहीं। बिजली प्रधान इकाइयों को भी बिजली की कमी नहीं रही लेकिन बाजार की कठिनाई उनके सामने भी रही। कुछ इकाइयों को अच्छे कार्य-परिणाम न होने के कारण उन्हें कार्यकारी पूंजी का आभाव रहा है और इस कारण ईन इकाइयों की कठिनाइयां बढ़ गई। वर्ष के दौरान, वित्त-पोषित संस्थाओं में सुधार लाने के लिए इनके कार्यों का गहन अध्ययन कार्यों का अवलोकन और विभिन्न पर्यायों का अध्ययन किया गया। यह भी कोशिश की गई कि बाकीदारी करने वाली संस्थाओं को साधनपूर्ण और कार्यशील उद्यमकर्ताओं को इनका प्रबन्ध दिया जा सके। प्रबन्ध में परिवर्तन करके भी रुगण इकाइयों को पुर्नस्थापित किया गया। वर्ष के दौरान एक रुग्ण इकाई का प्रबन्ध केन्द्रीय सरकार ने अपने हाथ में लिया। एक अन्य मामले में प्रबन्ध परिवर्तन के लिए विचार विमर्श लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र ही औप-चारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। इससे तीन वर्ष से बंद हुई इकाई को पुनः चालू करने में सहायता मिलेगी।

पिछले वर्ष के समान ही चीनी उद्योग जिसे अधिक देख-भाल की आवश्यकता है, में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 16 थी। कुछ इकाइयों का कार्य लगातार असंतोषजनक रहा जिसका कारण था कम सिंचाई की सुविधाओं और गन्ना विकास के लिए सगठित प्रयास न किए जाने से गन्ने की कम उपलब्धि। संबंधित राज्यों का ध्यान इस विशेष पहलू की ओर आकर्षित किया गया है जिस पर प्रमुशतः चीनी परियोजनाओं की सफलता निर्भर करती है।

अलमोनियम सिल्लियों और गठित उत्पादों का निर्माण करने वाली एक बाकीदारी संस्था के पुनः संचालन के लिए उपाय किए जा रहे हैं।

कच्चे माल की कमी बाजार कठिनाइयां, कार्यकारी पूंजी का अभाव और राज्य सरकारों द्वारा राहतों तथा रियायतों आदि से संबंधित मामलों को हल करने में लगने वाली देरी के कारण असम की हार्ड बोर्ड का उत्पादन करने वाली एक संस्था ने रुक-रुक कर कार्य किया। लेकिन आशा है कि ऐसी अवस्था आ गई है कि राज्य सरकार तथा अन्यों की सहायता से यह पुनः व्यावहार्य आधार पर कार्य करना शुरू कर देगी।

कागज उद्योग में बाकीदारी कर रही एक संस्था को अखिल भारतीय वित्तीय संस्था और बैंक के साथ मिलकर पुर्नस्थापन के लिए वित्तीय सहायता दी गई है और इसका प्रबन्ध भी सरकारी क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लि० को सौंप दिया गया है।

कृत्रिम रेशों और प्लास्टिकों के उत्पादन में लगी दो बाकी-दारी इकाइयों का कार्य कच्चे मालों की अत्याधिक कीमतें बढ़ने परन्तु बिक्री कीमतों में तुलनात्मक रूप से वृद्धि न होने, बाजार दबाव और प्रबन्ध की अकुशलता के कारण प्रभावित हुआ।

सुपर फास्फेट के उत्पादन में लगी एक इकाई का कार्य मिश्रित उर्वरकों का उत्पादन करने वाली इकाइयों से घोर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा और इसी कार्यकारी पूंजी के अभाव का भी सामना करना पड़ा। इसी प्रकार जौ की शराब बनाने वाली बाकी-दारी संस्था बाजार की शोचनीय स्थिति और कार्यकारी पूंजी के अभाव के कारण आशाजनक काम नहीं कर सकी।

औषध उत्पादों के निर्माण में लगी एक बाकीदारी संस्था को कच्चे मालों की भारी लागतों, कम बिक्री कीमतों, सरकार द्वारा लगाए बिक्री मूल्य नियंत्रण और सीमित उत्पाद के कारण हानि उठानी पड़ी लेकिन इकाई द्वारा उत्पादन विस्तार तथा विशाखन का कार्यक्रम हाथ में लिए जाने से सुधार होना शुरू हुआ है।

टायर/रबर उत्पादों का निर्माण करने वाली दो इकाइयां श्रमिकों की समस्याओं, प्रबन्ध की कमजोरियों के कारण बन्द पड़ी रही। इसे भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लि० की वित्तीय सहायता, राज्य सरकार से राहत, निगम तथा वित्तपोषक बैंक से सहायता की व्यवस्था करने से पुनः चालू करने के लिए प्रगति की गई है।

होटल उद्योग की एक पुरानी रुग्ण संस्था को अपने कार्य सुधारने के लिए एक प्रमुख होटल समूह की सेवाओं का उपयोग करने के लिए मनाया गया।

रेडियो, टेपरिकार्डों और कुछ इलेक्ट्रोनिक पुर्जों के उत्पादन में लगी एक रुग्ण संस्था के कार्य चिंता का विषय रहे। इस इकाई की पुर्नस्थापना की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

निगम द्वारा वित्तपोषित हल्के भवन ब्लाकों और संरचनाओं का निर्माण करने वाली देश में केवल एक इकाई को प्रारम्भ से ही संतोषजनक रूप से काम नहीं कर रही थीं लेकिन निर्यात बाजार में प्रवेश करते ही इसने प्रगति करनी शुरू कर दी।

बहुत से वर्षों से बन्द पड़ी हुई मृत्तिका शिल्पें का निर्माण करने वाली इकाइयों का हित नियंत्रण में परिवर्तन करने से और उनके प्रबन्ध का स्टील अथोरिटी आफ इण्डिया लि० को सौंप कर पुर्नस्थापन किया गया।

सूती वस्त्र उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 27 थी। विशेषकर सहकारी क्षेत्र की इकाइयों को राज्य सरकारों के माध्यम से पुर्नस्थापित करने के लिए प्रयत्न जारी है लेकिन अधिक प्रगति नहीं हो सकी।

निगम द्वारा वित्तपोषित जिन 9 वस्त्र इकाइयों का रुग्ण वस्त्र मिल (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1974 के अधीन राष्ट्रीयकरण किया गया। उनके लिए उक्त अधिनियम के अधीन प्राप्त हुए मुआवजे की राशि अपर्याप्त थी जिससे निगम की संपूर्ण बकाया राशि पूरी न हो सकेगी। विशेषकर ऐसी स्थिति में जबकि उक्त अधिनियम के अनुसार मुआवजा वितरण की योजना में निगम की बकाया को तुलनात्मन रूप से निम्न प्राथमिकता मिलती है। निगम ने अपने हितों की सुरक्षा करने के लिए केन्द्रीय सरकार से पहुंच की है। और ऐसी संभावना है कि बैंकों/वित्तीय संस्थानों के बकाया की सुरक्षा का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है। इसी दौरान सरकार ने एक अदायगी आयुक्त की नियुक्ति की है और सरकार द्वारा निश्चित तारीख अधिसूचित किए जाने के तुरन्त बाद ही निगम उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अधीन अपना दावा प्रस्तुत करेगा।

पटसन उद्योग की दो इकाइयां उदासीन संचालन और कार्यकारी पूंजी के भारी अभाव के कारण बन्द कर दी गई। एक इकाई विधिक समस्याओं से रुकी पड़ी है और दूसरी को चालू करने के लिए प्रयत्न जारी है।

कोयला खनन उद्योग में निगम द्वारा वित्तपोषित तीन संस्थाओं का राष्ट्रीयकरण किया गया। 3 कोयला इकाइयों के लिए निर्धारित मुआवजे की राशि में से निगम की संपूर्णराशि प्राप्त न की जा सकेगी लेकिन उक्त अधिनियम के अधीन निश्चित मुआवजे के वितरण के लिए नियुक्त अदायगी आयुक्त के सामने निगम ने अपना दावा पेश कर दिया है। विभिन्न कोयला कम्पनियों द्वारा भारत के सर्वोच्च न्यायालय में कुछ याचिकाएं दायर किए जाने और उनके द्वारा कार्रवाई रोको आदेश प्राप्त कर लिए जाने के फलस्वरूप निगम के दावे पर अदायगी आयुक्त न्याय निर्णय के लिए आगे कार्रवाई नहीं कर सका। बाद में सभी याचिकाएं वापिस ले ली गई हैं और रोक आदेश खाली कर दिए गए हैं, निगम अपने दावे के न्याय निर्णय के लिए अदायगी आयुक्त से मामले की पैरवी कर रहे हैं।

लगातार अनुवर्ती कार्रवाई से बकाया को अदायगी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं में से कुछ को अन्य वित्तीय संस्थानों से मिलकर अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई, अदायगियों के मामले में उचित परिवर्तन करके तथा ब्याज की किश्तों की अदायगी में परिवर्तन लाकर इन्हें वित्तीय अनुशासन में लाने का प्रयत्न किया गया। प्रबन्धकवर्ग में परिवर्तन तथा प्रबन्ध मजबूत करने, उत्पाद का औचित्यकरण करने जैसे कदम भी उठाए गए।

प्रारम्भिक रुग्णता के लक्षणों को खोजकर सावधान करना और वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों में अधिक समन्वय स्थापित करने के पहलू अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के विचाराधीन है। निरीक्षण और समस्या समाधान कार्यों के लिए 'अग्रणी संस्था' की धारणा को मजबूत किया जा रहा है। समस्या वाली परियोजनाओं को पहले से अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निहित मामलों को हल करने के लिए इन संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकें जल्द-जल्द की जाती हैं। इन बैठकों में विभिन्न पुर्नस्थापन योजनाओं तथा उनको कार्यान्वित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई पर विचार किया जाता है। रुग्ण परियोजनाओं के लिए निरीक्षण और देख-भाल व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

63. 30 जून, 1976 को चूकों का उद्योगवार ब्योरा पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े निम्नलिखित सारणी में दिए गए हैं :—

सारणी 16

बाकीदारियों का उद्योगवार वर्गीकरण

(रुपए, लाखों में)

उद्योग	30 जून, 1975 तक बाकीदारियां				30 जन, 1976 तक बाकीदारियां			
	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	जोड़	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9
चीनी . .	16	149.50	234.06	383.56	16	59.50	136.76	196.26
खाद्य उत्पाद . .	1	0.45	0.84	1.29	1	0.90	1.56	2.46
वस्त्र . .	20	216.83	190.62	407.45	27	237.95	222.01	459.96
पटसन उत्पाद .	3	17.93	6.99	24.92	3	29.13	20.31	49.44
लकड़ी उत्पाद .		—	—	—	1	3.50	—	3.50
कागज और कागज उत्पाद	2	—	1.29	1.29	5	10.51	10.73	21.24
रबर उत्पाद .	3	92.94	63.13	156.07	5	110.30	75.70	186.00
मूल औद्योगिक रसायन .	—	—	—	—	1	8.83	—	8.83
उर्वरक . .	3	45.00	70.92	115.92	4	55.50	114.44	166.94

सारणी 16—जारी (रुपये, लाखों में)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
कृत्रिम धागा और रेसिन्ज	3	39.53	38.90	78.43	3	108.84	104.00	212.84
विविध रसायन और रसायन उत्पाद .	4	31.89	9.96	41.85	3	17.80	13.67	31.47
कांच . .	1	1.01	0.46	1.47	2	2.25	1.12	3.37
सीमेंट . .	2	66.12	76.27	142.39	2	10.48	8.83	18.91
विविध अधातु खनिज उत्पाद . .	4	123.18	114.20	237.38	4	40.83	15.95	56.78
लोहा तथा इस्पात .	6	68.44	76.58	145.02	11	110.11	105.07	215.18
अलौह धातुएं . .	4	6.89	7.34	14.23	2	21.00	14.65	35.65
धातु उत्पाद .	7	6.34	12.45	18.79	9	26.60	32.86	59.46
मशीनरी और कल-पुर्जे	16	131.28	99.62	230.90	13	140.22	102.83	243.05
बिजली मशीनरी और पुर्जे	9	76.01	21.31	97.32	7	41.03	30.30	71.33
परिवहन उपस्कर .	2	48.89	34.46	83.35	6	57.15	20.27	77.42
खनन . .	1	17.50	9.51	27.01	2	26.50	12.36	38.86
होटल . .	1	11.55	16.92	28.47	3	18.25	25.65	43.90
जोड़ . .	108	1151.28	1085.83	2237.11	130	1137.18	1065.67	2202.85

64. सारणी 17 और 18 में वे रकमें दिखाई गई हैं जो पिछले पांच वर्षों के अन्त में ब्याज और मूलधन की अदायगी के रूप में लेनी थी और जो रकमें वसूल हुई थीं। इसमें प्रत्येक वर्ष के अन्त में बाकीदारी की रकमों का ब्योरा भी दिया गया है। 30 जून, 1976 को 242.99 करोड़ रुपए के कुल बकाया ऋणों में ब्याज की 1065.67 लाख रुपए बाकीदारी तथा मूलधन की 1137.18 लाख रुपए की बाकीदारी थी जो कुल बकाया ऋणों का क्रमशः 4.39 प्रतिशत और 4.68 प्रतिशत है।

सारणी 17

ब्याज की वसूली

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ब्याज	वर्ष के दौरान ब्याज की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूकें होने से बकाया रकम
1972	15606.32	550.75	1165.96	1716.71	1081.15	598.40
1973	16564.97	598.40	1357.50	1955.90	1106.81	691.72
1974	18020.26	691.72	11496.96	2188.68	1256.33	806.10
1975	19320.98	806.10	1700.83	2506.93	1353.72	1085.83
1976	20796.74	1085.83	1943.95	3029.78	1604.92	1065.67

*इसमें वे राशियां शामिल नहीं हैं, जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता।

सारणी 18

मूलधन की अदायगी

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ मे बकाया ऋण*	वर्ष के प्रारम्भ में मूलधन की देय रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूकें होने से बकाया रकम
1972	15606.32	498.03	1531.34	2029.37	1287.39	637.06
1973	16564.97	637.06	1633.39	2270.45	1478.54	555.94
1974	18020.26	555.94	1899.40	2455.34	1507.84	815.46
1975	19320.98	815.46	2051.53	2866.99	1525.47	1151.28
1976	20796.74	1151.28	2300.65	3451.93	1742.58	1137.18

*इसमें वे बकाया ऋण शामिल नहीं हैं जिनकी किश्तें अदायगी में चूकें होने के कारण आस्थगित कर दी गई हैं और जिनकी गारन्टी निगम ने दी थी और इसलिए निगम को उन्हें अदा करना पड़ा। ये ऋण और उनके ब्याज का ब्योरा सारणी 19 में दिया गया है।

**इसम वे राशियां शामिल नहीं हैं जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामले को चूकें नहीं माना जाता।

65. जिन आस्थगित अदायगियों के लिए निगम ने गारंटी दी थी उनकी किस्तों में चूकें होने के कारण निगम द्वारा पिछले पांच वर्षों में अदा की गई बाकीदारी की रकम और उस पर देय ब्याज आदि का ब्योरा नीचे सारणी 19 में दिया गया है।

सारणी 19

निगम के द्वारा आस्थगित अदायगियों के लिए दी गई गारंटी की बकाया रकमें

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बाकीदारी की रकम	वर्ष के दौरान बाकीदारी की रकम	जोड़	वर्ष के दौरान वसूलियां	वर्ष के अन्त में देय बाकी-दारी की रकम
1972	316.83	32.10	348.93	112.22*	236.71
1973	236.71	217.23	453.94	4.10	449.84
1974	449.84	36.06	485.90	391.60	94.30
1975	94.30	10.46	104.76	3.77	100.99
1976	100.99	35.72	136.71	15.80**	120.91

*इसमें 30.17 लाख रु० पए की बाकीदारी की किस्त शामिल है जिसकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई।

**इसमें 8.66 लाख रुपए की राशि शामिल है, जिसे नये ऋणों में परिवर्तित करके मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई।

निधि स्रोत

शेयर पूंजी

66. निगम की अधिकृत पूंजी 20 करोड़ रुपए है तथा 30 जून, 1976 को जारी, अभिदत्त और प्रदत्त पूंजी 10 करोड़ रुपए थी।

विभिन्न वर्गों के अंशधारियों के पास निगम के जो शेयर थे, समीक्षाधीन वर्ष में उनके वितरण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

30 जून, 1976 को शेयरों का वितरण नीचे लिखे अनुसार था :

	शेयरों की संख्या	कुल का प्रतिशत
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	10,000	50
अनुसूचित बैंक	4,067	20
बीमा संस्थाएं, आदि	4,314	22
सहकारी बैंक	1,619	8
	20,000	100

बांड

67. वर्ष के दौरान निगम ने दो बांड निर्गमन, अर्थात् 6% बांड 1985 (दूसरी सिरीज) और 6% बांड 1986 (दूसरी सिरीज) क्रमशः 15.00 करोड़ रुपए और 17.50 करोड़ रुपए के बांड 1% के बट्टे पर जारी किए गए। निर्गमन के 10 प्रतिशत अनुज्ञेय की राशि को मिलाकर क्रमशः 16.55 करोड़ रुपए और 19.25 करोड़ रुपए की राशि के बांड आवंटित किए गए।

केन्द्रीय सरकार से उधार

68. 30 जून, 1975 को केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों की राशि 61.31 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम ने सरकार से के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों से पैदा होने वाली ब्याज की निधियों के अधीन 0.30 करोड़ रुपया तथा होटल विकास योजना के अधीन होटल परियोजनाओं को ऋण प्रदान करने के लिए 1.79 करोड़ रुपए उधार लिए जबकि 6.86 करोड़ रुपए की राशि अदा की गई। इस वर्ष के अन्त में ऋणों की बकाया राशि 56.54 करोड़ रुपए थी।

भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋण

69. समीक्षाधीन वर्ष में भी पिछले वर्षों की भांति रिजर्व बैंक से ऋण अल्प अवधियों के वास्ते लिए गए। 30 जून, 1976 को इस शीर्षक के अन्तर्गत कोई राशि बकाया नहीं थी।

विदेशी मुद्राओं में प्राप्त ऋण

70. 150 लाख जर्मन मार्क का एक और चौदहवां ऋण निगम को दिया गया। वर्ष के अन्त में उपरोक्त ऋण सहित निगम के पास पश्चिम जर्मन मार्क का कुल ऋण 1625.00 लाख मार्क हो गया है। निगम ने इनमें से 1562.5 लाख मार्क के उप-ऋण मंजूर किए। अब ये ऋण पूर्णतः संपरिवर्तनीय हैं, पूंजीगत माल, इंजीनियरिंग जानकारी और सेवाओं आदि के आयात के लिए इनका प्रयोग किया जा सकता है।

संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश अनुदान, 1975 के अन्तर्गत भारत सरकार ने 10.00 लाख पौंड का एक और ऋण आवंटित किया है इसको मिलाकर संयुक्त राज्य ऋणों की कुल राशि 55.0 लाख पौंड हो गई है। इसमें से वर्ष के अन्त तक 41.4 लाख पौंड के उप-ऋण मंजूर किए गए।

बैंक फ्रांसिस डु कामर्स एक्सटिरिये द्वारा निगम को दिए गए फ्रांसीसी ऋण का कुल मूल्य 150.0 लाख फ्रांसीसी फ्रांक था, जिसमें से 149.4 लाख फ्रांसीसी फ्रांक के उप-ऋण मंजूर किए गए।

सारणी 20
निधियों के स्रोत तथा उपयोग

(रुपए, करोड़ों में)

	1973–74	1974–75	1975–76	1948–76
क. निधियों के स्रोत :				
आन्तरिक स्रोत				
1. शेयर पूंजी	—	—	—	10.00
2. प्रारम्भ से नकदी और बैंक शेष	11.76	8.60	11.30	—
3. कराधान से पूर्व लाभ	5.54	4.59	4.18	59.15
4. उधार लेने वालों द्वारा ऋणों की अदायगी				
(क) रुपया ऋण	12.65	12.77	14.94	144.06
(ख) विदेशी मुद्रा उप-ऋण	3.43	3.37	3.49	24.49
5. निवेशों की बिक्री/विमोचन	4.05	0.83	1.08	12.15
6. गारंटी दायित्वों के रूप में वसूली	2.69	1.28	0.04	4.73*
उप-जोड़	40.12	31.44	35.03	254.58
	(70.2)	(45.8)	(46.4)	(42.1)

सारणी 20 (जारी...)

(रुपए, करोड़ों में)

	1973–74	1974–75	1975–76	1948–76
उधार				
7. बांड जारी करके बाजार से उधार	7.99	23.47	35.80	174.68
8. केन्द्रीय सरकार से उधार	1.94	1.80	2.09	111.17
9. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से	5.00	—	—	5.00
10. कुछ ऋणों से संबन्धित अधिकारों और हितों के हस्तांतरण द्वारा	—	9.98	—	9.98
11. विदेशी साख संस्थाओं से				
(क) संयुक्त राज्य अंतर्राज्यीय विकास एजेंसी से अमेरिकी डालर में ऋण	—	—	—	19.63
(ख) पश्चिमी जर्मनी के कदिस्तास्तल से जर्मनी मार्क में ऋण	1.95	1.70	2.10	26.32
(ग) पेरिस के बैंक फ्रांसिस डु कामर्ज एक्सटिरियें से फ्रांसिसी फ्रांक में ऋण	—	0.04	0.18	1.96
उप-जोड़	16.88	36.99	40.17	348.74
	(29.5)	(53.9)	(53.2)	(57.7)
12. सरकार से विशेष अनुदान**	0.18	0.21	0.30	0.90
	(0.3)	(0.3)	(0.4)	(0.2)
जोड़ : (क) निधियों के स्रोत	57.18	68.64	75.50	604.22
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)
ख. निधियों के उपयोग :				
1. सहायता का संवितरण				
(क) रुपया ऋण	23.77	33.51	38.34	340.87
(ख) विदेशी मुद्रा उप-ऋण	3.53	2.51	2.99	51.77
(ग) हामीदारी दायित्वों के रूप में औद्योगिक इकाइयों के शेयरों/ डिबेंचरों में अभिदान	4.17	1.06	2.40	30.91
(घ) गारन्टी दायित्वों के रूप में अदा की गई रकम	1.45	—	0.24	9.77
उप-जोड़	32.92	37.08	43.97	433.32
	(57.6)	(54.0)	(58.2)	(71.7)
ऋणों की अदायगी				
2. केन्द्रीय सरकार को अदा किए गए ऋण	5.35	6.55	6.86	54.63
3. बांडों का विमोचन	—	6.00	—	28.24
4. विदेशी साख संस्थानों से प्राप्त ऋणों की अदायगी	2.32	2.47	2.40	24.36
5. अन्य ऋणों की अदायगी	—	0.89	1.93	2.82
उप-जोड़	7.67	15.91	11.19	110.05
	(13.4)	(23.2)	(14.8)	(18.2)

*इसमें दो संस्थाओं से संबंधित 2.66 करोड़ रुपए और 1.22 करोड़ रुपए सम्मिलित नहीं हैं जो पुर्नस्थापन योजनाओं के अधीन क्रमश: ऋण और शेयरों में संपरिवर्तन करके निपटाए गए।

**के० एफ० डब्ल्यू० ऋण करारों की शर्तों के अधीन ब्याज जन्य अन्तर निधियों में से।

सारणी 20 (जारी...)

(रुपए, करोड़ों में)

	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77
अन्य उपयोग				
6. वित्तीय/विकास संस्थानों की शेयर-पूंजी/प्रारंभिक पूंजी में अभिदान .	—	0.50	0.01	0.72
7. प्रबन्ध विकास संस्थान को आवंटन	0.17	0.21	0.30	0.90
8. आयकर के लिए व्यवस्था	2.29	1.99	1.48	27.80*
9. अधिलाभांश	0.60	0.60	0.60	6.66
10. निवल विविध उपयोग	4.93	1.05	3.56	10.38
उप-जोड़	7.99	4.35	5.95	46.46
	(14.0)	(6.4)	(7.9)	(7.7)
11. अन्त में नकदी और बैंक शेष	8.60	11.30	14.39	14.39
	(15.0)	(16.4)	(19.1)	(2.4)
जोड़ (ख) निधियों का उपयोग	57.18	68.64	75.50	604.22
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

*वास्तव में अदाय किया गया 26.18 करोड़ रुपए का आयकर सम्मिलित है।

नोट : कोष्टकों में दी गई संस्थाएं जोड़ के प्रतिशत का द्योतक हैं।

71. इस वर्ष का सकल लाभ 417.63 लाख रुपये हुआ कराधान के लिए 148.12 लाख लाख रुपये (निवल) की व्यवस्था करने के पश्चात निवल लाभ 1974-75 के 260.00 लाख रुपये की अपेक्षा 269.50 लाख हुआ। पिछले वर्ष के 199.00 लाख रुपये की तुलना में इस वर्ष आरिक्षित निधियों 209.00 लाख रुपये का विनियोजन किया गया। कर्मचारी कल्याण निधि को 50,000 रुपये का आबंटन किया गया।

अधिलाभांश

72. इस वर्ष के लाभों में से 75.00 लाख रुपये की राशि सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित करने से यह निधि 12.50 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष की भांति निगम ने अपनी प्रदत्त पूंजी पर 30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 6 प्रतिशत का अधिलाभांश देने की घोषणा की।

रिजर्व

73. 30 जून, 1976 को निगम के पास आरक्षित निधियों की कुल राशि 24.16 करोड़ रुपये थी, जिसमें निम्नलिखित शामिल थे :—

(रुपये, करोड़ों में)

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 के अधीन सामान्य आरक्षित निधि	12.50
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 क के अधीन आरक्षित निधि	1.00
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि	5.51
संदिग्ध ऋणों के लिए आरक्षित निधि	4.10
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 ख के अधीन दातव्य आरक्षित निधि	1.05
कुल निधियां :	24.16

आरक्षित निधियों की राशि प्रदत्त पूंजी से 14.16 करोड़ रुपये अधिक हो गई है। निगम के पास विभिन्न आरक्षित निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

सामान्य आरक्षित निधि

वर्ष के दौरान हुए निगम के लाभों में से इस निधि को 75.00 लाख रुपये की राशि अंतरित कर देने से इस निधि की कुल राशि 1250.00 लाख रुपये हो गई है।

आरक्षित निधि

30 जून, 1976 को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 क के अधीन इस निधि का कुल जोड़ 100.00 लाख रुपये हुआ जो अधिनियम के अनुसार अधिकतम स्वीकार्य राशि है।

विशेष रिजर्व

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन चालू वर्ष के लाभ में से 42.00 लाख रुपये की राशि विशेष आरक्षित निधि को अन्तरित कर दी गई। यह राशि चालू वर्ष की दर निर्धारण आय के 10 प्रतिशत के बराबर है। इस प्रकार इस निधि की जमा रकम 550.78 लाख रुपये हो गई है

दातव्य आरक्षित निधि

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32ख के अधीन समीक्षाधीन वर्ष के लाभों में से दातव्य आरक्षित निधि को 32.00 लाख रुपये की राशि अन्तरित कर दी गई है, जिसका उपयोग निम्नलिखित प्रकार से किया जायेगा :—

(क) व्यावहार्यता अध्ययन, परियोजना रिपोर्टों, मार्केट तथा टेकनोइकनोमिक सर्वेक्षणों तथा ऐसे अन्य उद्देश्यों, जो औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन दें, के व्यय को पूरा करने के लिए,

(ख) विकास बैंकिंग तथा वित्तीय और औद्योगिक प्रबन्ध के क्षेत्रों में :—

(1) शोध करने तथा शोध को प्रोत्साहन देने के लिए।

(2) वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों को भारत तथा बाहर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए।

(3) विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं तथा शोध प्रतिष्ठानों में चेयरों की स्थापना करने के लिए।

(ग) व्यावसायिकों तथा नये उद्धमकर्ताओं द्वारा लगाई गई परियोजनाओं को सहायता देने के लिए :—

(1) उनको मंजूर ऋणों अथवा अग्रिमों पर निगम की सामान्य ब्याज दर में सहायता।

(2) उनके द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं, विशेष कर औद्योगिक रूप में कम विकसित क्षेत्रों में लगाई गई परियोजनाओं को तकनीकी तथा प्रबन्धकीय सहायता देना।

(घ) उपरोक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सहायक अथवा आकस्मिक सहायता प्रदान करना।

संदिग्ध ऋणों के लिए व्यवस्था

वर्ष के अन्त में ऋण खाते की समीक्षा संतोषजनक पाई गई। फिर भी, निगम के कार्य क्षेत्र के विस्तार, कुछ संस्थाओं के पुर्नस्थापना की योजनाओं के परिपक्व होने में लाने वाले अधिक समय को ध्यान में रखते हुए संचालकों ने दूरदर्शिता से काम लेकर समीक्षाधीन वर्ष के लाभ में से 60.00 लाख रुपये संदिग्ध ऋणों की आरक्षित निधि को अन्तरित करने का निर्णय किया है जो अब 409.80 लाख रुपये हो गई है।

आयकर के लिए व्यवस्था

74. 30 जून, 1972, 1973 तथा 1974 को समाप्त हुए लेखा वर्ष के लिए कर निर्धारण की कार्यवाही की वार्षिक लेखा बन्द होने के पूर्व अन्तिम रूप नहीं दिया गया था। अतः वर्ष के लेखे में इनका कोई समायोजन नहीं किया गया है। 30 जून, 1976 को समाप्त हुए लेखा वर्ष के लिए कर लेखे में 148.13 लाख रुपये (पिछले वर्षों) से सम्बन्धित 55.86 लाख रुपये की अधिक व्यवस्था/वापसी का समायोजन करने के बाद की व्यवस्था की गई है।

75. 30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरण का सार सारणी 21 में दिया गया है।

सारणी 21

लाभ-हानि सार-1975-76

(रुपये लाखों में)

	इस वर्ष	पिछले वर्ष
इस वर्ष के कारोबार की सकल आय	1957.92	1782.32
सकल आय में से घटाने के बाद :		
बांडों और अन्य ऋणों पर अदा किया गया ब्याज	1283.89	1131.98
अन्य खर्चे तथा निवेशों की बिक्री से हानि	256.40	191.37
कर के लिए व्यवस्था (निवल)	148.13	198.97
वर्ष का निवल लाभ है :	269.50	260.00

	इस वर्ष	पिछले वर्ष
विनियोजन		
सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित	75.00	75.00
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अन्तर्गत विशेष आरक्षित निधि को अन्तरित	42.00	43.00
दातव्य आरक्षित निधि को अन्तरित	32.00	31.00
अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए आरक्षित निधि को अन्तरित	60.00	50.00
स्टाफ कल्याण निधि को अन्तरित	0.50	1.00
वर्ष के लिए 10.00 करोड़ रुपये की प्रदत्त शेयर पूंजी पर 6% वार्षिक दर से अधिलाभांश की अदायगी	60.00	60.00
	269.50	260.00

76. पिछले पांच वर्षों से कार्य परिणामों का ब्यौरा नीचे सारणी 22 में दिया गया है।

सारणी 22

पिछले पांच वर्षों का कार्य परिणाम

(रुपये लाखों में)

	30 जून को समाप्त हुए वर्ष के लिए				
	1972	1973	1974	1975	1976
उपार्जित ब्याज	1383.31	1356.97	1613.24	1683.38	1848.94
अन्य आय	114.81	141.20	163.28	98.94	108.98
कुल आय :	1498.12	1498.17	1776.52	1782.32	1957.92
अदा किया गया ब्याज	847.84	917.13	1006.52	1131.98	1283.89
बांडों पर बटटा और दलाली	3.26	7.61	3.68	33.06	51.47
स्थापना खर्चे जिसमें चिकित्सा शुल्क तथा खर्च और कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज भी शामिल है	61.33	71.03	89.20	103.50	138.31
राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान	5.00	—	—	—	—
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान	—	—	5.00	5.00	5.00
निवेशों की बिक्री से हानि	56.10	1.29	71.60	—	9.07
अन्य खर्च :	41.01	49.18	46.87	49.81	52.55
कुल खर्च :	1014.54	1046.24	1222.87	1323.35	1540.29
	483.58	451.93	553.65	458.97	417.63
निवेशों के मूल्य में ह्रास के लिए व्यवस्था	48.00	—	—	—	—
कर के लिए व्यवस्था (निवल)	216.83	161.53	228.65	198.97	148.13
निवल लाभ :	218.75	290.40	325.00	260.00	269.50
आरक्षित निधियां	175.88	232.70	264.00	199.00	209.00
कर्मचारी कल्याण निधि	1.00	1.00	1.00	1.00	0.50
अधिलाभांश	41.87	56.70	60.00	60.00	60.00

रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान

77. तृतीय 'भारतीय औद्योगिक वित्त निगम रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान" ईरान के औद्योगिक और खनन विकास बैंक के प्रबन्ध निदेशक मि० अबोल गसेम खेरदजू ने 16 अक्तूबर, 1975 को दिया। उनके व्याख्यान का विषय था 'तीव्र विकसित अर्थव्यवस्था में विकास बैंक'। डा० बी० के० मदान, अध्यक्ष, प्रबन्ध विकास संस्थान ने समारोह की अध्यक्षता की तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट के भूतपूर्व अध्यक्ष मि० जेम्स एस० राज ने व्याख्यान पर टीका की।

अपने व्याख्यान के दौरान मि० खेरदजू ने ईरान जैसी तीव्र परिवर्तित अर्थव्यवस्था के संदर्भ में ईरान के औद्योगिक और खनन विकास बैंक के दायित्व का प्रतिपादन किया। मि० खेरदजू ने बताया कि विकास बैंक एक जीवित प्राणी की तरह है जो अपने सामाजिक-आर्थिक वातावरण पर प्रतिक्रिया करता है और इसकी सफलता इस पर निर्भर करती है कि वह प्रतिक्रिया उस वातावरण पर कितनी तीव्र है। मि० खेरदजू ने बताया कि 10 वर्षों, 1962 से 1972 में ईरान, की अर्थव्यवस्था का वास्तविक औसतन विकास लगभग 11% और उद्योग का विकास 13% था। 1973-74 और 1974-75 के दौरान मुद्रा-स्फीति को छोड़कर सकल राष्ट्रीय आय क्रमशः 34% और 40% बढ़ी। इस तीव्र परिवर्तनशील अर्थ-व्यवस्था से सुलझने के लिए ईरान के औद्योगिक और खनन विकास बैंक को प्रवर्तक के तौर पर बहुत बड़े दायित्व को निभाना पड़ा। मि० खेरदजू ने कहा कि निजी क्षेत्र जो उद्योग के लिए बिल्कुल नया था और जिसके पास बौद्धिक तथा वित्तीय मजबूती

की कमी थी, को विकास बैंकों ने पोषित किया। इन बैंकों में सबसे महत्वपूर्ण, ईरान का औद्योगिक और खनन विकास बैंक था, जो कि एक प्राइवेट कम्पनी है। परियोजनाओं की भारी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन्होंने न केवल सरकार तथा विश्व बैंक से प्राप्त होने वाली मदद का लाभ उठाया अपितु ये ऐसे प्रथम विकास बैंक थे जिन्होंने यरो-डालर और यरो-बांड बाजारों से भारी निधियां एकत्रित कीं। जनता को शेयर बेचकर भी इन्हें अपनी पूंजी बढ़ानी पड़ी। बड़ी परियोजनाओं की इक्विटी अथवा तीव्र विस्तार कार्यक्रमों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए औद्योगिक विकास और खनन बैंक तेहरान स्टाक एक्सचेंज और मुद्रा बाजार को विकसित करना पड़ा। छोटे उद्योगों का प्रवर्तन करने की दृष्टि से औद्योगिक और खनन विकास बैंक ने स्थानीय विकास बैंकों की स्थापना की ताकि ये बैंक स्थानीय उद्यमकर्ताओं से सम्पर्क बनाये रखें और उत्यमकर्ताओं को आवश्यक पथ-प्रदर्शन तथा नेतृत्व प्रदान कर सकें। औद्योगिक और खनन विकास बैंक ने कृषि औद्योगिक कम्पनियों की स्थापना में भी योगदान दिया।

संस्थागत निर्माण में भी औद्योगिक और खनन विकास बैंक ने सक्रिय योगदान दिया। इसने प्रथम विशाल औद्योगिक इस्टेट की स्थापना की जिसमें एक सौ से अधिक मध्यम दर्जे की फैक्टरियां स्थित हैं और कुछ अन्यों का प्रवर्तन कर रहा है। तेहरान स्टाक एक्सचेंज का प्रवर्तन करने के अतिरिक्त औद्योगिक और खनन विकास बैंक ने ईरान की प्रथम प्रतिभूतियां कम्पनी स्थापित करने के लिए एक बड़े वाणिज्यिक बैंक के साथ सांझेदारी की है। व्याख्यान का कार्य-विवरण मुद्रित कराया जा चुक है।

संगठन

संचालक बोर्ड

78. 25 सितम्बर, 1975 को हुई निगम की वार्षिक साधारण सभा में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ग) के अधीन अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने हेतु श्री सी० पी० शाह के स्थान पर श्री बी० के० बोरा को संचालक निर्वाचित किया गया। उसी बैठक में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (घ) के अधीन बीमा संस्थाओं, निवेश-न्यासों और इस प्रकार की अन्य वित्तीय संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने हेतु श्री बी० सी० रणदेरिया को पुनः निर्वाचित किया गया तथा उक्त अधिनियम, की धारा 10 (1) (ङ) के अधीन सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए डा० डब्ल्यू० सी० श्री श्रीमल के स्थान पर श्री शामराव कदम को संचालक निर्वाचित किया गया। श्री एन० एस० सप्कल ने 8 मार्च, 1976 को निगम के संचालक पद से त्याग-पत्र दे दिया। श्री सप्कल के त्याग-पत्र से हुई रिक्ति को भरने के लिए श्री जसभाई यू० पटेल, उपाध्यक्ष, वि० गुजरात स्टेट सहकारी बैंक लि० अहमदाबाद को सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 24 मई, 1976 को हुई निगम की विशेष साधारण सभा में निर्वाचित किया गया।

बोर्ड श्री सी० पी० शाह, डा० डब्ल्यू० सी०, श्री श्रीमल, और श्री एन० एस० सप्कल द्वारा अपने कार्य-काल में की गई अमूल्य सेवाओं की अत्यधिक सराहना करते हैं तथा नये संचालकों का हार्दिक स्वागत करते हैं।

बोर्ड व अन्य समितियों की बैठकें

79. वर्ष के दौरान बोर्ड की तेरह बैठकें हुई जिनमें से नई दिल्ली में छः तथा एक-एक बैठक बंगलौर, गौहाटी, लखनऊ, कलकत्ता, गोआ, जयपुर तथा शिमला में हुई। पहले की भांति जहां भी दिल्ली से बाहर बोर्ड की बैठकें होती हैं, अध्यक्ष और बोर्ड के अन्य सदस्य राज्य सरकार तथा राज्यों की राजधानियों में आधारित अन्य वित्तीय तथा विकास संस्थानों के कर्मचारियों तथा स्थानीय व्यापार तथा उद्योग संघों या चैम्बरों के प्रतिनिधियों को मिलने का शुभ अवसर प्राप्त करते हैं ताकि राज्य अथवा क्षेत्र के औद्योगिक वातावरण और कुछ वित्तपोषित संस्थाओं की समस्याओं का यथोचित मूल्यांकन हो सके।

बोर्ड ने यह देखने के लिए कि क्या निगम की सलाहकारी समितियों के वर्तमान ढांचे में किसी परिवर्तन की आवश्यकता है या इसको कार्य करने के लिए कोई और ढंग अपनाना चाहिए, एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

वर्ष के दौरान बोर्ड की समितियों की भी तीन बैठकें हुईं।

सलाहकारी समितियां

80. वर्ष के दौरान विभिन्न सलाहकारी समितियों की बैठकों की संख्या नीचे दी गई है :—

सलाहकारी समिति का नाम	बैठकों की संख्या
रसायन प्रक्रिया और सम्बर्गीय	
उद्योग	12
इंजीनियरिंग	12
चीनी	9
वस्त्र	11
होटल	3
पटसन	1

इन बैठकों में कुल 102 संस्थानों से विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार किया गया।

वर्ष के दौरान निगम की स्थानीय सलाहकारी समिति की बैठकें बंगलौर, गोहाटी, कलकत्ता और अहमदाबाद में हुईं।

निगम ने पहले की भांति विभिन्न उद्योगों के तकनीकी विशेषज्ञों और सलाहकारों की एक नामिक रखी ताकि विभिन्न उद्योगों के लिए उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके और अवसर की आवश्यकतानुसार नामिक में से सम्बन्धित समिति का सदस्य सहयोजित किया जा सके।

लेखा परीक्षक

81. 30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने मैसर्स ए० एफ० फरगूसन एण्ड कम्पनी, बम्बई को लेखा-परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया। 25 सितम्बर, 1975 को निगम के शेयरधारियों की वार्षिक साधारण सभा में

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को छोड़कर अन्य शेयरधारियों की ओर से उक्त अवधि के लिए मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, बम्बई को लेखा परीक्षक चुना गया। मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, वर्ष के अन्त में कार्य-निवृत हो जायेंगे, लेकिन वे फिर से चुने जाने के पात्र हैं।

निगम में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

82. कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन देने की सरकारी नीति के अनुरूप निगम हिन्दी के प्रयोग की अभिवृद्धि करने के लिए प्रयत्नशील है। निगम में हिन्दी की प्रगति को देखने तथा प्रगामी प्रयोग सम्बन्धी उठाये गये कदमों पर सुझाव देने हेतु तीन राज-भाषा कार्यान्वयन समितियां प्रधान कार्यालय, बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय तथा दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय प्रत्येक में एक-एक कार्य कर रही हैं। उन समितियों की बैठकों त्रैमासिक होती हैं। गृह मंत्रालय की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन हिन्दी टाइपराइटिंग शार्टहैंड कक्षाओं सहित हिन्दी की कक्षाओं में प्रधान कार्यालय, हिन्दी क्षेत्रीय कार्यालय तथा बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों ने भी सुविधाएं लेना प्रारम्भ कर दिया है। कर्मचारियों को हिन्दी सीखने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं निकाली हैं। राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों का पालन किया जा रहा है, जहां तक वे हमारे निगम पर लागू होते हैं। और तदनुसार सभी गजट सूचनाएं, प्रेस विज्ञप्तियां, विज्ञापन, सूचनाएं आदि हिन्दी औ अंग्रेजी दोनों में जारी की जाती हैं। हिन्दी में प्राप्त सभी का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है। प्रधान कार्यालय में हिन्दी के टाइपराइटरों की व्यवस्था की गई है तथा दिल्ली और बम्बई क्षेत्रीय कार्यालयों में टाइपराइटरों की व्यवस्थाका कार्य हाथ में ले लिया गया है। निगम के सभी कार्यालयों में द्विभाषी पत्रशीर्षों का प्रयोग होता आ रहा है। निगम की वार्षिक रिपोर्ट तथा शेयरधारियों की साधारण सभा में अध्यक्ष के अभिभाषण का हिन्दी रुपांतर भी निकालता आ रहा है। भावी आवेदकों के लाभ के लिए निगम ने 'परिचालन सूचना' नामक विवरणिका हिन्दी में निकाली है। इस प्रकार की अन्य विवरणिकाओं को अनूदित करने के लिए कदम उठाये गये हैं।

कर्मचारियों का प्रशिक्षण

83. निगम प्रबन्ध विकास के विभिन्न पहलुओं की ओर काफी ध्यान देता आ रहा है। वर्ष के दौरान निगम के 58 अधिकारियों ने प्रबन्ध विकास संस्थान, नई दिल्ली, बैंकर्स ट्रेनिंग कालेज, बम्बई, नेशनल प्रोडक्टिविटी कौंसिल, नई दिल्ली आदि द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों में भाग लिया। एक अधिकारी ने एशियायी उत्पादिता संगठन, टोकियों, जापान के द्वारा आयोजित 'व्यावहार्यता अध्ययन' में भाग लिया। एक दूसरे अधिकारी ने वाशिंगटन, अमेरिका में विश्व बैंक के आर्थिक विकास संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम "औद्योगिक परियोजनाएं" में भाग लिया। प्रधान कार्यालय के कर्मचारियों के लिए 5-इन-कम्पनी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा इन कार्यक्रमों में 129 अधिकारियों ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

अध्यक्ष ने कराकस (वेनीजुला) में औद्योगिक विकास वित्तीय संस्थानों के साथ साथ सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संठन द्वारा आयोजित छठी बैठक में भाग लिया। उन्हें एशियायी विकास वित्तीय संस्थानों के प्रस्तावित संघ के संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए तीन-व्यक्तियों की गठित समिति का सदस्य सहयोजित किया गया।

स्टाफ कल्याण निधि

85. वर्ष के दौरान निगम के कर्मचारियों के 13 बच्चों को छात्रवृतियां तथा तीन कर्मचारियों को अपने विकास के लिए स्टाफ कल्याण विधि से ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया। एक कर्मचारी को उसकी लम्बी बीमारी के कारण हुई कठिनाई से बचने के लिए अनुग्रहपूर्वक अदायगी दी गई। वर्ष के दौरान निगम के एक मृतक कर्मचारी के 3 बच्चों को पाठशाला शुल्क की प्रतिभूति की गई। प्रधान कार्यालय में मनोरंजन क्लब को अनुदान दिये गये।

स्टाफ कालोनी

86. गैर-व्यावसायिक भवनों के निर्माण पर लगा प्रतिबन्ध सरकार ने हाल ही में हटा दिया। तदनुसार ले आउट प्लान तथा भवन प्लान दिल्ली विकास प्राधिकरण को अनुमोदन के लिए भेजे गये हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इन प्लानों के अनुमोदन के बाद कालोनी के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की जायेगी।

वरिष्ठ प्रबन्ध में परिवर्तन

श्री आर० बी० माथुर, जिन्हें महाप्रबन्धक के रूप में 10 अगस्त, 1976 से एक साल के लिऐ पुनर्नियुक्ति किया गया था, उनकी 10 अगस्त, 1976 से महाप्रबन्धक के रूप में एक साल की आगामी अवधि के लिए पुर्नियुक्ति की अवधि बढ़ा दी गई है।

कार्य-निवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर श्री एम० एस० नागरथ, उपमहाप्रबन्धक 19 सितम्बर, 1976 को कार्य-निवृत हो जायेंगे लेकिन उन्हें 20 सितम्बर, 1976 से दो वर्ष की कुल अवधि के लिए उपमहाप्रबन्धक के रूप में पुनर्नियुक्त किया जायेगा।

कार्य-निवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर श्री एन० पी० चक्रवर्ती 30 अप्रैल, 1976 को कार्य-निवृत्त हो गये हैं लेकिन उन्हें सहायक महाप्रबन्धक के रूप में एक वर्ष की अवधि के लिए 1 मई, 1976 से पुनर्नियुक्त किया गया है।

श्री आर० एन० शाहू को कलकत्ता क्षेत्रीय कार्यालय में 1 मार्च, 1976 से उक्त कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबन्धक के पद के दर्जे को बढ़ाने के फलस्वरूप, सहायक महाप्रबन्धक के रूप में पदोन्नति की गई।

श्री पी० एस० गुरुंग को बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में उप-तकनीकी सलाहकार के रूप में 1 मार्च, 1976 से पदोन्नति की गई।

1 मार्च, 1976 से उप-विधि सलाहकार के पद का स्तर सहायक महाप्रबन्धक के बराबर कर दिया गया है। तथा श्री ए० के० घोष उपविधि सलाहकार के दर्जा बढ़ाये गये पद पर बने हुए हैं।

श्री डी० जी० रमैय्या को 1 मार्च, 1976 से मुख्य लेखापाल के पद पर पदोन्नति की गई। परिणास्वरूप, 1 मार्च, 1976 से श्री आर० रामाचन्द्रा राव को क्षेत्रीय प्रबन्धक का पद दे दिया गया है।

प्राप्त सहायता के लिए आभार प्रदर्शन

88. बोर्ड को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों तथा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों राज्य सरकारों, राज्य स्तर की वित्तीय और विकास संस्थाओं से जो सहयोग और सहायता मिली है उसके लिए वह उनकी प्रशंसा करता है। जिन सदस्यों ने निगम की विभिन्न सलाहकारी समितियों में कार्य किया है, तथा जिन्होंने विभिन्न ऋणी संस्थाओं के संचालक बोर्डों में निगम के द्वारा नामित किए गए संचालकों के रूप में कार्य किया है, बोर्ड उनकी अमूल्य सहायता और सलाह के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है। बोर्ड कादिस्तास्तल फुर वाइड्रफब्लू के प्रबन्धकवर्ग और संयुक्त राज्य सरकार के समुद्र पार विकास मंत्रालय द्वारा निगम को निरंतर की गई मदद और सहयोग के लिए भी आभार प्रगट करता है। निगम के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा वर्ष के दौरान वफादारी और निष्ठापूर्वक की गई सेवा के लिए बोर्ड उनकी सराहना करता है।

संचालकों की ओर से
बलदेव पसरीजा
अध्यक्ष

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
नई दिल्ली

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारी

हम भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अधोहस्ताक्षरी कर्ता लेखा-परीक्षक निगम के 30 जून 1976 के तुलन-पत्र और लेखों के बारे में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमने सम्बन्धित वाऊचरों और लेखों तथा शाखा कार्यालयों से प्राप्त परीक्षित विवरणियों के साथ संलग्न तुलन-पत्र की जांच कर ली है। ये विवरणियां संलग्न तुलन-पत्र में शामिल कर ली गई हैं। हम इस बात की रिपोर्ट देते हैं कि हमने जहां कहीं भी कोई स्पष्टीकरण या जानकारी मांगी है। वह हमें सम्बन्धित स्पष्टीकरण या जानकारी दी गई है और वह संतोषप्रद रही है। हमारी राय में प्रस्तुत तुलन-पत्र पूर्ण और निष्कपट है और जो जहां तक हमें जानकारी और स्पष्टीकरण दिये गये है और जैसा कि निगम के वही-खातों से पता चलता है, यह तुलन-पत्र निगम के अधिनियम और नियमावली के अनुसार इस प्रकार उचित रीति से बनाया गया है कि इससे निगम के कार्यों का सच्चा और सही चित्र सामने आ जाता है।

हरिभति एण्ड कम्पनी
ए० एफ० फर्गूसन एण्ड कम्पनी
मनदी लेखापाल

स्थान: मद्रास
तारीख : 23 अगस्त, 1976

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र

देयताएं	अनसूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	देयताएं	अनुसूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
शेयर पूंजी	क	10,00,00,000	10,00,00,000	रोकड़ और बैंक शेष	छ	14,39,14,207	11,29,58,573
रिजर्व और आरक्षित निधियां	ख	24,16,26,735	22,13,08,991	निवेश	ज	21,58,53,783	19,50,02,246
				ऋण तथा पेशगियां	झ	2,44,56,88,611	2,18,38,87,099
दीर्घकालीन ऋण	ग	229,94,15,591	1,99,21,81,286	स्थिर परिसम्पतियाँ	ल	57,71,001	57,70,339
चालू देयताएं तथा व्यवस्थाएं	घ	15,58,17,590	14,09,91,548				
				अन्य परिसम्पतियां	ट	6,65,96,065	5,57,70,190
अन्य देयताएं	ङ	8,09,63,751	9,89,06,622	दुतरफा मदों के अनुसार संघटक आभार	ठ	6,16,46,002	8,23,11,284
दुतरफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयताएं		6,16,46,002	8,23,11,284				
		2,93,94,69,669	2,63,56,99,731			2,93,94,69,669	2,63,56,99,731

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

हरिभक्ति एण्ड कं०
बी० सी० रणदेरिया
सी० एस० वेंकट राव
ए० बी० मजुमदार
विष्णु बनर्जी
संचालक

ए० एफ० फरगूसन एण्ड कं०
सनदी लेखापाल

सी० टी० दास
डी० टी० लक्कड़वाला
वी० के० वोरा
जे० यू० पटेल
संचालक

आर० बी० माथुर
महाप्रबन्धक

बलदेव पसरीचा
अध्यक्ष

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
नई दिल्ली

30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि लेखा

व्यय	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	आय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
बांडों तथा ऋणों पर ब्याज, आदि		12,83,88,930	11,31,97,319	ब्याज	18,48,93,925	16,83,37,688
विदेशी मुद्रा ऋणों पर वचनबद्धता प्रभार		2,02,346	1,82,514	कमीशन	16,35,954	13,67,824
बांडो पर दलाली		15,66,823	9,58,466	निवेशों की बिक्री से लाभ	23,47,733	3,05,575
निवेशों की बिक्री से हानि		9,07,498	—	परिसम्पतियों की बिक्री से लाभ	14,144	8,384
स्थापना व्यय		1,38,31,039	1,03,50,129			
संचालकों तथा समिति सदस्यों की फीस तथा खर्चे		4,55,456	3,53,008	शेयरों पर अधिलाभांश	21,63,564	31,28,136
				वचनबद्धता प्रभार	38,30,551	40,60,060
किराय, कर, बीमा तथा रोशनी		19,99,771	20,06,975			
डाक, तार, टिकटें तथा टेलीफोन		4,34,719	3,62,087	विविध आय	9,06,376	10,24,420
छपाई, लेखन सामग्री तथा विज्ञापन		5,22,779	4,42,687			
विधि प्रभार		8,512	46,479			
लेखा-परीक्षा फीस		38,000	32,000			
यात्रा तथा विराम व्यय		4,20,508	4,03,710			
अन्य व्यय		9,29,257	8,97,728			
ह्रास मूल्य		2,43,495	2,54,315			
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान		5,00,000	5,00,000			
बांड निर्गमन पर बट्टा		35,79,846	23,47,508			
कराधान के लिए व्यवस्था	2,03,99,567		2,14,46,533			
घटाइए : पिछले वर्षों से सम्बन्धित आयकर की वापसी तथा समायोजन	55,86,299		15,49,371			
		1,48,13,268	1,98,97,162			
वर्ष के लिए निवल लाभ नीचे ले जाया गया		2,69,50,000	2,60,00,000			
		19,57,92,247	17,82,32,087		19,57,92,247	17,82,32,087

30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि लेखा (जारी)

व्यय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	व्यय आय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित राशि	75,00,000	75,00,000	वर्ष के लिए निवल लाभ नीचे गया	2,69,50,000	2,60,00,000
विशेष रिजर्व [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन]	42,00,000	43,00,000			
दातव्य आरक्षित निधि	32,00,000	31,00,000			
कर्मचारी कल्याण निधि	50,000	1,00,000			
संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व	60,00,000	50,00,000			
प्रस्तावित अधिलाभांश	60,00,000	60,00,000			
	2,69,50,000	2,60,00,000		2,69,50,000	2,60,00,000

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

हरिभक्ति एण्ड कं०
वी० सी० रणदेरिया
सी० एस० वेंकट राव
ए० बी० मजुमदार
विष्णु बनर्जी
} संचालक

ए० एफ० फरगूसन एण्ड कं०
सनदी लेखापाल

सी० टी० दास
डी० टी० लक्कड़वाला
बी० के० वोरा
जे० यू० पटेल
} संचालक

संचालक

आर० बी० माथुर
महाप्रबन्धक

बलदेव पसरीचा
अध्यक्ष

अनुसूची क

शेयर पूंजी

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
अधिकृत		
पांच-पांच हजार रुपये के 40,000 शेयर जारी अभिदत्त तथा प्रदत्त (धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की वापसी, अदायगी और न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांशों की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारन्टी प्राप्त)	20,00,00,000	20,00,00,000
(i) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर	5,00,00,000	5,00,00,000
(ii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 4,000 शेयर (द्वितीय सिरीज)	2,00,00,000	2,00,00,000
(iii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 2,692 शेयर (तृतीय सिरीज)	1,34,60,000	1,34,60,000
(iv) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 3,308 शेयर (चतुर्थ सिरीज)	1,65,40,000	1,65,40,000
	10,00,00,000	10,00,00,000

टिप्पणी : न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांश की गारन्टी मद संख्या (i) के लिए $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत मद संख्या (ii) तथा (iii) के लिए 4 प्रतिशत और मद संख्या (iv) के लिए $4\frac{1}{2}$ प्रतिशत है।

अनुसूची ख

रिजर्व और आरक्षित निधियां

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) सामान्य आरक्षित निधि (धारा 32 के अन्तर्गत)			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	11,75,00,000		11,00,00,000
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . .	75,00,000		75,00,000
		12,50,00,000	11,75,00,000
(ii) आरक्षित निधि (धारा 32क के अधीन) . . .		1,00,00,000	1,00,00,000
(iii) दातव्य आरक्षित निधि (धारा 32ख के अधीन)			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	79,51,008		77,36,515
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . .	32,00,000		31,00,000
	1,11,51,008		1,08,36,515
घटाइए : उपयोग की गई राशि	5,82,256		28,85,507
		1,05,68,752	79,51,008
(iv) विशेष आरक्षित निधि [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अधीन]			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	5,08,78,362		4,65,78,362
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . . .	42,00,000		43,00,000
		5,50,78,362	5,08,78,362
(v) संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	3,49,79,621		2,99,79,621
घटाइए : वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए ऋण	—		—
	3,49,79,621		2,99,79,621
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित .	60,00,000		50,00,000
		4,09,79,621	3,49,79,621
		24,16,26,735	22,13,08,991

अनुसूची ग

दीर्घकालीन ऋण

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1. बांड (आरक्षित)—धारा 21 के अधीन जारी—भारत सरकार द्वारा गारन्टी प्राप्त		
$4\frac{3}{4}$ प्रतिशत संपरिवर्तनीय बांड, 1976	4,45,50,000	4,45,50,000
$4\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1976	6,58,48,100	6,58,48,100
$5\frac{1}{2}$ प्रतिशत बांड 1977	2,00,00,000	2,00,00,000
$5\frac{1}{2}$ प्रतिशत बांड 1978	6,12,90,000	6,12,90,000
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1979	8,24,86,700	8,24,86,700
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1980	8,33,30,800	8,33,30,800
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1981	5,50,00,000	5,50,00,000
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1982	4,95,00,000	4,95,00,000
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1983	8,80,08,800	8,80,08,800
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1984	11,00,67,300	11,00,67,300
$5\frac{3}{4}$ प्रतिशत बांड 1985	13,16,67,800	13,16,67,800
6 प्रतिशत बांड 1986	7,99,08,000	7,99,08,000
6 प्रतिशत बांड 1984	11,00,12,000	11,00,12,000
6 प्रतिशत बांड 1985	12,47,37,800	12,47,37,80
6 प्रतिशत बांड 1985 (द्वितीय सिरीज)	16,54,79,200	—
6 प्रतिशत बांड 1986 (द्वितीय सिरीज)	19,25,05,400	—
	146,43,91,900	110,64,07,300
2. उधार		
(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से [धारा 21 (4) के अधीन]	5,00,00,000	5,00,00,000
(ii) भारत सरकार से [धारा 21 (4) के अधीन]	55,64,06,509	60,71,46,465
(iii) अदिस्तांतल के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार भारत सरकार से	89,64,000	59,36,000
(iv) विदेशी मुद्राओं में विदेशी साख संस्थाओं से	21,96,53,182	22,26,91,521
	229,94,15,591	199,21,81,286

अनुसूची घ

चालू देयतायें तथा व्यवस्थायें

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1	2	3	4	5
क—चालू देयतायें				
(i) भारतीय रिजर्व बैंक से अल्प-कालीन ऋण—3.25 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य के निगम द्वारा जारी किए गए रक्षित बांड [धारा 21(3)(ख) के अधीन]			—	80,50,000
(ii) फुटकर लेनदार			1,33,34,901	1,34,14,860
(iii) प्रोद्भूत ब्याज परन्तु अप्राप्य				
(क) उधार				
(i) भारत सरकार से	1,13,34,977			1,20,72,122
(ii) विदेशी मुद्राओं में विदेशी साख संस्थानों से	4,81,802			4,70,530
	1,18,16,779			1,25,42,652
(ख) बांडों पर	1,51,29,030			1,17,82,782
(iv) अग्रिम गारन्टी कमीशन			2,69,45,809	2,43,25,434
(v) विधिक प्रभारों के लिए प्राप्त अग्रिम			2,51,549	3,62,902
(vi) दावा किया न गया अधिलाभांश			1,74,050	1,55600
			14,746	654
(vii) विदेशी साख संस्थानों से विदेशी मुद्राओं में वचनबद्धता प्रभार			232	1,582
			4,07,21,287	4,63,11,032
ख—व्यवस्थायें			1,75,26,089	1,02,60,798
(i) विनिमय जन्य उचंत लेखे में अन्तर				
(ii) उचंत डाली गई रकमें				
(क) ब्याज	7,47,38,644			5,92,73,451
(ख) वचनबद्धता प्रभार	2,48,218			1,02,076
(ग) प्रासंगिक प्रभार	2,49,125			1,91,872
(घ) गारन्टी कमीशन	1,70,051			1,36,562
			7,54,06,038	5,97,03,961
(iii) कराधान के लिए व्यवस्था				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष		9,29,71,937		7,15,25,404
जोड़िये : वर्ष के लिए व्यवस्था		2,03,99,567		2,14,46,533
		11,33,71,504		9,29,71,937

अनुसूची घ—जारी

1	2	3	4	5
घटाइए : गत वर्षों के लिए समायोजन . .		22,00,000		—
		11,11,71,504		9,29,71,937
घटाइए : स्रोत पर काटा गया कर	1,05,96,076			92,84,187
अदा किया गया अग्रिम कर	8,44,11,252	9,50,07,328		6,49,71,993
				7,42,56,180
(iv) प्रस्तावित अधिलाभांश			1,61,64,176	1,87,15,757
			60,00,000	60,00,000
			11,50,96,303	9,46,80,516
			15,58,17,590	14,09,91,548

अनुसूची ङ

अन्य देयतायें

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) सरकार से विशेष अनुदान . . .			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	—	—	—
क्रेडिस्तांतल के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार अनुदान . . .	30,28,000		21,20,000
	30,28,000		21,20,000
घटाइए : उपयोग की गई राशि . .	30,28,000	—	21,20,000
(ii) स्टाफ कल्याण निधि :			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	4,35,452		3,64,947
घटाइए : उपयोग की गई राशि . .	27,191		29,495
	4,08,261		3,35,452
जोड़िए : लाभ-हानि लेखे से अन्तरित	50,000		1,00,000
		4,58,261	4,35,452
(iii) औद्योगिक वित्त निगम कर्मचारी भविष्य-निधि		89,23,490	75,33,170
(iv) धारा 21ख के अधीन अन्तरित ऋणों तथा अग्रिमों में अधिकार एवं हित के सम्बन्ध में देयता		7,15,82,000	9,09,38,000
		8,09,63,751	9,89,06,622

अनुसूची च

दुतरफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयतायें

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) गारंटियां [धारा 23 (1) (ख) के अधीन]		2,40,48,779	3,51,97,769
(ii) विदेशी ऋण गारंटियां [धारा 23(1) (ग) के अधीन]		3,10,09,615	4,06,02,159
(iii) मूलधन की राशि के लिए आस्थगित फ्रांसिसी ऋण		65,67,608	65,11,356
(iv) हामीदारी संविदा [धारा 23 (1) (घ) के अधीन] (पिछले वर्ष रु० 45,80,000)	22,50,000		
(v) धारा 23 (1) (घ) तथा धारा 23 (1) (च) के अधीन निवेश के रूप में अंशतः प्रदत्त शेयरों के लिए दावा न की गई राशि (पिछले वर्ष रु० 21,26,692)	52,05,538		
		6,16,46,002	8,23,11,284

अनुसूची छ

रोकड़ तथा बैंक में शेष

30 जून, 1976 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं में रोकड़ तथा स्टैम्प हाथ में		22,358	19,127
(ii) चैक हाथ में तथा वसूली के अधीन		1,33,20,302	2,40,11,112
(iii) बैंकों में शेष			
(क) चालू खाते में			
